चैत्र कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
10 मार्च 2026
वर्ष-27, अंक-37, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.
पेज 12

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 31.8° | अधिक. 32.2° |
| न्यून. 18.0° | न्यून. 19.8° |






# कैसरे हिंद की जमीन पर बनी दुकानों में गड़बड़ी मिली तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



● प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 1.33 प्रतिशत और माध्यमिक स्तर पर 3.49 प्रतिशत रह गई है

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 9 वें दिन सोमवार को नगर विकास, पर्यटन, पथ और उच्च शिक्षा विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार समावेशी बजट तैयार किया है। सदन में विपक्ष के कटौती प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए मंत्री ने कहा कि कैसरे हिंद की सरकारी जमीन है। यहां पर दुकानें नहीं बन सकती। यदि कैसरे हिंद की जमीन पर आवंटित दुकानों में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में पथ निर्माण विभाग ने 88.89 प्रतिशत, नगर विकास विभाग ने 83 प्रतिशत, उच्च शिक्षा विभाग ने 54.27 प्रतिशत, भवन निर्माण विभाग ने 85.46 प्रतिशत और पर्यटन, खेलकूद, कला-संस्कृति विभाग ने लगभग 63 प्रतिशत बजट राशि खर्च कर ली है। उन्होंने कहा कि केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास ही नहीं, बल्कि लोगों के पेट में अनाज होना भी उतना ही जरूरी है। यह बजट झारखंड के सपनों को नई उड़ान देने वाला है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने तो स्कूल बंद करने का काम किया था। लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार का शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत चीजों पर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि नेतरहाट जैसा बेहतर स्कूल को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें प्रवेश परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की गुणवत्ता का मुकाबला निजी स्कूल भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 1.33 प्रतिशत और माध्यमिक स्तर पर 3.49 प्रतिशत रह गई है। मंत्री ने बताया कि राज्य के लगभग 34 हजार स्कूलों के लिए बजट का 12 प्रतिशत खर्च किया जा रहा है। राज्य के 11 नगर निकायों में कचरा प्रोसेसिंग का काम शुरू हो चुका है और माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि विपक्ष को कटौती प्रस्ताव वापस लेना चाहिए ताकि राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही स्पीकर ने नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा सहित छह विभागों के कटौती प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए उनकी मांगें स्वीकृत कर दी। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## आईएएस-आईपीएस की ऑडियो रिकॉर्डिंग पर सरकार ने दिया जांच का आश्वासन

**रांची (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को दो शीर्ष अधिकारियों (आईएएस और आईपीएस) के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी। वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है।

मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### स्मार्ट सिटी के पास पेड़ से लटका मिला सेना के जवान का शव

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के पास सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक पेड़ से लटका युवक का शव बरामद हुआ। बाद में मृतक की पहचान सेना के जवान अमन यादव के रूप में हुई है, जो जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास के निवासी थे। अमन यादव भारतीय सेना में तैनात थे और फिलहाल दिल्ली में उनकी पोस्टिंग थी। सोमवार सुबह स्थानीय लोग जब स्मार्ट सिटी इलाके की ओर से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क किनारे एक पेड़ से लटके युवक के शव पर पड़ी। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना धुर्वा थाना पुलिस को दी।

### शहर की तीन लाख आबादी को नहीं मिला पानी, रहे परेशान

**रांची।** रांची शहर की तीन से चार लाख की आबादी को होली के पहले से ही सामान्य जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी इन इलाकों में पेयजल संकट की स्थिति रही, जिससे लोगों को परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार, बूटी में रुक्का-बूटी लाइन व हटिया लाइन में खराबी के कारण लोगों को सामान्य रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। पाइपलाइन की मरम्मत में कई दिन लगे। लेकिन, सप्लाई शुरू होने के दौरान पानी के प्रेशर से पाइपलाइन में दोबारा लीकेज हो गया। इस कारण जलापूर्ति फिर से बाधित हो गई, जिसे सोमवार देर शाम को दुरुस्त किया गया। पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 12 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक विधानसभा के बजट सत्र की दूसरी पाली के बाद होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। यह जानकारी सोमवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### महिला सशक्तिकरण का उत्सव बना राजकीय हस्तकरघा मेला, बोलीं दीपिका सिंह

# महिलाओं के बनाए उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ना सरकार का लक्ष्य

**मेले में सरकारी विभागों स्टॉल लगाए गए हैं**


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह की उपस्थिति में मोरहाबादी मैदान में राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला 2026 का उद्घाटन किया गया। यह मेला राज्य के कारीगरों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें व्यापक बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, बुनकर, कारीगर तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएँ उपस्थित रहीं। मेले में देशभर से आए कारीगरों और उद्यमियों के 650 स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ खादी, हस्तकरघा, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है। यह सरस मेला आगामी 20 दिनों तक चलेगा, जिससे लोगों को देश के विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति और शिल्प परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कुछ विदेशी स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ खादी और हस्तकला से जुड़े उत्पादों के साथ ग्रामीण उद्योगों की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले के दौरान पारंपरिक लोक नृत्य, गायन व वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका, आधुनिक फोक गायन तथा बैंड की प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी, जो मेले को सांस्कृतिक रूप से और भी जीवंत बनाएगी। इस अवसर पर जेएसएलपीएस, पलाश, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग, झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां राज्य की योजनाओं और उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा, "प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों का इस मेले में आना हमारे लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। सरकार का स्पष्ट प्रयास है कि झारखंड के पारंपरिक उद्योग, हस्तशिल्प और घरों में शेष पेज 11 पर



### मेले में देश के कोने-कोने से बुनकर और उद्यमी पहुंचे हैं



इस मेले में देश के कोने-कोने से बुनकर और उद्यमी आए हैं, लेकिन इसका मुख्य आकर्षण जेएसएलपीएस से जुड़ी हमारी सखी मंडल की बहनें हैं। यहाँ लगे 110 स्टॉल इन्हीं बहनों के हैं, जो अपने उत्पादों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध परंपरा, कला और उद्यमिता की पहचान को सामने रख रही हैं। आज ये बहनें केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं कर रहीं, बल्कि झारखंड की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा रही हैं। सरकार का संकल्प है कि इन महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण, बाजार, तकनीक और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका उद्यम और अधिक सशक्त हो और झारखंड महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरे।

**एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का बदला नियम**

## अब 25 दिन से पहले नहीं मिलेगी दूसरी रिफिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वैश्विक अस्थिरता के समय में दुनिया में बढ़ती प्राकृतिक गैस की कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए एलपीजी सिलेंडर बुकिंग की अवधि को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया। इसकी वजह जमाखोरी को रोकना है।

अमेरिका, इजरायल- ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच बाजार में घबराहट में खरीदारी के संकेत मिलने के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि देश में एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है और स्टॉक को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के उपाय के रूप में एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग का समय बढ़ा दिया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होने की आशंका से बुकिंग बढ़ने से मांग में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि औसतन परिवार एक वर्ष में 14.2 किलोग्राम के 7-8 एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते हैं और सामान्यतः उन्हें 6 सप्ताह से कम समय में सिलेंडर रिफिल कराने की आवश्यकता नहीं होती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की दरें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर होने के बावजूद फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल विपणन कंपनियां फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को वहन करेंगी। शेष पेज 11 पर



### होली में सप्लाई चेन हुआ था बाधित, गैस की कमी नहीं

**रांची।** रांची में होली के कारण सप्लाई चेन में अस्थायी व्यवधान आने से घरेलू रसोई गैस वितरण प्रभावित हुआ था। वर्तमान में स्थिति सामान्य है और गैस की कोई कमी नहीं है। जिला प्रशासन के साथ सोमवार को तेल कंपनियों के साथ हुई बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी। शेष पेज 11 पर

### रजरप्पा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मारपीट मामले में कार्रवाई

## 4 जैप जवान और 1 होमगार्ड निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर में 8 मार्च को जमशेदपुर से आए श्रद्धालुओं और पुलिस कर्मियों में हुई हाथापाई को लेकर एसपी अजय कुमार ने चार पुलिस कर्मियों आरक्षी श्याम लाल महतो, आरक्षी राधेश्याम कुजूर , आरक्षी बहादुर उरांव व आरक्षी जॉनसन सुरीन को त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया। वहीं होमगार्ड जवान सिकंदर यादव को कार्य से विमुक्त कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रजरप्पा मंदिर में 8 मार्च को जमशेदपुर से पूजा अर्चना करने आए श्रद्धालु ने निकास द्वार से पूजा के लिए मंदिर में प्रवेश की कोशिश की। जिसपर वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे रोका। जिसमें श्रद्धालु और पुलिस कर्मियों ने नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ा की दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मामले को एसपी अजय कुमार ने गंभीरता से लिया और पुलिस उपाधीक्षक त्रमुत्नसह अनुमंडल शेष पेज 11 पर

### राजस्थान में मिट्टी ढहने से 7 श्रमिकों की मौत

**अलवर/ भिवाड़ी।** भिवाड़ी के जिला अस्पताल में एंबुलेंस से एक साथ 7 शव पहुंचने से हड़कंप मच गया। अचानक इतने शव अस्पताल पहुंचने से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि ये शव भिवाड़ी के एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, भिवाड़ी से सटे हरियाणा क्षेत्र में श्रमिक एक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि कापड़ीवास मोड़ के पास मिट्टी ढहने से यह बड़ा हादसा हुआ। इस घटना में कई मजदूर मलबे में दब गए। फिलहाल 7 शव जिला अस्पताल लाए गए हैं।

## मुजतबा खामेनेई बने ईरान के सुप्रीम लीडर

**तेहरान(आईएएनएस)**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के बाद देश को उसका नया नेता मिल गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने जानकारी दी है कि मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति 'गरिमा और ताकत के नए युग' की शुरुआत है।

अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, मसूद पेजेश्कियान ने ईरानी असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स द्वारा नए सुप्रीम लीडर के चुनाव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति देश के लिए "गरिमा और ताकत के नए युग" की शुरुआत है।



**ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने जानकारी दी**

फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पेजेश्कियान ने एक बयान में कहा, "यह अहम चुनाव इस्लामिक देश की राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की इच्छा का सबूत है; एक ऐसी एकता जिसने, एक मजबूत रुकावट की तरह, ईरान को दुश्मनों की साजिशों का जवाब करने लायक बनाया है। मोजतबा ईरान की सिक्योरिटी फोर्स में असर रखने वाली शख्सियत हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वे अपने पिता अयातुल्लाह खामेनेई के नेतृत्व में बड़े बिजनेस नेटवर्क का संचालन करते थे। उन्हें रविवार को होने वाले वोट से पहले विशेषज्ञों की असेंबली ने सबसे आगे माना था। बता दें, असेंबली 88 मौलवियों की एक बॉडी है जिसे अली खामेनेई का वारिस चुनने का काम सौंपा गया। शेष पेज 11 पर

**सहमति**

### भारत की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा के लक्ष्य को भी मिलेगी मदद

# भारत यूरोपीय संघ के लिए बना रणनीतिक साझेदार

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**





भारत के जर्मनी और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ संबंध अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि वे रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हो गए हैं, जिसमें अर्थव्यवस्था, तकनीक और इंडो-पैसिफिक (हिंद प्रशांत) क्षेत्र की स्थिरता जैसे मुद्दे भी शामिल हो गए हैं। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, हाल के वर्षों में जर्मनी, फ्रांस, इटली, फिनलैंड और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ उच्च स्तरीय बैठकों और नए समझौतों ने यूरोप को भारत के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के बाद दूसरा बड़ा रणनीतिक क्षेत्र बना दिया है। पहले भारत और यूरोप के रिश्ते मुख्य रूप से व्यापार, सहायता और प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों तक सीमित थे, लेकिन अब यह संबंध तकनीकी सप्लाई चेन, रक्षा उत्पादन, स्वच्छ ऊर्जा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संयुक्त सहयोग तक फैल गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में ब्रसेल्स ने भारत को वैश्विक स्थिरता बनाए रखने वाला महत्वपूर्ण देश और 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज के रूप में देखना शुरू किया है। इसका उदाहरण फरवरी 2025 में यूरोपीय आयोग के आयुक्तों के समूह का भारत दौरा है, जो पहली बार हुआ था। इसके साथ ही यूरोप के कई बड़े देशों ने भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत किया है। शेष पेज 11 पर

### इंडो-पैसिफिक में भारत को अहम साझेदार मान रहा जर्मनी

रिपोर्ट के अनुसार, इससे एक ऐसा ढांचा तैयार हो रहा है जिसमें यूरोपीय संघ के स्तर पर व्यापार, डिजिटल और कनेक्टिविटी सहयोग और सदस्य देशों के स्तर पर रक्षा, उद्योग और तकनीकी सहयोग शामिल हैं। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा के लक्ष्य को भी मदद मिलती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जर्मनी और भारत के संबंध पहले से आर्थिक सहयोग पर आधारित थे, लेकिन अब यह साझेदारी रणनीतिक उद्योग और हरित ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में बढ़ रही है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के जनवरी 2026 में भारत दौरे को इस बात का संकेत माना गया कि जर्मनी अब भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक प्रमुख साझेदार के रूप में देखता है, न कि केवल एक उभरते हुए बाजार के रूप में। भारत के लिए जर्मनी की पूंजी और तकनीक चीन पर निर्भर सप्लाई चेन के जोखिम को कम करने और देश में मैन्युफैक्चरिंग तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। वहीं, जर्मनी के लिए भारत एक बड़ा बाजार है और इससे चीन पर अधिक निर्भरता कम करने का विकल्प भी मिलता है। इसके साथ ही यह जर्मनी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपनी रणनीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण साझेदार भी प्रदान करता है।

## सीएम ने राज्यपाल को विकास योजनाओं ने कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस तथा यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख नीतियों तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए शेष पेज 11 पर

# रांची में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए व्यापार मेला शुरू

- दो दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का आयोजन मारवाड़ी भवन में
- कारीगरों से ऑनलाइन मार्केटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग सीखने पर दिया जोर



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एमएसएई डेवलपमेंट ऑफिस रांची की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का आयोजन 9 से 10 मार्च तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के विश्वकर्मा कारीगरों और शिल्पकारों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए मार्केटिंग सपोर्ट उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन इंद्रजीत यादव, संतोष कुमार सिन्हा, राजीव रंजन सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना गुड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्य और रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मेला स्थानीय कारीगरों को अपने पारंपरिक शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ उद्यमिता को बढ़ावा देने और बाजार से जुड़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए यह आयोजन सराहनीय पहल है। इससे स्थानीय शिल्पकारों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बाजार तक पहुंच बनाने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से इस मेले का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में बैद्यनाथ हेंब्रम तथा आनंद गोथी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक इंद्रजीत यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत 17 सितंबर 2023 को नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कारीगरों से ऑनलाइन मार्केटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग सीखने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के माध्यम से उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग, लेबलिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग की जानकारी दी। साथ ही जेम पोर्टल पर पंजीकरण और उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर आईपीपीबी रांची के प्रबंधक द्वारा पीएम विश्वकर्मा लाभुकों को यूपीआई क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराया गया, जिससे डिजिटल लेनदेन में सुविधा होगी।

कार्यक्रम के अंत में सुरेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मेले में झारखंड के करीब 100 शिल्पकार और कारीगर अपने उत्पादों के साथ विभिन्न स्टॉलों में हिस्सा ले रहे हैं। आयोजकों ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्थानीय कारीगरों के हुनर को प्रोत्साहित करने की अपील की है।

### सीएम से विस की महिला सदस्यों ने की मुलाकात

## सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए है प्रयासरत : हेमंत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव साझा किए।

### सीएम से मिले पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री को विभाग के आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की प्रति भेंट की। प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभागीय कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन, तथा वर्ष 2026-27 के लिए तैयार की गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया।

### फार्मा सही दाम ऐप पर जागरूकता कार्यक्रम

## दवाईयां मिले सही कीमत पर : अजय

- नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया गया
- कोई भी दवा कंपनी सरकार के तय कीमत से अधिक दाम पर दवा नहीं बेच सकती : अमन भारती

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के आईपीएच सभागार में सोमवार को "द ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 एवं फार्मा सही दाम ऐप" विषय पर राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट द्वारा नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह थे।


अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य की गरीब और ग्रामीण जनता को दवाइयों की सही कीमत के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि फार्मेसी के छात्र-छात्राओं और केमिस्ट-ड्रगिस्ट संगठनों का सहयोग लिया जाए तो ऐसे जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती ने दवाओं के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा कंपनी सरकार द्वारा तय कीमत से अधिक दाम पर दवा नहीं बेच सकती। यदि कोई कंपनी ऐसा करती है तो उससे ओवरचार्ज की गई राशि की वसूली की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने "फार्मा सही दाम" मोबाइल ऐप की उपयोगिता के बारे में बताया। लोगों से अपील की गई कि वे इस ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें, जिससे किसी भी दवा की सही कीमत की जानकारी तुरंत मिल सके।

कार्यक्रम में एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, डायरेक्टर-इन-चीफ डॉ। सिद्धार्थ सान्याल, उप निदेशक डॉ सुजीत कुमार, कुमार रजनीश सिंह, सहायक निदेशक राम कुमार झा और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गुलाम रब्बानी समेत कई अधिकारियों ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सदस्य, फार्मेसी कॉलेजों के विद्यार्थी और औषधि नियंत्रण निदेशालय के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।




### लोगों को दवाओं की सही कीमत की जानकारी मिल सके : ऋतु सहाय

निदेशक (औषधि) ऋतु सहाय ने झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट के कार्यों और राज्य में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेपीएमआरयू के तहत कई जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं ताकि लोगों को दवाओं की सही कीमत की जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि मार्केट सर्वे के दौरान लगभग 600 दवाइयों में ओवर प्राइसिंग के मामले सामने आए हैं, जिनकी रिपोर्ट एनपीपीए को भेज दी गई है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

### भाजपा विधायक दल की बैठक, बोले नवीन जायसवाल

## राज्य की स्थिति को विधानसभा के अंदर व बाहर मजबूती से उठाएंगे



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नेता विधायक बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित थे। बैठक में सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, सत्येंद्र नाथ तिवारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, अमित कुमार यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, डॉ शशिभूषण मेहता, नागेंद्र महतो, रोशन लाल चौधरी, कुमार उज्जवल, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, शत्रुघन महतो, मंजू कुमारी उपस्थित थे। विधायक दल की बैठक के उपरांत विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र आहूत होने के समय सभी जनप्रतिनिधि नगर निकाय चुनाव में व्यस्त थे तथा उसके बाद होली पर्व के कारण भी व्यस्तता रही। आज सभी विधायकों की बैठक में राज्य की वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार के सवा वर्ष के कार्यकाल में राज्य में जो हालात उत्पन्न हुए हैं, उस पर सभी विधायकों ने बिंदुवार चर्चा की। झारखंड की स्थिति को विधानसभा के अंदर और बाहर मजबूती के साथ उठाया जाएगा। यदि पार्टी को संघर्ष करना पड़ा तो संघर्ष भी किया जाएगा। बैठक में विधायकों ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और नौकरशाही हावी हो गई है। जनप्रतिनिधियों की बात सुनने वाला कोई नहीं है। आम जनता परेशान है और अपनी शिकायतें लेकर आती है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

बैठक में राज्य में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल संकट, बिजली की समस्या, किसानों से धान की खरीद में हो रही देरी, बालू की किल्लत, कोयले की लूट, तथा बिना पैसे दिए सरकारी काम नहीं होने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। साथ ही युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़, जेटीईटी परीक्षा से जुड़े मुद्दे, तथा कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विधायकों ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। हत्या, लूट और रंगदारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और व्यापारी वर्ग भयभीत है। आम लोग डर के कारण घर से बाहर निकलने में भी असहज महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि यह सरकार है या सर्कस। कल से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में सभी विधायक एक स्वर में इन मुद्दों को जोरदार तरीके से सदन में उठाएंगे और जनता की आवाज बुलंद करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान सचेतक सह बगोदर के विधायक नागेंद्र महतो एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक भी उपस्थित थे।

### युवक की आत्महत्या मामले में मोबाइल नंबर धारक पर केस

**रांची।** पंडरा शांति नगर के रहने वाले राहुल कच्छप की आत्महत्या के मामले में फोन नंबरधारक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक के भाई रौशन कच्छप की ओर से पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें आरोप लगाया है कि उनके छोटे भाई राहुल आत्महत्या करने से पहले किसी से फोन पर बात करते हुए अपनी जान दी है। दावा किया है कि फोन नंबर धारक के उकसाने की वजह से ही उसके भाई ने जान दी है। रौशन ने पुलिस को बताया कि उनका भाई रंग-रोगन का काम किया करता था। काम करने के लिए 22 फरवरी को घर से निकला। लेकिन, कुछ ही देर में वह वापस घर आ गया। उस वक्त उसकी भाभी घर पर ही थी।

### निगम कर्मी के खाते से एक लाख उड़ाए

**रांची।** रांची नगर निगम में कार्यरत संदीप गोप के खाते से साइबर अपराधियों ने करीब एक लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली है। इस संबंध में संदीप गोप ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। संदीप ने पुलिस को बताया कि दो मार्च को उनके खाते से अचानक एक लाख रुपए किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। जबकि, उन्होंने न तो किसी को खाते की जानकारी दी और न ही ओटीपी। मामले की जानकारी मिलने के बाद वह साइबर क्राइम थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### रेस्टोरेंट फायरिंग मामले पर डीजीपी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

## अपराधियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** डीजीपी तदाशा मिश्र की अध्यक्षता में झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटियातू स्थित टीटॉस रेस्टोरेंट में हुई घटना को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक के दौरान डीजीपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मामले में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों को जांच की गति तेज करने और सभी पहलुओं पर गहनता से काम करने को कहा गया, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जा सके। बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के अतिरिक्त मनोज कौशिक, अपर पुलिस महानिदेशक राकेश रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा, पुलिस अधीक्षक, एटीएस पारस राणा, पुलिस अधीक्षक (सिटी) एंव थाना प्रभारी एयरपोर्ट रांची उपस्थित रहें।

### प्रो. सुभाष मिश्रा के निधन पर शोक, शिक्षाविद् और समाजसेवी को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** पलामू क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद् और समाजसेवी श्रद्धेय प्रो. सुभाष मिश्रा के निधन से शैक्षणिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर है। उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें प्रेरणापुंज और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सामाजिक कार्यकर्ता आलोक तुलस्यान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. सुभाष मिश्रा का जाना अत्यंत दुखद है। उनके बिना पलामू में वसंत भी मानो बिना खुशबू के बीतेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि परमात्मा उन्हें परम पद प्रदान करें। साथ ही उन्होंने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. मिश्रा के योगदान और उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को लोग लंबे समय तक याद करते रहेंगे।

### कार्रवाई | सदर थाना में पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक

## पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने व अपराधियों पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के तत्वावधान में सोमवार को सदर थाना में पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के व्यवसायियों ने अपने क्षेत्र की समस्या एवं सुझावों से थाना प्रभारी को अवगत कराया। व्यवसायियों द्वारा मुख्य रूप से बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की गई। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया तथा व्यवसायियों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।

चर्चा के क्रम में थाना क्षेत्र के व्यापारियों और थाना के पदाधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप का गठन करने का निर्णय लिया गया ताकि किसी भी समस्या या सूचना का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने क्षेत्र के चौक-चौराहों, सड़कों के किनारे तथा दुकानों के बाहर नशेड़ियों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया तथा कई क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। व्यवसायियों ने बताया कि कोकर डिस्टिलरी पुल पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बैठक के दौरान एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने के मामले में थाना स्तर पर कार्रवाई में हो रही देरी पर भी सदस्यों ने आपत्ति जताई और त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि वर्तमान में थाना स्तर पर दो पीसीआर पूरी तरह सक्रिय हैं। किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर पर डायल करने पर निकटतम पीसीआर तुरंत सहायता के लिए पहुंच जाएगी।

लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि चैंबर द्वारा इस बैठक का उद्देश्य व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित करना है। ऐसी बैठकों से समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है। चैंबर भविष्य में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऐसी बैठकों का आयोजन करता रहेगा, ताकि व्यापारियों की सुरक्षा और व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाया जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### सरना समिति ने सीएम को दिया आमंत्रण



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति, कांके के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा परिसर में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी सरहुल पूजा की 47वीं वर्ष पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित झारखंड स्तरीय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम 19 मार्च दिन गुरुवार को सरना मैदान, कांके में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, सचिव सूरज टोप्पो, संरक्षक सुमित टोप्पो, फूलमनी टोप्पो, मोहन उरांव, पेपला पहान, गुड़िया टोप्पो एवं मनीष कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप एवं सुरेश कुमार बैठा भी मौजूद रहे।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों की हुई आईएएस में पदोन्नति




**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति दी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 9 मार्च 2026 को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा भर्ती नियम 1954 और पदोन्नति विनियम 1955 के तहत झारखंड राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों को वर्ष 2024 की चयन सूची के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को प्रोबेशन पर नियुक्त करते हुए झारखंड कैडर में ही पदस्थापित किया जाएगा। भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में दिलेश्वर महतो, इश्तेयाक अहमद, विद्या नंद शर्मा पंकज, संगीता लाल, रॉबिन टोप्पो, नयन तारा केरकेट्टा, अरुण कुमार सिंह, आलोक शिकारी कच्छप, अनिलसन लकड़ा, नगेंद्र पासवान, सुबोध कुमार, आसिफ एकराम, नीरज कुमार सिंह, जुल्फिकार अली और अर्चना मेहता शामिल है। केंद्र सरकार के इस निर्णय के बाद राज्य प्रशासनिक सेवा के इन अधिकारियों को अब भारतीय प्रशासनिक सेवा में जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा। इससे राज्य के प्रशासनिक तंत्र को और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिवराज सिंह चौहान से मिले संजय सेठ



**रांची।** भारत सरकार में ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात किया। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में विकास भारती के द्वारा विशुनपुर में होने वाले किसान सम्मेलन के लिए उन्हें आमंत्रित किया। इस दौरान शिवराज सिंह रांची में भी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

### प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने पलामू जिला के सुविख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि स्व मिश्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इन्होंने वर्षों तक संघ परिवार के विभिन्न संगठनों ,विद्यार्थी परिषद से जुड़कर समाज की सेवा की। युवाओं को प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन किया। कहा कि स्व मिश्र संयुक्त बिहार में पलामू जिला भाजपा महामंत्री के रूप में पार्टी की सेवा की। कहा कि स्व मिश्र का निधन झारखंड केलिए अपूरणीय क्षति है। श्री साहू ने दिवंगत आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की।ईश्वर परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें।

### हिंदू आस्था पर लगातार हो रहे हमले : आदित्य



**रांची।** रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं पर लाठी बरसाने वाले पुलिस कर्मियों की हो बर्खास्तगी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू ने आज हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री साहू ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा करने गए माता के भक्तों, पर पुलिस कर्मियों द्वारा हुए बर्बर लाठीचार्ज पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों से हेमंत सरकार ने हिंदुओं की आस्था,पर्व त्यौहार,पूजा पाठ में पुलिस प्रशासन द्वारा बाधा पहुंचाई जा रही। विगत वर्ष तो सरहुल पूजा की शोभा यात्रा को भी पुलिस कर्मियों ने नहीं बख्शा था। कहा कि दशहरा,रामनवमी ,शिवरात्रि में भी कभी मूर्ति छोटा करने,कभी झंडा छोटा करने कभी शोभा यात्रा का मार्ग बदलने जैसे राज्य सरकार के निर्णयों ने पुलिस प्रशासन के मनोबल को हिंदू सनातन विरोधी बना दिया है। उन्होंने कहा कि आखिर रजरप्पा में आखिर क्यों निहत्थे श्रद्धालुओं पर लाठियां बरसाई गईं। महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। श्री साहू ने पूछा कि क्या ये श्रद्धालु कोई आतंकवादी थे, कोई चोर डकैत अपराधी थे? ऐसी लाठियां तो अपराधियों पर ही बरसाई जाती है। कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि अपराधियों गुंडों,बदमाशों के सामने राज्य पुलिस शरणागत बनी रहती है और आम आदमी को प्रताड़ित करती है। कोयला,बालू पत्थर की चोरी करने वालों पर लाठियां क्यों नहीं बरसाई जाती। कहा कि विगत दिनों मधुपुर में मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए दलितों पर हुए हमले में पुलिस क्यों मूकदर्शक बनी रही। वहां दोषियों पर लाठियां क्यों नहीं बरसाई गई। सरकार का दोहरा चरित्र झारखंड की जनता देख रही।

### रजरप्पा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन इसे हिंदू विरोधी कहना गलत : कांग्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी के पास जनसरोकार के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है, इसलिए वे हर छोटी-बड़ी घटना को हिंदू आस्था से जोड़कर राज्य का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता जिस मामले की बात कर रहे, उसमें तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जा चुका है और दो गृह रक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि रजरप्पा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसे हिंदू विरोध का रंग देना सरासर गलत है। इस मामले में जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।पुलिस प्रशासन का उद्देश्य केवल भीड़ को नियंत्रित करना और व्यवस्था बनाए रखना होता है। अगर कहीं किसी पुलिसकर्मी ने मर्यादा लांघी है, तो सरकार उसकी जांच कराएगी, लेकिन भाजपा इसे सांप्रदायिक चश्मे से न देखे। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा नेताओं को यह समझना चाहिए कि हेमंत सरकार में सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान सुरक्षित है। सरहुल हो, रामनवमी हो या दुर्गा पूजा—राज्य सरकार ने हमेशा भव्य और शांतिपूर्ण आयोजनों के लिए संसाधन उपलब्ध कराए हैं। भाजपा का यह आरोप कि सरकार सनातन विरोधी है, उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने सवाल किया कि जब भाजपा शासित राज्यों में श्रद्धालुओं पर लाठियां चलती हैं या प्रशासनिक सख्ती होती है, तब आदित्य साहू चुप क्यों रहते हैं? झारखंड में अपराधियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार कड़ा रुख अपना रही है, जिससे भाजपा विचलित है।

### रांची जिला प्रशासन ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

# हमारा प्रयास है रांची की सड़कें सुरक्षित प्रदूषण मुक्त व सुव्यवस्थित रहे : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के सख्त निर्देशों के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में सोमवार को तुपुदाना, दलादली, रातु, रिंग रोड एवं कांके क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वाहन दस्तावेज़ जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत करने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, ओवरलोडिंग रोकने, प्रदूषण नियंत्रण तथा अवैध परिवहन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

राँची शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते यातायात घनत्व, दुर्घटनाओं की संभावना तथा नियमों की अनदेखी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर ऐसे सघन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। उपायुक्त राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने हाल ही में सड़क सुरक्षा माह एवं अन्य यातायात संबंधी बैठकों में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई ढील नहीं बरती जाएगी। यह जांच अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान तुपुदाना, दलादली, रातु, रिंग रोड एवं कांके (ये सभी व्यस्त यातायात मार्ग एवं आवासीय/व्यावसायिक क्षेत्र हैं जहां ट्रक, टिप्पर, बस, ऑटो-रिक्शा, टैक्सी एवं निजी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है)। जांच किए गए वाहन - कुल लगभग 176 विभिन्न प्रकार के वाहन (भारी वाहन, यात्री वाहन, व्यावसायिक एवं निजी) की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल उल्लंघन करने वाले वाले 15 वाहन (कागजात अपूर्ण, अमान्य या अनुपस्थित होने के कारण) कुल 3,61,751 (तीन लाख इकहत्तर हजार सात सौ इक्यावन रुपये) अधिरोपित दंड विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालान जारी किए गए। जाँच के दौरान 02 वाहनों को जप्त किया गया। जिसमें 01 वाहन — रातु थाना में जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया है एवं 01 वाहन — कांके थाना में जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया है। जप्त वाहनों को संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सड़कें सभी की साझा संपत्ति हैं। नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए भी अनिवार्य है। हमारा प्रयास है कि राँची की सड़कें सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त एवं सुव्यवस्थित रहें। ऐसे अभियान नियमित एवं आकस्मिक रूप से जारी रहेंगे।

### ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

## सिमलिया क्षेत्र के कई बैंक्वेट हॉल का किया निरीक्षण



● एसडीओ के नेतृत्व में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**रांची।** रातू के सिमलिया क्षेत्र स्थित पांच बैंक्वेट हॉल में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने एवं ध्वनि प्रदूषण से संबंधित मिल रही शिकायतों के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार रजत के नेतृत्व में स्थानीय थाना प्रभारी तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा सिमलिया स्थित विभिन्न बैंक्वेट हॉल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दुल्हन बैंक्वेट हॉल में किसी प्रकार का कार्यक्रम संचालित नहीं पाया गया। वहीं विवाह बैंक्वेट हॉल में एक कार्यक्रम चल रहा था, परंतु वहां किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त फोकस बैंक्वेट हॉल में भी कोई कार्यक्रम संचालित नहीं था। जांच के दौरान सभी बैंक्वेट हॉल के मालिकों एवं प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे रात्रि 10 बजे के बाद डीजे या उच्च ध्वनि में संगीत का उपयोग नहीं करेंगे तथा माननीय उच्च न्यायालय एवं ध्वनि प्रदूषण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधितों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलाप्रशासन की आम नागरिकों से भी अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करते हुए आयोजनों का संचालन करें, ताकि आम जनजीवन प्रभावित न हो।

## श्री हनुमान मंडल का एक दिवसीय 48 वां वार्षिक महोत्सव 29 मार्च को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● श्री बालाजी का भव्य दरबार, झांकी और फूलों से विशेष श्रृंगार के दर्शन होंगे

● दोपहर में भक्तों द्वारा बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा

रांची की धार्मिक व सामाजिक संस्था श्री हनुमान मंडल, रांची का एक दिवसीय 48 वा वार्षिक महोत्सव 29 मार्च को श्री राणी सती मंदिर परिसर, रातू रोड के हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन के सभागार में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा ।

श्री हनुमान मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया व मंत्री श्रवण अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह महोत्सव एक दिवसीय होगा जो प्रातः 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सत्संग भवन के सभागार में मनाया जाएगा।

प्रातः 7:00 बजे मुख्य यजमान के द्वारा श्री गणेश पूजन के साथ महोत्सव की शुरुआत की जाएगी। साथ ही प्रातः 8:00 बजे श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। प्रातः 8:30 बजे से सुरेश बजाज के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ सैकड़ो हनुमान जी के भक्तों के साथ सामूहिक रूप में किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री बाला जी का भव्य दरबार, नैनाभिरामझांकी फूलों के अलौकिक श्रृंगार के साथ का आप दर्शन कर सकेंगे।

दोपहर में श्री बाला जी के भक्तों के द्वारा छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा ।

साथ ही रांची की धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, श्री श्याम परिवार और श्री दुर्गा जागरण मंडली, रातू रोड के भक्तों द्वारा भजनों की गंगा प्रवाह की जाएगी। इस उपलक्ष्य पर दिल्ली से पधारी भावना स्वराज एवं बरेली के डी के राजा जो भजनों के सम्राट माने जाते है उनके द्वारा श्री बालाजी के भजनों की अमृत वर्षा का लाभ आप ले सकेंगे । जो रात्रि तक चलेगा ,रात्रि 9:00 बजे महाआरती के संग प्रसाद का वितरण भी सामूहिक रूप से किया जाएगा।

आयोजन को सफल बनाने के लिए मंडल के कई सदस्य दिन-रात लगे हुए हैं।

प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया ने बताया की जो लोग भी बाबा को छप्पन भोग अर्पित करना चाहते हैं। सज्जन पाड़िया एवम श्रवण अग्रवाल से संपर्क कर अपना नाम लिखवा सकते हैं । महोत्सव संयोजक नवल टिबड़ेवाल ने बताया 29 मार्च को प्रातः 8:30 बजे से सुंदरकांड पाठ के वाचक सुरेश बजाज के सानिध्य में होने वाले सामूहिक पाठ में जो भी धर्म प्रेमी भाग लेना चाहते हैं वह सुंदरकांड पाठ का कूपन अवश्य प्राप्त कर ले। अध्यक्ष सजन पड़िया, मंत्री श्रवण अग्रवाल व प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया ने वार्षिक महोत्सव में सभी धर्म प्रेमियों को सपरिवार आमंत्रित किया है। उन्होंने अपील की है एक दिवसीय वार्षिक महोत्सव के सारे कार्यक्रमों में भाग लेकर आप पुण्य अर्जित करने का कार्य करें। महोत्सव को सफल बनाने में सज्जन पाड़िया, श्रवण अग्रवाल ,नवल टिबड़ेवाल, निर्मल बुधीया ,शिव कुमार भावसिंहका ,रमन बगड़िया, प्रवीण मोदी ,विजय खोवाल, निरंजन केडिया, नरेंद्र डीडवानिया ,रवि भारद्वाज, अरुण बाजोरिया सहित काफी संख्या में सदस्य लगे हुए है।

## बीआईटी मेसरा ने 'अपूर्व ड्रामजेस्ट 26' होस्ट किया

● 100 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बिरला प्रौद्योगिकी संसथान (बीआईटी), मेसरा की एहसास ड्रामेटिक्स सोसाइटी ने इंस्टीट्यूट के कैट हॉल में अपूर्व ड्रामज़ेस्ट '26 ऑर्गनाइज़ किया। यह तीन दिन का थिएटर फेस्टिवल हर साल एहसास के पूर्व प्रेसिडेंट, श्री अपूर्व सिंह की याद में होता है। इस इवेंट में 100 से ज़्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पाँच टीमें बनाईं, बैडी बबीता, बेरहम अहम, खट्टी अंगूरी, किलविश सेना और सैसी गोपी, जिन्होंने स्टैंड-अप कॉमेडी, मोनो एक्ट्स, माइम, स्टेज प्ले, म्यूज़िकल स्किट और शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग जैसे थिएटर फॉर्मेट में मुकाबला किया। इस इवेंट को एहसास ड्रामेटिक्स सोसाइटी के मेंबर्स ने इंस्टिट्यूट की सांस्कृतिक समिति के समन्वय से सम्पन्न किया। टीम की परफॉर्मेंस को जजों के एक जाने-माने पैनल ने जांचा, जिसमें मिस्टर श्रीजन निधि, मिस प्रज्ञा सिंह और मिस्टर शिवम कुमार झा शामिल थे, जिन्होंने एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और ओवरऑल प्रेजेंटेशन के आधार पर टीमों को परखा। हर टीम ने फेस्टिवल के दौरान कई फॉर्मेट में हिस्सा लिया। टीम बेरहम अहम ने एक स्टैंड-अप कॉमेडी एक्ट के साथ इवेंट की शुरुआत की और बाद में हंसेल और ग्रेटेल की कहानी पर आधारित एक माइम पेश किया, इसके अलावा आखिरी दिन एक मोनोएक्ट और एक स्टेज प्ले भी किया। टीम बैडी बबीता ने महाभारत से प्रेरित एक मोनोएक्ट किया, एक म्यूजिकल स्किट किया, एक स्टैंड-अप सेगमेंट पेश किया, और कॉम्पिटिशन के हिस्से के तौर पर एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई। टीम किलविश सेना ने लाइफ ऑफ ए गार्ड नाम की एक शॉर्ट फिल्म दिखाई, एक माइम एक्ट पेश किया, एक स्टेज प्ले किया, और एक स्टैंड-अप परफॉर्मेंस और आखिरी स्किट भी पेश किया। टीम खट्टी अंगूरी ने एक शॉर्ट फिल्म प्रेजेंटेशन, माइम और मोनोएक्ट परफॉर्मेंस के ज़रिए योगदान दिया और रक्तजवाला नाटक का मंचन किया। टीम सैसी गोपी ने एक मोनोएक्ट, एक स्टैंड-अप कॉमेडी परफॉर्मेंस, एक माइम एक्ट, एक शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग और एक स्किट में हिस्सा लिया।

## आईसीएआर नामकुम में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी आयोजित

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 08 और 09 मार्च को आईसीएआर, नामकुम (रांची) में किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं, जबकि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न जिलों से आए किसानों, महिला समूहों और कृषि आधारित उद्यमों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में खूंटी जिले के बीएमएमयू तोरपा की ओर से ब्रांड 'पलाश' के अंतर्गत संचालित दीदी बेकरी यूनिट का भी एक स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में मडुवा (रागी) से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई, जिनमें निमकी, केक, सेब कुकीज़, फ्रूट केक सहित अन्य खाद्य उत्पाद शामिल थे।

## हुनरमंद महिलाएं हुईं सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर रोशनी खलखो,भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शंभू प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.आभा सिन्हा, अवकाश प्राप्त प्रधान जिला न्यायाधीश वीणा मिश्रा, डॉक्टर पंपा सेन विश्वास,किशोर शर्मा, प्रिंसिपल सरला बिरला स्कूल मनीषा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समाज सेविका श्रेयसी मिश्रा, पूजा, डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद, बिजनेस वूमेन स्मृति चौधरी, समाजसेविका (धनबाद)प्रीति रीना, नीलम देवी, समाजसेवी (बोकारो) ज्योति डे सहित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की कुछ महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

### आज / कल




## महिला दिवस पर रांची रेल मंडल ने 20 महिला कर्मियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को रेलवे ऑफिसर्स क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केएन सिंह की मुख्य उपस्थिति में विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर परबी राजेश्वरी, यशा सिंह, सरोजिनी लाकड़ा, सीमा सिंह, अजिता रानी और हेमराज मीना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया, जबकि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह ने शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक के.एन. सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। भारतीय रेल में भी महिला कर्मियों की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है और वे विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रांची मंडल की महिला कर्मियों ने अपने कार्य से संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा महिला कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विचार व्यक्त किए गए।

## महिला प्लेसमेंट ड्राइव पखवाड़ा की शुरुआत, कौशल और रोजगार पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर "गिव टू गेन स्वाभिमान हुनरमंद महिला, आत्मनिर्भर परिवार, समृद्ध समाज" थीम के साथ महिला प्लेसमेंट ड्राइव पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 8 से 14 मार्च तक विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वास्थ्य जागरूकता, वित्तीय साक्षरता तथा रोजगार से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षित महिला अभ्यर्थियों को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

कार्यक्रम के तहत महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं कार्यस्थल जागरूकता सत्र, स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर, हेल्थ चेक-अप कैंप, सांस्कृतिक गतिविधियां, महिला उद्यमिता एवं स्टार एलुमनी संवाद, वित्तीय साक्षरता दिवस, उद्योग संवाद तथा महिला केंद्रित प्लेसमेंट अभियान आयोजित किए जाएंगे। पखवाड़े के समापन अवसर पर एक समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने महिला प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास महिलाओं के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और कौशल से जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर सकें।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।इस मौके पर त्र्यंबक शरण ने कहा कि महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। संस्थान प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें बेहतर रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।कार्यक्रम में अमित कुमार विजय, त्र्यंबक शरण, केंद्र प्रबंधक रोहित सिंह सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी और प्रशिक्षु उपस्थित थे।




# बसकी गांव के पास तीन जंगली हाथियों के पहुंचने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता**

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र के बसकी गांव में सोमवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने ब्राम्बे और बसकी गांव के बीच बहने वाली छोटका नदी के समीप तीन जंगली हाथियों को देखा। बताया जा रहा है कि ये हाथी अपने झुंड से बिछड़कर बसकी गांव के पास नाले के किनारे डेरा जमाए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जिस स्थान पर हाथी मौजूद हैं वहां एक व्यक्ति का घर भी है। घर के मालिक ने जब हाथियों को देखा तो वह डर के कारण घर छोड़कर गांव की ओर भाग गया और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता रामबालक ठाकुर ने गांव पहुंचकर लोगों से सतर्क रहने और हाथियों के पास नहीं जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हाथियों के साथ छेड़छाड़ न करे और सावधानी बरते।

हाथियों के आने से बसकी गांव और आसपास के इलाके के लोग दहशत में हैं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों झारखंड के विभिन्न जिलों और गांवों में हाथियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं।

हाथियों के हमले में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई एकड़ फसल भी रौंदकर नष्ट कर दी गई है। हालांकि इसकी सुचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची साथ ही ग्रामीणों को राहत की समाग्री टोर्च और पटाखे उपलब्ध कराए गए । साथ ही हाथियों को गांव से वापस जंगल की ओर भेजनें के ऊपई भी किए जा रही है।

### महिला उद्यमिता उप समिति की बैठक

## हस्तशिल्प से जुड़ी महिलाओं व युवाओं को बाजार से जोड़ा जाएगा

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला उद्यमिता उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में संपन्न हुई। बैठक में 25 से अधिक महिला एवं युवा उद्यमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कला, स्किल और हस्तशिल्प से जुड़े महिलाओं एवं युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने तथा उन्हें मार्केट अवेयरनेस प्रदान करने पर केंद्रित रहा। यह निर्णय लिया गया कि महिलाओं और युवाओं के कौशल को विकसित करने के लिए नियमित रूप से स्किल आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि वे अपने हुनर को और अधिक सशक्त बनाकर रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर प्राप्त कर सकें। राज्य में पारंपरिक कला और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा, मंच और बाजार उपलब्ध कराने की है। चैंबर इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और ऐसे व्यवसायों को आगे बढ़ाने में सहयोग करता रहा है। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रवीण कर्माकर फाउंडर (इन आर्ट वर्ल्ड), ह्यूमन राइट्स मिशन की वाईस प्रेसिडेंट सोहिनी राय, मलय कुमार (सेल्स हेड, एक्सेल हॉलीडेज) तथा अर्चना श्रीवास्तव (ब्रांड एंबेसडर, फॉर्च्यून आर्ट गैलरी) उपस्थित रहे।

### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में फैसला

## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र अब 19 की जगह 18 को होगा समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र अब 19 मार्च के बजाय एक दिन पहले यानी 18 को ही समाप्त हो जायेगा। बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने इसकी औपचारिक रुप से सदन में घोषणा की। इससे पहले विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें शनिवार 14 मार्च को सदन की कार्यवाही संचालित करने के अलावे 19 मार्च के बजाय 18 मार्च को ही बजट सत्र का समापन करने का निर्णय लिया गया।

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो की मौजूदगी में हुई कार्यमंत्रणा समिति की इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई विधायक मौजूद थे।

## पिठोरिया में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत



**पिठोरिया।** सोमवार को पिठोरिया थाना से महज 200 मीटर की दूरी द्वारसिनी मंदिर के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन ने एक बाइक (JH01GE 0943) को टक्कर मार दी। इस घटना में इचापिड़ी पंचायत के नया टोली निवासी अरमान अंसारी उम्र लगभग 17 वर्ष की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई और वहीं दूसरा आदिल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पिठौरिया से राड़हा जाने के लिए निकले थे, तभी यह हादसा हुआ । घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को अस्पताल भेज दिया गया था। अस्पताल मे डॉक्टर ने अरमान अंसारी की मौत की पुष्टि की, घटना के बाद पूरे क्षेत्र मे शोक की लहर है, विधायक सुरेश बैठा को भी सदन के दौरान इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों से फोन पर बातचीत कर मामले की जानकारी ली और सांत्वना व्यक्त किया।

## अखिल राजपूताना कल्याण न्यास का सम्मान समारोह में पार्षद पप्पू सिंह हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल राजपुताना कल्याण न्यास की नामकुम इकाई द्वारा समाज में एकता, परंपरा और सेवा भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नामकुम स्थित उज्जैन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड संख्या 32 से विजयी पप्पू सिंह को मंच पर आमंत्रित कर अंगवस्त्र एवं पारंपरिक तलवार भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में स्वर्ण समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिल राजपुताना कल्याण न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह ने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर सामाजिक विकास, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिपिन सिंह, सुभाष सिंह, आरके सिंह, अजय कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह और अखिलेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि इस अवसर पर श्रीराम सिंह, संतोष सिंह, विनोद सिंह, सुबोध सिंह, राकेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूरज झा, राहुल पाठक, राहुल बिहारी, आकाश, वीरू सिंह, सुभाष सिंह, वक्त भाई, अमरेंद्र सिंह, अजय सिंह सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और समाज में एकता, सम्मान तथा सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

### डीएसपीएमयू में नॉन टीचिंग स्टाफ का आंदोलन तेज

# कर्मचारियों ने डीएसपीएमयू में की तालाबंदी, ठप हुई पढ़ाई

- कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार 17वें दिन भी जारी रहा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राजधानी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में नॉन टीचिंग स्टाफ का आंदोलन सोमवार को और तेज हो गया। कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार 17वें दिन भी जारी रहा। एसीपी और एमएसीपी के लाभ की मांग को लेकर कर्मचारी काला बिल्ला बांधकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। सोमवार को आंदोलन ने उग्र रूप लेते हुए विश्वविद्यालय परिसर में तालाबंदी तक पहुंच गया। जिससे पूरे दिन शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित रही।सोमवार सुबह से ही नॉन टीचिंग कर्मचारी विश्वविद्यालय परिसर में सक्रिय दिखे। आंदोलनरत कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों और कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे भी इस आंदोलन में उनका समर्थन करें। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांग लंबे समय से लंबित हैं और प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। इस दौरान कर्मचारियों ने कक्षाओं के बाहर नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। आंदोलन का असर यह रहा कि सोमवार को विश्वविद्यालय में एक भी नियमित कक्षा संचालित नहीं हो सकी। कई विभागों में ताले लटके नजर आए और पूरे परिसर में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियां ठप रहीं। चारियों का कहना है कि वे पिछले 16 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर न तो विश्वविद्यालय प्रशासन और न ही उच्च शिक्षा विभाग गंभीरता से ध्यान दे रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनकी मांगों पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है। नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एसीपी और एमएसीपी के लाभ को लेकर वे लगातार आवाज उठा रहे हैं। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। उनका कहना है कि इस मुद्दे को लेकर कई बार बातचीत भी हुई, लेकिन समाधान नहीं निकल पाया। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि आंदोलन शुरू होने के बाद से अब तक उन्होंने कुलपति का चेहरा तक नहीं देखा है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रशासनिक पदाधिकारी इस मामले में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### जल्द मांगों को नहीं पूरा किया तो होगा उग्र आंदोलन

आंदोलनरत कर्मचारियों ने यह भी कहा कि इस मामले में राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग की ओर से भी अब तक कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं हुआ है। कर्मचारियों के मुताबिक यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ का कहना है कि यदि विश्वविद्यालय में किसी प्रकार की शैक्षणिक या प्रशासनिक असुविधा उत्पन्न होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। फिलहाल विश्वविद्यालय परिसर में आंदोलन के कारण तनाव का माहौल बना हुआ है और विद्यार्थी भी पढ़ाई प्रभावित होने से परेशान नजर आ रहे हैं। अब सबकी निगाहें विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर क्या फैसला लिया जाता है।

## प्रधान जिला जज ने किया चलंत लोक अदालत का शुभारंभ

**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक विधिक सेवाएं और विधिक जागरूकता उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जस्टिस ऑन व्हील्स (चलंत लोक अदालत) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रसिकेश कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। इस अवसर पर पीडीजे ने सिविल कोर्ट परिसर से जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। जस्टिस ऑन व्हील्स वाहन मार्च 2026 के पूरे माह तक खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंड और गांवों का भ्रमण करेगा, जिसके दौरान चलंत लोक अदालत और विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## दिवंगत दुग्ध उत्पादक के परिवार को मेधा डेयरी ने दी 3 लाख की सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** मेधा डेयरी की दिवंगत दुग्ध उत्पादक स्वर्गीय मोहरी देवी के पति लक्ष्मण महतो को दुर्घटना बीमा योजना के तहत तीन लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। यह चेक मेधा डेयरी के एजीएम उमाशंकर सिंह द्वारा उन्हें सौंपा गया। बताया गया कि मोहरी देवी दो गायों का पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं और होयर बस्ती स्थित दुग्ध संग्रह केंद्र में नियमित रूप से दूध की आपूर्ति करती थीं। कुछ दिन पूर्व वह अपने एक रिश्तेदार के घर जाने के दौरान मोटरसाइकिल दुर्घटना का शिकार हो गई थीं, जिसमें उनकी असामयिक मृत्यु हो गई थी। मालूम हो कि झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (मेधा डेयरी) द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत पंजीकृत दुग्ध उत्पादकों को विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जाते हैं। राज्य सरकार की ओर से किसानों को दुग्ध भुगतान के अतिरिक्त प्रति लीटर पांच रुपये का समर्थन मूल्य भी दिया जाता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलता है। इसके अलावा, किसान परिवार में शिशु जन्म होने पर मातृत्व जननी पोषण योजना के तहत लाभुक को छह किलो घी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही मवेशियों के लिए संतुलित पशुआहार और गुणवत्तायुक्त मिनरल मिक्सचर भी उपलब्ध कराया जाता है। किसानों को दुग्ध भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में समय पर किया जाता है। मोहरी देवी का मेधा डेयरी में कोड संख्या 26 के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक के रूप में पंजीकृत होने के कारण उन्हें दुर्घटना बीमा योजना का लाभ मिला। इसी योजना के तहत उनके परिवार को तीन लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय दुग्ध संकलन प्रभारी अनुजकुमार पांडेय, पथ पर्यवेक्षक आकाश कुमार, दुग्ध मित्र धर्मनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित थे।

**कौशल विकास** | मांडर कॉलेज में 'सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग' कार्यक्रम का हुआ समापन

# प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करना : मणिक

- "महिंद्रा प्राइड क्लासरूम का लक्ष्य युवाओं को रोजगार के योग्य बनाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर ।** मांडर कॉलेज में छात्रों के सर्वांगीण विकास और भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय "सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग" कार्यक्रम का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा नांदी फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आयोजित किया गया था। सात दिनों तक चले इस गहन प्रशिक्षण सत्र में कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के संचार कौशल, आत्मविश्वास, साक्षात्कार की तैयारी और व्यक्तित्व विकास में निखार लाना था।

### मुख्य प्रशिक्षक और मार्गदर्शन

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक मणिक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अनुभव और प्रभावी शिक्षण विधियों के माध्यम से छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की बारीकियों से अवगत कराया। मणिक कुमार ने छात्रों को टीम वर्क, समय प्रबंधन और पेशेवर नैतिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की सफलता पर राज्य प्रशिक्षण समन्वयक अमित कुमार ने संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि "महिंद्रा प्राइड क्लासरूम का लक्ष्य युवाओं को न केवल शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें रोजगार के योग्य (Employable) बनाना भी है। मंदार कॉलेज के छात्रों में सीखने का गजब का उत्साह देखा गया।

समापन समारोह के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नांदी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं।

उन्होंने प्रशिक्षक मणिक कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि इस सात दिवसीय कार्यशाला से उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आया है और वे अब अपने करियर को लेकर अधिक स्पष्ट और आत्मविश्वासी महसूस कर रहे हैं।

## नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस पर भव्य आयोजन की हो रही है तैयारी

**पिठोरिया।** सोमवार को पिठोरिया के बेति गांव के देवी मण्ड स्थल पर खरवार भोक्ता समाज संघ की बैठक मुखला भोगता की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक मे संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझु, केंद्रीय सदस्य नरेश गंझु, एवं संघ के कांके प्रखंड स्तरीय कोषाध्यक्ष आज़म भोक्ता, सचिव रामकुमार भोक्ता और साथ ही बेती, मुरैठा, चिरवा, और राढ़हा गांव के दर्जनों सामाजिक अगुवा और ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 मार्च 2026 को नीलांबर- पीतांबर शाही भोगता का शहादत दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी बाजारटांड पेट्रोल गोदाम अखड़ा से 21 मार्च को निकलेगी सरहुल शोभायात्रा



**खलारी।** खलारी बाजारटांड पेट्रोल गोदाम अखड़ा में सरहुल पूजा के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राहुल गंझु ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 21 मार्च को सरहुल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सरहुल के दिन पेट्रोल गोदाम अखड़ा में आसपास के दर्जनों गांवों के युवा पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होंगे। यहां से सभी लोग जुलूस की शक्ल में खलारी में आयोजित मुख्य सरहुल शोभायात्रा में शामिल होंगे। सरहुल पर्व को लेकर क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में पवन उरांव, गोविंद भोगता, सुशील उरांव, टेना उरांव, विजय गंझू, विनोद गंझू, निखिल उरांव, रवि गंझू, राजेंद्र गंझू, विनोद मुंडा, शशि गंझू, विकास गंझू, मनेस गंझू, अजय गंझू, सत्येंद्र भगत, पप्पू गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक के मुद्दों को विधायक सुरेश कुमार बैठा ने सदन में उठाया



**पिठोरिया।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत आने वाले झारखंड अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, झारखंड हज समिति में स्थाय निदेशक/सचिव /मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नही होने पर सवाल उठाते हुए स्थायी पदास्थापन की मांग सदन से किए जाना पर आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने विधायक सुरेश बैठा का आभार जताते हुए बताया कि अलग राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी अल्पसंख्यकों से सबंधित बोर्ड, निगम, आयोग, समिति में स्थायी निदेशक/सचिव/सीईओ का पदास्थापन नही होना दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास में जिसे आईएस अधिकारी को प्रभारी निदेशक बनाया गया वो पहले से चार विभागों के प्रभारी निदेशक और आयुक्त के पद पर पर कार्यरत है यही स्थिति अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, हज कमिटि का है, अतरिक्त प्रभार होने के कारण अल्पसंख्यक से सबंधित कार्यों लम्बे समय तक प्रभावित होते और विकास योजनाओं से लोग वंचित रह जाते है,उन्होनें विधायक द्वारा सदन में रखे गए मांग को सरकार से पूरा करते हुए अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, हज समिति में स्थाय निदेशक, सचिव, सीईओ का पदास्थापन करने की मांग किया।

### प्रेम प्रसंग में हुई थी विजय दास की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी रांची के बेड़ो इलाके में 25 फरवरी की रात में एक युवक की हत्या की गई थी। मृतक युवक का नाम विजय कुमार दास है और वह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता था। यह हत्या प्रेम प्रसंग के कारण की गई थी। इस मामले में रांची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम रोशनी देवी, सीमा देवी और भूपेश बैठा है। मृतक विजय कुमार दास और रोशनी देवी में प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया जाता है कि इन लोगों के बीच अवैध संबंध था। जिसके कारण रोशनी देवी मृतक विजय कुमार दास पर शादी करने का दबाव बना रही थी। विजय कुमार दास शादी करने से बार-बार मना कर रहा था। विजय कुमार दास ने जब शादी करने से इनकार कर दिया तब रोशनी देवी अपनी बहन और भाई के साथ उसकी हत्या करने का प्लान बनाया और अपने नवनिर्मित मकान में विजय कुमार दास को शराब का सेवन करने के लिए बुलाया। विजय कुमार दास ने जब अधिक शराब का सेवन कर लिया तब उन लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया और गला रेत कर हत्या कर दी।

### द्रोणाचार्य क्रिकेट लीग में कलकत्ता पब्लिक स्कूल ने कैरली स्कूल को 4 विकेट से हराया



**रांची।** द्रोणाचार्य क्रिकेट लीग मैच में सोमवार को कैरली मैदान में होस्ट कैरली पब्लिक स्कूल तथा कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में कैरली स्कूल की ओर से टॉस जीतने के बाद बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए गए। कैरली स्कूल के टीम 16 ओवर के मैच में 2 ओवर शेष रहते कैरली स्कूल के सभी खिलाड़ी आउट हो गए। जवाब में 120 रन का पीछा करते हुए कलकत्ता पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने 6 विकेट पर 124 रन 27 बॉल बाकी रहते हुए 124 रन पूरा किया। इस तरह से चार विकेट से कलकत्ता पब्लिक स्कूल की जीत हुई। इस टूर्नामेंट लिग मैच कैरली स्कूल के कप्तान शेख मुस्ताक ने अच्छ खेल का प्रदर्शन किया लेकिन वह अपने टीम को हार से बचा नहीं पाए। वहीं कलकत्ता पब्लिक स्कूल की ओर से सूरज की बेहतरीन बल्लेबाजी से जिसमें तीन लगातार छक्के की बदौलत45 रन बनाएं। साथ ही बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज पांडे श्री राज पांडे ने तीन छक्के तथा दो चौके की मदद से बनाए गए 37 बेहतरीन रन तथा साथ ही तीन विकेट लिए। इसके लिए उन्हें ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए उन्हें परफॉर्मेंस के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवार्ड दिया गया। और साथ ही कलकत्ता पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी सूरज ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन छक्के लगाए और वह व्यक्तिगत स्कोर 45 पर आउट हुए इस तरह से कलकत्ता पब्लिक स्कूल ने 27 बॉल रहते हुए एक बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए यह मैच जीता। अंतिम विनिंग शॉट श्री अनुज कुमार तिवारी ने चौका मारकर पूरा किया। कलकत्ता पब्लिक स्कूल के कप्तान श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया गया और कैराली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में बहुत ही खूबसूरत प्रदर्शन करते हुए और लिग के अन्य मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ दर्शकों ने सभी खिलाड़ियों को साधुवाद दिया गया।

## सौन्दा डी में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

# 26 मार्च को अखंड हरिकीर्तन, जुलूस 27 को

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** सौन्दा डी ग्राम पंचायत में आगामी 27 मार्च को रामनवमी धार्मिक कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर नवनियुक्त रामनवमी जुलूस लाइसेंस समिति की बैठक की अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा और संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य अखाड़ा क्लब घर स्थित हनुमान मंदिर में 26 मार्च को 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 27 मार्च को शाम 4 बजे से भव्य रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें आकर्षक झांकियां और अखाड़ा प्रदर्शन शामिल रहेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से विशाल पाण्डेय को रामनवमी जुलूस समिति का सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा आजाद नगर स्थित रामनवमी मैदान हनुमान मंदिर में भी बैठक कर वहां से भी रामनवमी जुलूस एवं झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता का उदाहरण पेश करते हुए पंचायत के चार हनुमान मंदिरों में चार कुर्सियां, मस्जिद में दो कुर्सियां तथा चर्च में दो कुर्सियां उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रामनवमी जुलूस के लिए नया लाइसेंस निर्गत करने पर जिला प्रशासन एवं भुरकुंडा ओपी का आभार और धन्यवाद भी प्रकट किया। मौके पर मुख्य अखाड़ा हनुमान मंदिर के अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, सचिव बिशाल पाण्डेय, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राजू महतो, जग्गू धासी, सुरेश खरवार, उमेश साव, संजय सिंह, अजित जायसवाल, पंडित धनश्याम वैद्य, रविन्द्र पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, छोटू सिंह, अंशु जायसवाल, सन्नी कुमार और आकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं रामनवमी मैदान आजाद नगर की बैठक में मंदिर अध्यक्ष कृष्णा कुमार, सचिव अजित कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत प्रहरी सह पूर्व वार्ड सदस्य प्रवीण नायक, मनीष कुमार, संजीत चौधरी, रोशन चौधरी, अभय जी, रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बाल विवाह और भ्रूण हत्या के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**केदला।** केदला मध्य पंचायत में सोमवार को बाल विवाह और भ्रूण हत्या के खिलाफ व्यापक जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को इन सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक करना और पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सामूहिक पहल को मजबूत करना था।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा स्थानीय लोगों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही मुखिया नूजा कुमारी ने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।

स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है और उनका समुचित विकास नहीं हो पाता। वहीं भ्रूण हत्या के खिलाफ भी लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि बेटा-बेटी में भेदभाव समाज के संतुलन को बिगाड़ता है और यह एक गंभीर अपराध भी है। अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे बेटियों को समान अवसर दें और उन्हें शिक्षा व सम्मान के साथ आगे बढ़ने का मौका दें। इस अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई।

## न्यूज बॉक्स

### ससुराल से नशे में धुत होकर निकला था ड्राइवर, मंत्री के स्कॉर्ट गाड़ी को ठोका, जेल



**रामगढ़।** झारखंड के मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही रामगढ़ पुलिस की गाड़ी को ठोकर मारने वाला ड्राइवर पूरी तरीके से नशे में धूत था। उसके शरीर में अल्कोहल की मात्रा 466 एमजी/लीटर पाई गई है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित संपूर्ण गोसाई बोकारो जिले के कसमार का रहने वाला है। रामगढ़ के चट्टी बाजार के गोसाई टोला में वह अपने ससुराल आया हुआ था। अपने साले के साथ उसने जमकर शराब पी और बोलेरो गाड़ी लेकर रांची की तरफ निकल गया। कोठार के पास मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही रामगढ़ पुलिस की गाड़ी को उसने आमने-सामने टक्कर मार दी। वह इतने नशे में था कि उसे खुद ही होश नहीं था। गाड़ी को भी वह अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। उसने मंत्री की गश्ती में लगी गाड़ी को जानबूझकर धक्का मारा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस कर्मियों की जान भी जा सकती थी। लेकिन पुलिस गाड़ी को चला रहे ड्राइवर की सूझबूझ के कारण लोगों की जान बच सकी। रामगढ़ पुलिस ने संपूर्ण गोसाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिलाओं के सम्मान में प्रगतिशील फाउंडेशन का सेवा कार्यक्रम आयोजित




**बरही।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खोड़ाहर पंचायत के केवाल गांव स्थित आदिम जनजाति बिरहोर टोला में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन द्वारा एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने बिरहोर परिवार की महिलाओं के बीच साड़ियों और बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक सदस्य जमुना यादव ने कहा कि गरीबों का सर्वांगीण विकास और निस्वार्थ सहयोग ही इस संस्थान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन बरही विधानसभा क्षेत्र में निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रहा है। पूर्व में भी बरसात के दौरान बेघर लोगों को राहत सामग्री पहुंचाना, युवाओं को खेल सामग्री देना और विधवा महिलाओं को वस्त्र वितरित कर सम्मानित करना जैसे कार्य किए गए हैं, जो भविष्य में भी जारी रहेंगे। वहीं, वरिष्ठ सदस्य रघुनंदन गोप ने जानकारी दी कि फाउंडेशन शीघ्र ही हजारीबाग जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी अपने सेवा कार्यों का विस्तार करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभूति भूषण प्रताप सिंह, गाजो गोप, द्वारिका रविदास, दिलीप यादव, नीरज सिंह, विवेक यादव और श्रवण यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा सयाल मोड़ में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल




**भुरकुंडा।** सयाल मोड़ भुरकुंडा के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों को मदद से भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। गौरतलब है कि जवाहरनगर हनुमानगढ़ी निवासी सूरज साव 30 वर्ष अपनी बाइक जेएच 02 एएन-2209 से गिद्दी जा रहा था। इसी क्रम में सयाल मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। घटना में युवक के सर और चेहरा में गम्भीर छोटे आई। स्थानीय बुधन कुमार ने घायल युवक को तत्काल भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

### डाकघर की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य : सहायक डाक अधीक्षक



**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में सोमवार को नवनियुक्त सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान का प्रधान डाकघर में कार्यरत कर्मचारियों ने स्वागत किया । मौके पर सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि डाकघर की सेवाओं को जिले भर में जन सेवा के भाव से पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने जिले भर के सभी सरकारी,गैर सरकारी विद्यालयों में जाकर सभी विद्यार्थियों का शून्य बैलेंस में खाता खोलने के लिए जिले भर के डाक कर्मचारियों को निर्देश दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम घर के सभी सदस्यों का डाकघर में खाता खुलवाने के लिए हर संभव तत्पर रहें। आज उन्होंने डाक कर्मचारियों के साथ बैठक कर डाक विभाग की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिए कहा । इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी आशीष कुमार पांडे,मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय,नरेंद्र कुमार सिंह,रामखेलावन चौधरी ,अरुण कुमार सिंह,चंद्रशेखर कुमार,प्रशांत कुमार सिंह,शम्भू दत्त सिंह,कुंदन कुमार,त्रिदेव प्रियदर्शी,बबन कुमार राय,राजकपूर,शुभम् कुमार,रणजीत कुमार रजवार,आशीष कुमार झा,अंकित कुमार,अभिषेक कुमार,भारती टुडू,चंदन कुमार,अमन कुमार ,विकाश कुमार,रंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे ।सभी ने सहायक डाक अधीक्षक का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अवैध खदान संचालक के खिलाफ कार्रवाई व पीड़ित परिवार को मिले मुआवजा : विधायक



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने थाना क्षेत्र में बंद पड़े अवैध पत्थर खदान में डूबने से किशोर सौरभ कुमार की हुई मौत के मामले को सदन में गंभीरता से उठाया और खदान संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की ।साथ ही पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की ।विधायक ने कहा कि अवैध रूप से संचालित खदानों के कारण क्षेत्र में लगातार हादसे हो रहे हैं, जो प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने इस मामले को सदन में उठाते हुए सरकार से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा देने की मांग की ।विदित हो कि बीते 5 मार्च को बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पचरुखी तिलैया स्थित महाबर पहाड़ के समीप बंद पड़े अवैध पत्थर खदान में भरे पानी में डूबने से सौरभ कुमार (पिता – संतोष कुमार) की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि इस तरह से खदान में पानी भर जाने से आए दिन लोगों की जान जा सकती है इस कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

# चेयरमैन नवीन जिंदल का जन्मदिन 'फिटनेस डे' के रूप में मनाया गया



**पतरातू।** जिंदल स्टील के चेयरमैन सह कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के सांसद नवीन जिंदल का जन्मदिन सोमवार को जिंदल स्टील पतरातू में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिंदल समूह द्वारा 9 मार्च को फिटनेस डे के रूप में मनाते हुए स्वास्थ्य, खेल और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे जिंदल क्लब में आयोजित योग सत्र से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर फिट और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इसके बाद सभी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने मिलकर केक काटकर चेयरमैन का जन्मदिन मनाया। वहीं जिंदल आशा के बच्चों ने भी केक काटकर चेयरमैन को शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और आनंद का माहौल बन गया। इस दौरान आर्चरी, फुटबॉल सहित कई खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर चेयरमैन के जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिंदल स्टील पतरातू के प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चेयरमैन नवीन जिंदल का व्यक्तित्व, कार्यशैली और दूरदर्शी नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन सदैव फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि कर्मचारियों में टीम भावना और उत्साह भी पैदा करते हैं। उपस्थित लोगों ने चेयरमैन नवीन जिंदल के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका जीवन विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

## आईसीएआर में कीटनाशी पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

# किसानों को मिलेगी अनुकूल खेती की जानकारी : सुबोध

- कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को जैविक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी
- प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 30 किसानों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** अनुसूचित जाति परियोजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के गौरियाकरमा परिसर में "कृषि में जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन एवं उपयोग" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 30 किसान भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुबोध नीरज ने कहा कि जैव उर्वरक व जैव कीटनाशी रासायनिक उर्वरकों का बेहतर और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प हैं।

इनके उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है। वहीं वित्त नियंत्रक प्रशांत कुमार ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को जैविक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमानी प्रिया और डॉ. रंजीत सिंह ने किया, जबकि प्रशिक्षण की निगरानी सहायक कोर्स निदेशक डॉ. श्रीनिवासराघवन ए., डॉ. दीपक कुमार गुप्ता और डॉ. काशीनाथ तेली कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महंता, डॉ. विशाल नाथ, सचिव डॉ. कृष्ण प्रकाश, अरुण कुमार रजक और आकाश कुमार दास सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को जैव उर्वरकों की भूमिका, पोषक तत्व प्रबंधन, राइजोबियम के लाभ, ट्राइकोडर्मा उत्पादन, धान में सायनोबैक्टीरिया, वर्मी कम्पोस्ट, अजोला उत्पादन तथा बीज व पौध उपचार से संबंधित विशेषज्ञ व्याख्यान और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वैज्ञानिकों के अनुसार यह कार्यक्रम किसानों को पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से जोड़ने, उत्पादन लागत कम करने और झारखंड में सतत कृषि को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

# कौशल प्रशिक्षण से महिलाएं बनें आत्मनिर्भर : धनंजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत एक्सेल डेटा सर्विसेज, राँची रोड रामगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण पखवाड़ा का शुभारंभ 9 मार्च 2026 को एक विशेष शिविर आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, रांची के कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेंटर के ट्रेनीज़ के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बीपी, शुगर एवं वजन की जांच की गई। साथ ही एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को जागरूक, सतर्क एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया था। इस अवसर पर एक्सेल डेटा सर्विसेज के कर्मचारियों द्वारा महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सेंटर मैनेजर अरविंद कुमार, सेंटर इंचार्ज सुशील कुमार कुशवाहा तथा प्लेसमेंट मैनेजर नेहा सिंह ने महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा सेंटर में चल रहे विभिन्न ट्रेड एवं प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान कई युवाओं ने जॉब ओरिएंटेड कोर्स में रुचि दिखाई।

### मनरेगा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 12 से

**बड़कागांव।** प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी 9 मार्च से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने का रहेंगे। बावजूद लंबित मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने वाले हैं। इस संबंध में बड़कागांव के मनरेगा कर्मियों ने बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल को इस आंदोलन की सूचना दे दी गई है।

ज्ञात हो कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमेटी के निर्णय के अनुसार उक्त हड़ताल के संबंध में निर्णय लिया गया है। पांच माह से अधिक समय से लंबित मानदेय, 30 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की स्वीकृत होने के बावजूद लागू नहीं करने सहित कई असंगत कार्य परिस्थितियों के विरोध में उक्त हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया है। मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने की स्थिति में पूरे प्रखंड में मनरेगा कार्य की ठप होने की पूरी संभावना है एवं मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने की स्थिति बन सकती है। जब मनरेगा कर्मी पूरी तरह हड़ताल चले जाएंगे तो उनलोगों घर चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जब उन्हें कोई काम नहीं मिलेगा तो मनरेगा कर्मी अपना घर कैसे चला सकते हैं।

## भाजपा का राष्ट्रपति के अपमान पर आक्रोश प्रदर्शन

# ममता बनर्जी का किया पुतला दहन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** विगत रविवार देर शाम रामगढ़ कैन्ट मण्डल स्थित सुभाष चौक पर "अनुसूचित जनजाति मोर्चा" के तत्वावधान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बंगाल की भूमि पर देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ किए गए दुर्व्यवहार एंव आदिवासी समाज के अपमान के विरोध में ममता बनर्जी का पुतला दहन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी, विधाननगर में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन के खिलाफ झारखंड के रामगढ़ में भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। भाजपा रामगढ़ जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सुभाष चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने बताया की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल सम्मेलन में सम्मिलित होने पहुंची थीं। ममता सरकार ने दुर्भावना के चलते न केवल सम्मेलन का स्थान अंतिम समय में विधाननगर से गोसाईपुर स्थानांतरित कर दिया, बल्कि प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हुए राष्ट्रपति के स्वागत में न तो मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचीं और न ही किसी मंत्री को भेजा।

#### राष्ट्रपति की खरी-खरी

इस उपेक्षा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्पष्ट नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी उनसे नाराज हैं या नहीं, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन संवैधानिक मर्यादा का पालन होना चाहिए। रामगढ़ में प्रदर्शन का नेतृत्व पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली ने किया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा :** "देश की प्रथम नागरिक और जनजातीय समाज का गौरव राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान पूरे देश का अपमान है। ममता सरकार की यह तानाशाही और प्रोटोकॉल की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

#### विरोध का कारण

राष्ट्रपति के स्वागत में बंगाल सरकार की अनुपस्थिति और कार्यक्रम स्थल में बदलाव

अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर करमाली ने कहा कि संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखने और इस अपमान के लिए ममता बनर्जी माफी मांगे। कार्यक्रम में राजू चतुर्वेदी, रंजन फ़ौजी, रमेश करमाली सुशांत पांडेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### भाकपा माले की जीबी बैठक में लिए गए कई निर्णय

**गिद्दी।** भाकपा माले की गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में जीबी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिला सचिव पच्चू राणा ने की। जबकि बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो उपस्थित थे। बैठक में 18 मार्च को राज्यपाल के समक्ष जन सुनवाई को सफल बनाने को लेकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गिद्दी कोयलांचल क्षेत्र में पार्टी और संबंधित मजदूर संगठन को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आरडी मांझी, पच्चू राणा, राजेंद्र गोप, रामकिशुन किस्कू, अरुण कुमार, कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

**प्रदर्शनी** | रांची के सरस मेले में रामगढ़ की सखी मंडल दीदियों का जलवा

# व्हीट स्ट्रॉ आर्ट और बांस शिल्प बने आकर्षण का केंद्र

- सखी मंडल द्वारा निर्मित उत्पादों को न केवल सराहना मिल रही है, बल्कि उनकी बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ हो रही है

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 'राज्य स्तरीय हस्तकरघा एवं सरस मेला 2026' में रामगढ़ जिले की ग्रामीण महिला उद्यमियों के हुनर की गूंज सुनाई दे रही है। 7 मार्च से शुरू हुए इस 14 दिवसीय मेले में रामगढ़ की सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को न केवल सराहना मिल रही है, बल्कि उनकी बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ हो रही है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से इस मेले में रामगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व तीन प्रमुख महिला उद्यमी कर रही हैं, जिनके स्टॉल पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। व्हीट स्ट्रॉ आर्ट की चमकः कृष्णा महिला समूह की सोनी कुमारी द्वारा तैयार 'व्हीट स्ट्रॉ आर्ट' (गेहूं के डंठल से बनी कलाकृतियां) मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बेकार समझे जाने वाले गेहूं के डंठल से बनी ये कलाकृतियां ग्रामीण कला और नवाचार का अद्भुत संगम पेश कर रही हैं। पारम्परिक स्वाद का जादूः पतरातू के अमर दिव्यांग महिला समूह की अमरजीत कौर के स्टॉल पर पारंपरिक स्वाद का जादू चल रहा है। उनके द्वारा शुद्धता के साथ तैयार अचार, पापड़, बड़ी और मुरब्बा की मांग शहरी ग्राहकों के बीच काफी अधिक देखी जा रही है।

**बांस शिल्प का आकर्षणः** मां लक्ष्मी आजीविका सखी मंडल की संगीता देवी (पतरातू) के बांस से बने सजावटी और घरेलू उत्पाद (बैंबू क्राफ्ट) अपनी फिनिशिंग और डिजाइन के लिए खूब तारीफ बटोर रही हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा बाजार/मंच प्रदान करना है। रामगढ़ की इन दीदियों की भागीदारी न केवल उनकी आय में वृद्धि कर रही है, बल्कि जेएसएलपीएस के माध्यम से यह जिले की ग्रामीण आजीविका गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण की एक सशक्त मिसाल पेश कर रही है।

# पूर्णाहुति और महाभंडारे के साथ अखंड हरि कीर्तन यज्ञ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के गेनमेर चाटुगढ़ा सरना स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन एवं यज्ञ महोत्सव नगर भ्रमण, हवन, पूर्णाहुति और महाभंडारे के साथ श्रद्धा व उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन दोपहर लगभग 12 बजे मंदिर परिसर से नगर भ्रमण निकाला गया। नगर भ्रमण में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए तथा अबीर-गुलाल के साथ होली खेलते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते रहे।

इस दौरान "राधे-राधे", "हरे राम-हरे राम" और "हरे कृष्ण-हरे कृष्ण" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

नगर भ्रमण विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचा, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और यज्ञ की पूर्णाहुति की गई।

इसके पश्चात महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान में पुरोहित की भूमिका ददन मिश्रा ने निभाई, जबकि यजमान के रूप में भीम सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खंजन सिंह, कौशल राज सिंह, देवराज सिंह, प्रद्युमन सिंह सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कोलेबिरा में मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल

# 12 से आंदोलन की दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर सोमवार को कोलेबिरा प्रखंड विकास कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा कर्मियों ने सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान रोजगार सेवकों सहित सभी कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखा।

हड़ताली कर्मियों ने बताया कि सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण नीति, ग्रेड पे, नियमित वेतन, सामाजिक सुरक्षा, हेल्थ इंश्योरेंस, अनुकंपा नियुक्ति तथा समयबद्ध मानदेय भुगतान जैसी मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों में छह माह से अधिक समय से मानदेय बकाया है, जिससे कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।संघ ने चेतावनी दी कि 9, 10 और 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल जारी रहेगी। यदि इस दौरान मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। मौके पर करिश्मा बड़ाइक, राजू नाग, नितरन कुल्लू, विजय कुमार साहू, दिलीप ओहदार सहित कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया रेंगारी चर्च का भ्रमण

# पर्यटन के रूप में विकसित करने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक रेंगारी चर्च का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कोनपाला में स्थित क्षेत्र के प्रथम चर्च का भी अवलोकन किया। वर्ष 1965 ईस्वी में निर्मित रेंगारी चर्च की सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व को देखकर उपायुक्त ने इसकी सराहना की। चर्च के पल्ली पुरोहित ने उन्हें चर्च के निर्माण, इतिहास तथा इसकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी।भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने चर्च परिसर में मौजूद सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहरों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने परिसर में स्थित सेंट एंथनी स्कूल के भवन का भी निरीक्षण किया, जो अंग्रेज शासनकाल में वर्ष 1926 ईस्वी में निर्मित हुआ था। उपायुक्त ने स्कूल भवन की ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए उसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।इसके अलावा उन्होंने चर्च परिसर में पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही रेंगारी चर्च को एक ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकसित कर पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।इस अवसर पर ठेठईटांगर की प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव,जिला परिषद सदस्य अजय एक्का, चर्च के पल्ली पुरोहित तथा अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## केंद्रीय सरना समिति ने डीसी से की मुलाकात, म्यूजियम निर्माण पर जताया आभार



**सिमडेगा।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत एवं अन्य सदस्यों ने उपायुक्त कंचन सिंह से मुलाकात कर जिले के पुराने अनुमंडल कार्यालय को हेरिटेज सह म्यूजियम के रूप में विकसित करने की पहल पर आभार व्यक्त किया।समिति के सदस्यों ने कहा कि जिले की पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में प्रशासन द्वारा सिमडेगा में संग्रहालय बनाने की पहल सराहनीय है। इससे जिले के इतिहास, संस्कृति और पारंपरिक विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा।मुलाकात के दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को यह भी अवगत कराया कि उनके पास कई प्राचीन एवं पारंपरिक वस्तुएं सुरक्षित हैं। उन्होंने इच्छा जताई कि इन वस्तुओं को प्रस्तावित म्यूजियम में सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन को सौंपा जा सकता है, ताकि जिले की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके।उपायुक्त ने भी समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में मदद मिलेगी।

## न्यूज बॉक्स

### अनुशासित वातावरण में शुरू हुई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केतुंगाधाम में सोमवार से वार्षिक परीक्षा की शुरुआत हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संचालित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के अध्ययन का मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह के साथ-साथ हल्की घबराहट भी देखी गई, लेकिन शिक्षकों के मार्गदर्शन से सभी छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सभी कक्षाओं में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से परीक्षा में उपस्थित होने और ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार वार्षिक परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों तक चलेगी। इस दौरान विद्यालय परिसर में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने कीटनाशक खाकर दी जान

**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र के रेंगारबहार गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया।मृतक की पहचान दिलीप बारीक के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए जीजा सुरेंद्र प्रधान ने बताया कि दिलीप बड़ाइक एक दिन पहले ही गोवा से काम कर सुबह करीब 10 बजे अपने घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर उसकी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई। इसी बीच उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनों ने बताया कि कीटनाशक सेवन करने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशीली दवा के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशीली दवा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया ।इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव थाना परिसर में प्रेस वार्ता करते हुए बताएं कि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि चिकटोली नैगमटोली के पास जाहिद खलीफा नामक युवक मोटरसाइकिल से घूम-घूम कर प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जाहिद खलीफा के पास से प्रतिबंधित नशीली दवा 120 पीस बरामद किया गया घटनास्थल से अभियुक्त गिरफ्तारी की गई जिसे जेल भेज दिया।प्रेस कांफ्रेंस मे मुख्य रूप से दीपेश कुमार उपस्थित थे ।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण, 15 दिनों में सुधार के निर्देश



**सिमडेगा।** नगर परिषद सिमडेगा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओलिवर लकड़ा ने सोमवार की सुबह तेलंगा खड़िया सिमडेगा बस स्टैंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड की बदहाल स्थिति को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बस स्टैंड परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के लिए बनाए गए यात्री शेड भी जर्जर अवस्था में हैं और वहां से दुर्गंध आने के कारण लोगों को असुविधा हो रही है। बस स्टैंड के आसपास भी साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और खराब हो गई है। अध्यक्ष ओलिवर लकड़ा ने नगर परिषद के सफाई कर्मियों को निर्देश दिया कि 15 दिनों के भीतर बस स्टैंड परिसर और उसके आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बस स्टैंड में बने यात्री पड़ाव एवं अन्य संरचनाओं की मरम्मत कर उन्हें व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि बस स्टैंड शहर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। इसलिए यहां साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करना नगर परिषद की प्राथमिकता होगी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### नन्ही परी फाउंडेशन की पहल से महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण



**सिमडेगा।** बीरू निवासी समाजसेवी प्रेम कुमार ने नन्ही परी फाउंडेशन के सहयोग से बीरू आंबा टोली की किशोरियों और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया।प्रेम कुमार ने बताया कि वह लोगों के चेहरे पर खुशी लाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार की फिल्म "पैडमैन" देखने के बाद उन्हें महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरण करने की प्रेरणा मिली। तब से अब तक वह हजारों महिलाओं तक पैड पहुंचा चुके हैं।उन्होंने कहा कि नन्ही परी फाउंडेशन हमेशा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कई महिलाएं जानकारी के अभाव में गंदे कपड़ों का उपयोग करती हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पैड के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना जरूरी है।पैड प्राप्त कर गांव की महिलाओं ने खुशी जताते हुए प्रेम कुमार और फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिलाएं संगठित होंगी तो समाज में आएगा सकारात्मक बदलाव: जोसिमा खाखा



**सिमडेगा।** संत अन्ना महागिरजाघर परिसर में कैथलिक महिला संघ का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न हो गया। सम्मेलन के सफल आयोजन पर कैथलिक महिला संघ की सभानेत्री सह जिप सदस्य एवं कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने आयोजन समिति और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वह कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन दोनों अवसरों पर उपस्थित रहीं, जहां उनके पहुंचने पर महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।सम्मेलन के अंतिम दिन बिशप विंसेंट बरवा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, उपायुक्त कंचन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि कैथलिक महिला संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि महिलाओं को एकजुट कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की सबसे मजबूत कड़ी होती हैं और उनके बिना किसी भी समाज की कल्पना अधूरी है।उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और जागरूक होंगी तभी वे परिवार और समाज को सही दिशा दे सकेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और समाज की शांति, एकता व प्रगति के लिए प्रार्थना की गई।

### लचरागढ़ के विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा शुरू

**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में वार्षिक परीक्षा सोमवार से शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में प्रारंभ हुई। परीक्षा की सभी व्यवस्थाएँ विद्यालय प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से की गई हैं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।परीक्षा प्रमुख प्रमोद पानीग्राही तथा पर्यवेक्षक लक्ष्मी देवी के दिशा-निर्देश में परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा कक्षों में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद साहू ने वंदना सभा में सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से शांत मन, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की अपील की।

### उकौली पंचायत में महिला सम्मान समारोह

# बिरजो कंडुलना ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बानो प्रखंड के उकौली पंचायत परिसर में महिलाओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया कृपा हेमरोम, आईएफसी एंकर सुषमा मिश्रा, आदिवासी एकता मंच के सचिव अनूप मिंज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ अतिथियों व महिलाओं के स्वागत से हुई। इस अवसर पर पुरुषों द्वारा पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर महिलाओं का सम्मान किया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इसके बाद सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि बिरजो कंडुलना ने कहा कि महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं मुखिया कृपा हेमरोम ने भी महिलाओं को सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा महिलाओं ने गीत-नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

### आदिवासी एकता मंच की समीक्षा बैठक सरहुल पर्व की तैयारी को लेकर हुई चर्चा



**बानो।** बानो में आदिवासी एकता मंच बानो की समीक्षा बैठक अध्यक्ष आनंद मसीह तोपनो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछले सप्ताह आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम के दौरान हुई कमियों पर गहन चर्चा करते हुए भविष्य में उन्हें सुधारने पर जोर दिया गया।बैठक में कोषाध्यक्ष प्रमोद पहान ने मंच के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान जिन परिवारों द्वारा अभी तक सहयोग राशि जमा नहीं की गई है, उनसे 21 मार्च 2026 तक सहयोग राशि जमा करने का अनुरोध किया गया। इस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 मार्च 2026 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राकृतिक महापर्व सरहुल (बहा परब) धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व की तैयारी को लेकर 15 मार्च 2026 दिन रविवार को पुनः बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### बानो में मनरेगा कर्मियों की चार दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू

**बानो।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर लंबित मांगों की अविलंब पूर्ति को लेकर सोमवार से बानो प्रखंड विकास कार्यालय के समीप प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा कर्मियों की चार दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू हो गई। इस दौरान बीपीओ, लेखा सहायक तथा रोजगार सेवकों सहित सभी मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।हड़ताली कर्मियों ने बताया कि संघ द्वारा पिछले कई वर्षों से सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण नीति निर्माण, ग्रेड पे, नियमित वेतन, सामाजिक सुरक्षा, हेल्थ इंश्योरेंस, अनुकंपा नियुक्ति तथा समयबद्ध मानदेय भुगतान की मांग की जा रही है। इसके लिए कई बार सरकार को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।कर्मियों ने कहा कि राज्य के कई जिलों में छह माह से अधिक समय से मानदेय बकाया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही बिना अतिरिक्त संसाधन और पारिश्रमिक के लगातार अतिरिक्त कार्यभार भी दिया जा रहा है।

### संत अन्ना विद्यालय में एकलव्य व आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कल्याण सह आईटीडीए विभाग द्वारा एकलव्य मॉडल, आश्रम एवं विभिन्न आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन संत अन्ना उच्च विद्यालय, सामटोली स्थित परीक्षा केंद्र में किया गया। परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई।प्रथम पाली में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की कक्षा 6 की लिखित प्रवेश परीक्षा सुबह 11 बजे आयोजित की गई। इसमें कुल 378 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें 315 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 63 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में आश्रम आवासीय विद्यालय तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों के लिए कक्षा 6, 7 और 8 की लिखित प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई। इस पाली में 425 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी।

# बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

- आज की महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं
- बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा व स्वास्थ्य प्रभावित होता है



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत मरोमड़ेगा पंचायत के टापूडेगा गांव में संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन, सिमडेगा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के साथ "100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" के तहत चलाए गए जागरूकता अभियान का समापन भी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों, किशोरियों और ग्रामीणों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज उपस्थित रहे। इसके अलावा टापूडेगा एवं मरोमड़ेगा के ग्राम प्रधान, छोटानागपुर कल्याण निकेतन की सचिव प्रियंका सिंह तथा अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और महिलाओं को उनके अधिकारों तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया। संस्था की सचिव प्रियंका सिंह ने 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित होता है, इसलिए इसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि आज की महिला केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता दें तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक समानता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान एक ऐसी महिला को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने संघर्ष की कहानी साझा करते हुए बताया कि संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सहयोग से आज वह आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ी हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शकुंतला सिंह ने किया। इस अवसर पर निरोज बा, शांति देवी, राखी देवी, सुमंती कीड़ो, रिंकी देवी, स्कोलॉस्टिका कुल्लू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खूंटी में सुकरा हत्याकांड का खुलासा, बेटी को जमीन देने से थी नाराजगी

# 17 एकड़ जमीन बनी मौत का कारण, शूटर समेत 5 गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची/खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज सुकरा महतो हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शूटर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास महतो, बिनोद महतो, रामप्रसाद महतो उर्फ छोटू, सिकंदर महतो उर्फ सचिन और रामू महतो शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल एक देसी कट्टा और एक मोटरसाइकिल भी जंगल से बरामद किया है। दरअसल, 6 मार्च की रात खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के तिमड़ा गांव में अपराधियों ने सुकरा महतो की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान गोली लगने से उनका बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। घटना के तीसरे दिन परिजनों ने कर्रा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें जमीन विवाद का मामला सामने आया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की। परिजनों के सहयोग और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि इस हत्याकांड की मुख्य वजह जमीन विवाद है। उन्होंने अपनी करीब 17 एकड़ जमीन अपनी दो बेटियों के नाम कर दी थी। इनमें एक बेटी सुकरा महतो की पत्नी है। जमीन बेटियों के नाम होने से गोतिया पक्ष के लोग नाराज थे। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मामला कोर्ट तक पहुंच गया था, जहां अदालत ने फैसला सुकरा महतो के पक्ष में सुनाया था। एसपी ने बताया कि कोर्ट का फैसला आने के बावजूद आरोपियों की नाराजगी खत्म नहीं हुई। इसी रंजिश में आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से सुकरा महतो की हत्या की साजिश रची और 6 मार्च की रात उन्हें गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

# बच्चा चोर की अफवाह पर वृद्धा की पिटाई, गंभीर

- चक्रधरपुर प्रखंड के हाथिया पंचायत के रामडा गांव का मामला

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर प्रखंड के हाथिया पंचायत अंतर्गत रामडा गांव में सोमवार को बच्चा चोरी की अफवाह के कारण ग्रामीणों ने एक वृद्ध महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला रामडा गांव पहुंची थी। गांव में उसके आने के बाद कुछ लोगों को उस पर बच्चा चोरी करने का संदेह हुआ। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में फैल गई और अफवाह का रूप ले लिया। इसके बाद कई ग्रामीण इकट्ठा हो गए और महिला को घेरकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान महिला के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ग्रामीणों का आरोप था कि महिला गांव में बच्चा चोरी करने के इरादे से आई थी। हालांकि जब लोगों ने उससे पूछताछ की तो वह अपने बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी, जिससे संदेह और बढ़ गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को भीड़ से सुरक्षित निकालकर पीसीआर वैन से चक्रधरपुर थाना लाया। इससे पहले पुलिस ने महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भी भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की पहचान और उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उसे सुरक्षित उसके घर पहुंचाया जा सके। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि अफवाह के आधार पर किसी के साथ मारपीट करना कानूनन अपराध है। मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## न्यूज बॉक्स

### गिरिडीह कॉलेज में एबीवीपी का प्रदर्शन, आधा दर्जन कार्यकर्ता हिरासत में

**गिरिडीह।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गिरिडीह कॉलेज के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी कर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज परिसर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार, अभाविप के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष जुटे और तालाबंदी कर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कॉलेज प्रशासन की ओर से कार्यकर्ताओं को समझाने और आंदोलन समाप्त करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। स्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी और मदद की मांग की। सूचना मिलते ही एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव तथा बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कॉलेज परिसर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलन कर रहे कार्यकर्ताओं को काफी देर तक समझाने की कोशिश की और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन समाप्त करने की अपील की। हालांकि समझाने के बावजूद जब कार्यकर्ता आंदोलन समाप्त करने के लिए तैयार नहीं हुए, तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें अपने साथ थाने ले गई। घटना के बाद कॉलेज परिसर में स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला परिषद की सामान्य बैठक संपन्न



**गुमला।** जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, गुमला दिलेश्वर महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, सिविल सर्जन गुमला शंभू नाथ चौधरी, जिला परिषद पदाधिकारी सह जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक, जिला अभियंता सह कार्यपालक अभियंता बलि उरांव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, तथा जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत दिनांक 21.01.2026 को आयोजित जिला परिषद की सामान्य बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि के साथ की गई। साथ ही पूर्व बैठक में विभिन्न विभागों को दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व मद से जनवरी 2026 से फरवरी 2026 तक हुए व्यय का अनुमोदन भी किया गया।

### नन-बैंकिंग कंपनियों के खिलाफ चैनपुर में महाजुटाव, प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

**चैनपुर।** नॉन-बैंकिंग कंपनियों द्वारा निवेश के नाम पर की गई ठगी के खिलाफ अब आम जनता ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बरवे मैदान में 'झारखंड नवनिर्माण दल' के तत्वावधान में एक विशाल संयुक्त सभा आयोजित की गई, जिसमें ठगी के शिकार हुए सैकड़ों जमाकर्ता शामिल हुए।सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि सहारा इंडिया जैसी कई नॉन-बैंकिंग कंपनियों ने एजेंटों के माध्यम से उन्हें रकम दो से तीन गुना करने का लालच दिया था। क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी गाढ़ी कमाई इन योजनाओं में लगा दी। लेकिन अब मैच्योरिटी की अवधि पूरी होने के बावजूद कंपनियां भुगतान करने के बजाय टाल-मटोल कर रही हैं।जमाकर्ताओं ने सीधे तौर पर प्रशासन और सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए मांग की है किदोषी कंपनियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।निवेशकों की फंसी हुई राशि को ब्याज सहित वापस दिलाने की पहल हो।ठगी करने वाले एजेंटों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।आंदोलन को धार देते हुए सभा में एक बड़ा निर्णय लिया गया। विजय सिंह के नेतृत्व में यह घोषणा की गई कि आगामी 17 मार्च 2026 को रांची के मोरहाबादी मैदान में एक प्रदेश स्तरीय विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा।झारखंड नवनिर्माण दल विजय सिंह जब तक हमारा पैसा वापस नहीं मिलता, यह आंदोलन थमने वाला नहीं है। हम सरकार को जगाने के लिए रांची में अपनी ताकत दिखाएंगे।

# उपायुक्त ने की कई विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित ऐसे लंबित मामलों की समीक्षा की गई, जिनका निष्पादन अन्य विभागों के समन्वय के अभाव में लंबित है। बैठक के दौरान लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाया जाए तथा सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि जनसामान्य से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त मामलों तथा पीजी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही झारसेवा पोर्टल के अंतर्गत लंबित जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र को त्वरित रूप से निर्गत करने पर विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग को एनएफएसए से संबंधित कार्यों एवं गोदाम निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने तथा भूमि हस्तांतरण से संबंधित आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पेयजल तथा भवन निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा। साथ ही पथ निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन, लघु सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अधिकारियों से पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की अपेक्षा की गई।

## गिरिडीह में बिहार एसटीएफ का छापा

# नक्सली संगठन से जुड़े दो गिरफ्तार

- संयुक्त रूप से छापा मार कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र से दोनों को गिरफ्तार किया

नवीन मेल संवाददाता





**गिरिडीह।** नक्सली कांड के दो आरोपियों की गिरफ्तारी बिहार एसटीएफ ने की है। पुलिस के मुताबिक जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें पहला आरोपी जमुई जिला के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के चिलकाखार गांव निवासी दरोगी यादव का पुत्र पंकज यादव शामिल है और दूसरा कोडरमा जिला अंतर्गत सतगांवा थाना क्षेत्र के तांतीभागलपुर गांव निवासी सुदामा सिंह का पुत्र पवन सिंह शामिल है। दोनों को बेंगाबाद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह सफलता पटना एसटीएफ और बेंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली है। बताया गया कि दोनों अभियुक्तों के बेंगाबाद थाना इलाके में रहने की सूचना बिहार के पटना एसटीएफ को मिली थी। इस सूचना पर पटना एसटीएफ की टीम गिरिडीह पहुंची। मामले की जानकारी एसपी डॉ। बिमल कुमार को दी गई। एसपी में सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव को निर्देश दिया कि बिहार पुलिस को सहयोग दिया जाए। बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहार पटना से आई एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मार कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र से दोनों को गिरफ्तार किया। बाद ने दोनों को अपने साथ बिहार ले गई। बताया जाता है कि दोनों से पूछताछ के बाद कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना कांड संख्या 143/ 25 दर्ज है। यह कांड नक्सली घटना से जुड़ा हुआ है। बिहार पुलिस के मुताबिक दोनों नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार के जमुई, चकाई, चरकापत्थर और चंद्रदीप थाना के अलावा झारखंड के गिरिडीह जिला के तिसरी ब्लॉक और कोडरमा जिला के सतगांवा थाना में नक्सली गतिविधि के तहत मामला दर्ज है। बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम फरार दोनों आरोपियों को खोज रही थीं। पुलिस के भय से दोनों बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोलगो पंचायत अंतर्गत मंझलाटोल गांव में शरण लिए हुए थे। सूचना के आधार पर एसटीएफ पटना की टीम इंस्पेक्टर अयोध्या प्रसाद के नेतृत्व में बेंगाबाद थाना पहुंची।

### वार्ड-7 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो नगर निगम चुनाव 2026 के बाद अब वार्ड संख्या-07 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में मोहम्मद असगर अहमद ने सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मानगो नगर निगम का चुनाव 23 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ था और 27 फरवरी 2026 को इसके परिणाम घोषित किए गए थे। परिणाम के अनुसार वार्ड संख्या-7 से अशोक कुमार निर्वाचित घोषित किए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वार्ड संख्या-7 की सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित थी, जबकि निर्वाचित प्रत्याशी अशोक कुमार के पास जो जाति प्रमाण पत्र है, वह दर्जी जाति का बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी के पास संबंधित श्रेणी का वैध जाति प्रमाण पत्र नहीं है।

# रामनवमी महासमिति अध्यक्ष के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में, 14 मार्च को चुनाव

**हजारीबाग।** जिले की रामनवमी विश्व प्रसिद्ध है। इसे देश के सबसे बड़े जुलूस के रूप में भी देखा जाता है। जहां 36 घंटे तक राम भक्त नाचते गाते मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव मनाते हैं। इस त्योहार की तैयारी होली के बाद से शुरू होती है। सबसे पहले रामनवमी महासमिति अध्यक्ष का चयन होता है। उनके हाथों में यह जिम्मेदारी दी जाती है कि वह शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराए। इस बार महासमिति अध्यक्ष पद के लिए 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 14 मार्च को चुनाव होगा और यह तय होगा कि कौन 2026 की रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष बनेगा। हजारीबाग रामनवमी समिति का अध्यक्ष कौन होगा इसे लेकर राम भक्तों का उत्साह चरम सीमा पर है। हजारीबाग के 10 राम भक्तों ने अध्यक्ष बनाने की दावेदारी पेश की है। अध्यक्ष पद के चयन को लेकर श्री राम जानकी मठ बड़ा अखाड़ा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महंत विजयानंद दास ने की जिसमें किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पायी, जिसके बाद रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए कुल 10 लोगों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की। अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत करने वालों में किशन यादव, पुरुषोत्तम पांडेय, लड्डू यादव उर्फ करण यादव, अजय दास, दीप नारायण, राजकुमार सोनी, दीपक देवराज, मनीष यादव उर्फ चरका, घोंचु बंगाली और आशीष सिन्हा शामिल हैं। 9 तारीख के शाम तक नाम वापसी का समय रखा गया है।

### चलती वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने चलती वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना कदमा-नावाटांड रेलवे ट्रैक के पास हुई। मृतक की पहचान नावाटांड निवासी ईश्वर राम के रूप में की गई है।

घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन कोडरमा से हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी।

इसी दौरान कदमा-नावाटांड रेलवे ट्रैक के पास युवक अचानक ट्रेन के सामने आ गया। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

## क्षत्रिय गौरव यात्रा को सफल बनाने को लेकर खरका में बैठक

# 15 मार्च को रांची चलने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के अमलीया पंचायत अंतर्गत खरका गांव में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 15 मार्च 2026 को राजधानी रांची में आयोजित क्षत्रिय गौरव यात्रा को सफल बनाने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक में क्षेत्र के कई गांवों से आए क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षत्रिय महासभा झारखंड के प्रदेश संयोजक परवीन कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री सूरज देव सिंह तथा गुमला जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि सामाजिक एकता को मजबूत करने, अपने अधिकारों की रक्षा करने और सरकार द्वारा सवर्ण समाज के साथ किए जा रहे कथित भेदभावपूर्ण रवैये के विरोध में इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रत्येक गांव के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में 15 मार्च को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की जरूरत है। इसके लिए गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सामूहिक रूप से समाज के लोगों को रांची ले जाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस गौरव यात्रा में शामिल हो सकें। इस अवसर पर गुमला जिला उपाध्यक्ष देवकुमार सिंह, संरक्षक विपिन कुमार सिंह, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष अरुणजय सिंह समेत सुदर्शन सिंह, हरिकिशुन सिंह, विजय सिंह, निखिल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण से बढ़ता है अवसाद : सुनील

नवीन मेल संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान गदरा जागृति और देहात क्षेत्र में नारायण भोजन कराया गया और ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मार्ग प्रचारक संघ के सुनील आनंद ने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक कीर्तन करना चाहिए और अनन्य भाव से बाबा नाम केवलम् का कीर्तन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कीर्तन करने से मन जड़ वस्तुओं के आकर्षण से ऊपर उठता है और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि अवसाद (डिप्रेशन) के विभिन्न कारणों में जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण भी एक प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में 34 करोड़ से अधिक लोग अवसाद से पीड़ित हैं, जबकि भारत में लगभग 5 प्रतिशत यानी करीब 6 करोड़ लोग इस समस्या से ग्रस्त हैं। सुनील आनंद ने कहा कि आज मनुष्य के जीवन जीने का ढंग बदल गया है। व्यक्ति आत्मसुख में लिप्त होकर स्वार्थी होता जा रहा है और आर्थिक विषमता के कारण समाज में बिखराव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की आड़ में युवक-युवतियां चारित्रिक पतन की ओर बढ़ रहे हैं, जिसके कारण अंततः हताशा और निराशा पैदा होती है और व्यक्ति अवसादग्रस्त हो जाता है। उन्होंने पतंजलि योगसूत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि मनुष्य पांच क्लेशों—अविद्या (अज्ञान), अस्मिता (अहंकार), राग (आसक्ति), द्वेष (विरक्ति) और अभिनिवेश (मृत्यु का भय) से ग्रस्त रहता है। उन्होंने कहा कि डिप्रेशन से मुक्ति के लिए अष्टांग योग का अभ्यास जरूरी है। उनके अनुसार अष्टांग योग के अभ्यास से शरीर की अंतःस्रावी ग्रंथियों के हार्मोन संतुलित होते हैं, जिससे विवेक का जागरण होता है।

### ग्रामीणों ने दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दीपोखर मुख्य बाजार में सोमवार को ग्रामीणों की सतर्कता से दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने दोनों की पहले पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, तेंतला गांव निवासी अनील सरदार की होंडा स्प्लेंडर बाइक शनिवार को हल्दीपोखर के साप्ताहिक हाट से चोरी हो गई थी। बाइक चोरी होने के बाद अनील सरदार ने इसकी लिखित शिकायत कोवाली थाना में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार को दो युवक उसी चोरी हुई बाइक से हल्दीपोखर बाजार पहुंचे। इस दौरान बाइक का नंबर प्लेट हटाया हुआ था। बाजार में मौजूद बाइक मालिक अनील सरदार और उसके दोस्तों ने गाड़ी को पहचान लिया। उन्होंने दोनों युवकों को रोककर बाइक के कागजात दिखाने को कहा।

# भरनो में बाल विवाह मुक्ति रथ को दिखाई हरी झंडी




नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** बाल विवाह के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर और भरनो थाना परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करेगा।

इस मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने कहा कि 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कराने वाले माता-पिता या अभिभावकों के साथ-साथ इसमें सहयोग करने वाले रिश्तेदारों को भी दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पंडित, मौलवी या पादरी द्वारा बाल विवाह कराया जाता है तो उन्हें भी कानून के तहत सजा दी जा सकती है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की कम उम्र में शादी करने से बचें और उन्हें बेहतर शिक्षा देकर उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करें।


**Government of Jharkhand**
**Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative**
**(Directorate of Dairy Development)**
**Jharkhand, Ranchi**

**Part- A**

e-Tender for 3 (three) years insurance of cow and buffalo under MMPVY in different districts of Jharkhand State.

*e-Tender No.- Dairy/08/2025-26*

Dairy Development Directorate, Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative, Government of Jharkhand, Ranchi invites proposals from IRDA registered company for insurance of cow and buffalo under MMPVY in different districts of Jharkhand State.

**Important Events**

| Sl. | Name of Work | Descriptions |
|---|---|---|
| 1 | Insurance of about 16810 numbers of cow and buffalo under MMPVY | Estimated tender value ₹ 11,59,89,000.00 |
| 2 | Earnest Money Deposite (EMD) | ₹ 23,19,780.00 (Refundable) |
| 3 | Date of publication of Tender on Website | 11.03.2026 |
| 4 | Period of downloading of tender documents | Start Date 11.03.2026 at 05:00 PM |
| 5 | Date of Pre-Bid Meeting | 13.03.2026 at 03:00 PM |
| 6 | Online Bid Submission Period | Start Date 11.03.2026 at 05:00 PM<br>End Date 26.03.2026 at 02:00 PM |
| 7 | Date of Technical bid opening | 27.03.2026 at 03:00 PM |
| 8 | Date of Opening of Financial Bid | Will be declared later on |
| 9 | Name & Address of the Office inviting e-Tender(Procurement Officer) | Director, Dairy, Directorate of Dairy Development, Training & Extension Institute Campus, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand |

***Units are Indicative**
**Detailed tender document can be downloaded and applied through website http://www.jharkhandtenders.gov.in**
**Note: The above dates may change due to unavoidable circumstances.**
**Tender notification & Tender document can also be seen (only reading purpose) on the Departmental website http://animalhusbandry.jharkhand.gov.in**

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in but submit only through NIC e-tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in.
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Validity of the contract Period – The validity of the rate contract shall generally be one year and shall not exceed two years.
4. EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gov.in portal.
5. All uploaded documents should be legible/readable, if not found readable then bidder(s) may be rejected. Unsigned uploaded documents will be rejected.
6. The scheduled mentioned above is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in & Notice Board at official address Director, Directorate of Dairy Development, Sector II, Dhurwa, Ranchi, PIN- 834004.

**Director, Dairy**
Directorate of Dairy Development
Jharkhand Ranchi

PR 374479 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

राष्ट्रीय नवीन मेल

# क्या गैर राजनीतिक लोगों के नेता बनने का दौर है?

भारत की राजनीति में एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, अचानक मुख्यमंत्री से लेकर चर्चित पीएम बनने वाले नरेंद्र मोदी, राजस्व सेवा के अधिकारी से सीएम केजरीवाल, कॉमेडियन से सीएम बनने वाले पंजाब के सीएम भगवंत मान, यूक्रेन के पीएम जेलेंस्की, प्रॉपर्टी ब्रोकर से राष्ट्रपति बनने वाले डोनाल्ड ट्रंप जैसे अनेकों नाम हैं जिसमें नेपाल का नाम जुड़ गया है जहां पॉप गायक से मेयर होते पीएम बनने जा रहे शाह ने एक बहस छेड़ दी है क्यों प्रोफेशनल नेताओं के बजाय अन्य चर्चित लोगों को पब्लिक अपना नेता चुन रही है? कितना सफल या असफल प्रयोग है यह परंपरा तो दूसरी ओर राजनीति के स्तर में सुधार की मांग करने वाली जनता वरिष्ठ पत्रकार,जज या अधिकारी रहे लोगों के सेवानिवृत्ति के बाद नेता बनने पर आपत्ति करती है? कई उठापटक के बाद नेपाल एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। हाल में हुए आम चुनावों ने देश की राजनीति में एक बड़े परिवर्तन का संकेत दिया है। इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की भारी जीत और इसके नेता बालेंद्र (बालेन) शाह का संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उभरना सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि नेपाली राजनीति में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक माना जा रहा है। ये चुनाव उस पृष्ठभूमि में हुए, जब 2025 में हुए जनरेशन-जेड (जेन-जी) के विरोध प्रदर्शनों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया था और देश में पारंपरिक राजनीतिक नेतृत्व के प्रति गहरे असंतोष की भावना सामने आई थी। पिछले दो दशकों से नेपाल लगातार राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। पिछले अठारह वर्षों में देश में लगभग चौदह सरकारें बदल चुकी हैं। गठबंधन की राजनीति, दलों के बीच वैचारिक मतभेद और नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा ने शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। 2026 का चुनाव पुराने दलों के प्रदर्शन पर एक तरह से जनमत संग्रह भी था, जिन्होंने वर्षों तक नेपाल की राजनीति पर प्रभुत्व बनाए रखा। जेन-जी आंदोलन ने देश की राजनीति को झकझोर दिया था। शुरुआत में ये विरोध प्रदर्शन सोशल मीडिया पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ हुए थे, लेकिन जल्द ही यह भ्रष्टाचार, कुशासन और राजनीतिक संरक्षणवाद के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन में बदल गया। बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की मांग की। अंततः प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने और नए चुनाव कराने की जिम्मेदारी पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सौंपी गई। इस बार लगभग 1.89 करोड़ मतदाता 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए मतदान करने योग्य थे। चुनाव में लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में कुछ वर्ष पहले स्थापित आरएसपी ने अप्रत्याशित रूप से बड़ी सफलता हासिल की है। इस परिवर्तन के केंद्र में पैंतीस वर्षीय बालेन शाह हैं, जो नेपाली राजनीति में नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक समय वह रैपर और सोशल मीडिया से जुड़े व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान तब मिली, जब उन्होंने 2022 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काठमांडो के मेयर का चुनाव जीता। तब भी उनकी जीत को पारंपरिक राजनीति के खिलाफ जनता की नाराजगी का संकेत माना गया था। इस बार चुनाव में उन्होंने झापा-5 संसदीय क्षेत्र में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को भारी अंतर से हराया। उनके चुनाव अभियान का मुख्य केंद्र भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक पारदर्शिता और राजनीतिक नेतृत्व में पीढ़ीगत परिवर्तन का वादा रहा। आरएसपी का उभार मुख्य रूप से नेपाल के युवाओं की आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। जेन-जी आंदोलन ने ऐसा राजनीतिक माहौल बनाया, जिसमें नई राजनीतिक शक्तियों को उभरने का अवसर मिला। बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं ने चुनाव परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। आरएसपी ने सोशल मीडिया, डिजिटल प्रचार और जमीनी संपर्क के माध्यम से युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंच बनाई। काठमांडो घाटी जैसे शहरी क्षेत्रों और युवा वर्ग में आरएसपी को मजबूत समर्थन मिला। साफ है कि तेजी से बदलते शहरी समाज की अपेक्षाएं पारंपरिक राजनीतिक संरचनाओं से अलग हो चुकी हैं। कई शहरी मतदाताओं को लगता है कि पुराने दल भ्रष्टाचार, अक्षमता और वंशवादी राजनीति के प्रतीक बन गए हैं, जबकि नई पीढ़ी का नेतृत्व पारदर्शिता और जवाबदेही का संदेश देता है। इन चुनावों ने पारंपरिक दलों की कमजोरी को भी उजागर किया है। कई वरिष्ठ नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) अब भी देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, लेकिन उनकी घटती लोकप्रियता इस बात का संकेत है कि उन्हें अपने संगठन और नेतृत्व में सुधार करना होगा। भारत विशेष रूप से नेपाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर ध्यान दे रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की जनता को शांतिपूर्ण और सफल चुनावों के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि नई सरकार दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगी। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध बेहद गहरे हैं, इसलिए काठमांडो में स्थिर सरकार का गठन क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी अहम माना जाता है। भारत और चीन के बीच स्थित नेपाल को हमेशा संतुलित विदेश नीति अपनानी पड़ती है। नए नेतृत्व के सामने यह चुनौती होगी कि वह दोनों प्रमुख पड़ोसियों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखे। घरेलू स्तर पर भी नई सरकार से अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। युवा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ हैं। इसलिए सिर्फ राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं, बल्कि व्यापक संस्थागत सुधार जरूरी है। नई सरकार को यह साबित करना होगा कि उसके वादे केवल चुनावी नारे नहीं, बल्कि व्यावहारिक नीतियों में बदल सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में भी नेपाल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीमित औद्योगिक विकास, विदेशों में काम करने वाले नेपाली श्रमिकों से आने वाली रेमिटेंस पर अत्यधिक निर्भरता और युवाओं के लिए रोजगार के सीमित अवसर जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। यदि नई सरकार इन मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाती, तो जनता की उम्मीदें जल्द ही निराशा में बदल सकती हैं। राजनीतिक स्थिरता बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। नेपाल में गठबंधन सरकारों और बार-बार सत्ता परिवर्तन का इतिहास रहा है। भले ही आरएसपी को मजबूत जनसमर्थन मिला हो, लेकिन शासन की जटिलताओं को संभालना एक बड़ी परीक्षा होगी। अब उसे एक परिपक्व शासक दल के रूप में स्वयं को साबित करना होगा। फिर भी 2026 के चुनावों ने नेपाल के लोकतांत्रिक विकास में एक नया अध्याय खोल दिया है। अब देखना होगा कि यह राजनीतिक परिवर्तन किस दिशा में जाता है। नेपाल की जनता चाहती है कि यह परिवर्तन बेहतर शासन, मजबूत संस्थाओं और अधिक समावेशी राजनीतिक भविष्य के रूप में सामने आए।सबसे बड़ी बात यह है कि पेशेवर नेताओं की तुलना में यदि समाज के अन्य सितारों पर पब्लिक भरोसा जताती है तो उन्हें भी अपनी क्षमता और प्रदर्शन से जनता को संतुष्ट करना चाहिए।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विचार प्रवाह
मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मन्दिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध - संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

# अंतरराष्ट्रीय रामनवमी जुलूस से पहले ही मंगला जुलूस के रंग में रंग जाता है हजारीबाग

आज की बात



विजय केसरी

> इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही हजारीबाग का मंगला जुलूस का इतिहास भी भक्तिपूर्ण है।

होली के बाद हजारीबाग में इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगल जुलूस' की तैयारी शुरु हो जाती है। रामभक्तों ने उल्लास में होली के अगजा के ही दिन पंचमंदिर से मंगल जुलूस निकाल दिया था। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही हजारीबाग का मंगला जुलूस का इतिहास भी भक्तिपूर्ण है । मंगला जुलूस निकालने की परंपरा 1955 से शुरू हुई थी जबकि रामनवमी जुलूस लगभग सैंतीस वर्ष पहले से निकल रहा था । बृहद रामनवमी जुलूस के अवसर पर बेहतर ढंग से शस्त्र प्रदर्शन हो, इस निमित्त हर मंगलवार को जुलूस निकालने की परंपरा शुरू हुई थी।

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1918, में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन (चैत्र नवमी) पर अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर पहला महावीरी झंडा का जुलूस निकाला था जिसका समापन विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा के बाद हुआ था। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह अंतररष्ट्रीय रामनवमी जुलूस के रूप में प्रसिद्ध हो जाएगा। गुरु सहाय ठाकुर के नाती सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने बताया कि गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही भगवान राम के अनन्य भक्त रहे थे। वे समाज में जात - पात, व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को दूर करना चाहते थे। एक रात गुरु सहाय ठाकुर ने स्वप्न देखा कि उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर महावीरी झंडा लेकर नगर का भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की है । लोगों ने उन्हें बताया कि भगवान राम आपके माध्यम से महावीरी झंडा निकलवाना चाहते हैं। संकल्प लेकर निकाले गए जुलूस को जन-जन तक पहुंचाने में हजारीबाग नगर के हीरा लाल महाजन, टीभर गोप, कर्मवीर , कन्हैया गोप,घनश्याम कहार, पांचू गोप, महावीर मिस्त्री मूर्तिकार, गजाधर महाजन, कस्तूरीमल अग्रवाल जैसे सैकड़ों जन ने महती भूमिका निभाई थी । बाद के कालखंड में जब भी मंगला जुलूस हजारीबाग में निकलता था, तब उपरोक्त हिंदू धर्मानुरागियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका अदा की थी।

हजारीबाग नगर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, जिस मंदिर में पूजा अर्चना 1901 से प्रारंभ हो गई थी। इसी वर्ष यह मंदिर एक दान पत्र के माध्यम से सार्वजनिक पूजा के लिए समर्पित कर दिया गया था। इस मंदिर में बनारस के कारीगरों द्वारा बनाया गया एक विशाल महावीरी झंडा लाया गया था । इस झंडे में भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर भक्त हनुमान की आकर्षक आकृति उकेरी हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर ने पंच मंदिर के महावीरी झंडा को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि रामनवमी के जुलूस में इस के महावीरी झंडा को शामिल करने की इजाजत दी जाए । लेकिन तत्कालीन राधा कृष्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। आगे चलकर एकल रामनवमी झंडा जुलूस की सूरत बदलती चली गई थी। अब सैकड़ों की संख्या में इस जुलूस में महावीरी झंडे शामिल होने लगे थे। बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर राधा कृष्ण मंदिर का महावीरी झंडा रामनवमी के जुलूस में शामिल किया जाने लगा था।

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर रामनवमी जुलूस के माध्यम से हिंदू समाज में जागृति लाना चाहते थे। वे हिंदुओं में एक संगठन पैदा करना चाहते थे। यह भी जानकारी मिली कि ब्रिटिश शासन काल में ईसाई धर्म प्रचार के क्रम में हजारीबाग सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर इस महावीरी झंडा जुलूस के माध्यम से हिंदुओं के भीतर भगवान राम की भक्ति का अलख जगाना चाहते थे। हिंदू धर्मावलंबियों के अन्य धर्म में परिवर्तित होने के बाद उन्हें कतई पसंद नहीं थी। इस महावीरी जुलूस के माध्यम से गुरू सहाय ठाकुर धर्म परिवर्तन को रोकना चाहते थे। इसलिए उन्होंने हर हिंदू के घर में राम चरित मानस रखने की बात भी बताई थी। वे समाज में व्याप्त जात-पात, कुरीति,अंधविश्वास और अस्पृश्यता को जड़ से मिटा देना चाहते थे। इस कालखंड में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक हिंदू घरों मे शराब का सेवन हुआ करता था। उन्होंने महावीर झंडे के माध्यम से घर-घर में होने वाले शराब के सेवन को बंद कराने का भी आह्वान किया था। समाज पर इसका बहुत ही व्यापक असर हुआ था। देश की आजादी के बाद जब पहला महावीर झंडा निकाला गया था, तब इसकी सूरत ही बदली हुई नजर आई थी। देश की आजादी के बाद जुलूस के स्वरूप में क्रमवार विस्तार ही होता चला गया। हजारीबाग नगर में रामनवमी जुलूस हेतु कई समितियों का निर्माण होना शुरु हो गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई समितियों का निर्माण हुआ। गुरु सहाय ठाकुर महावीर झंडा जुलूस के माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर देवी मंडप एवं अन्य देवी-देवताओं के पूजा स्थलों की स्थापना में अपनी महती भूमिका निभाई थी। यह सब उन्होंने हिंदू धर्म के जागृति पैदा करने के लिए किया था।

आजादी के चार-पांच वर्षों के बाद मंगला जुलूस का निकलना प्रारंभ हुआ था। तब आज की तरह मंगला जुलूस का यह स्वरूप नहीं था। मंगला जुलूस हजारीबाग नगर के विभिन्न समितियों द्वारा निकाले जाते थे, तब यह निश्चित हो जाता था कि इतनी संख्या में रामनवमी जुलूस निकाले जाएंगे। धीरे-धीरे मंगला जुलूस के स्वरूप में भी विस्तार होता चला गया। यह मंगला जुलूस नगर के प्रमुख मंदिर राधा कृष्ण मंदिर, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी, खजांची तालाब मंदिर, महावीर मंदिर, कुमार टोली महावीर आदि मंदिरों में महावीरी लंगोटा एवं प्रसाद चढ़ाकर, भ्रमण कर शस्त्र परिचालन प्रदर्शन कर अर्धरात्रि तक समाप्त हो जाया करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**10 मार्च हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के पहले 'मंगला जुलूस' पर विशेष**



राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



## शरीर-मन-बुद्धि से परे



स्वामी चिन्मयानंद

बुद्धि के द्वारा मैं अपने विचारों पर चिंतन करता हूँ। शरीर, मन तथा बुद्धि का स्वभाव है ग्रहण करना, अनुभव करना तथा विचार करना। नश्वर तथा सीमित अहंकार के रूप में साधक, इन तीनों से अपनी पहचान जोड़ लेने के कारण, अपने शरीर, मन व बुद्धि के धर्मों के अनुसार जीवन में निर्वाह करता है तथा मात्र ग्रहणकर्ता, अनुभूतिकर्ता और विचारकर्ता के रूप में ही अस्तित्व बनाए रखता है। यह ग्रहणकर्ता-अनुभावकर्ता-विचारकर्ता रूपी व्यक्तित्व ही हमारा जीवत्व है, जो 'अहं' के रूप में अभिव्यक्त होता है। ये हमारे 'मूल' धर्म नहीं हैं। चूँकि ये 'गैर-मूल' धर्म हैं, अत: समस्त धर्मों का परित्याग करने का अर्थ - अहंकार का अंत करना है। यह विचार हमें चकित कर सकता है क्योंकि हमें बचपन से यही विश्वास कराया गया है कि यही शरीर, मन तथा बुद्धि ही हमारा वास्तविक स्वरूप है। लेकिन यदि हम थोड़ा गहराई से चिंतन करें, तो स्पष्ट होगा कि हम इन उपकरणों में से किसी के भी समान नहीं हो सकते। इसके तीन सरल कारण हैं; जब हम 'मेरा' शब्द का प्रयोग करते हैं, तो वह वस्तु या गुण सदैव हमसे भिन्न होता है। जब हम कहते हैं- 'मेरा' फ़ोन, तो इसका अर्थ है कि मैं भिन्न हूँ व फ़ोन भिन्न है तथा वह मेरे स्वामित्व में है। जब हम कहते हैं- 'मेरा' घर, तो इसका अर्थ है कि मैं भिन्न हूँ व घर भिन्न है तथा वह मेरे अधीन है। इसी प्रकार हम सब कहते हैं- 'मेरा' शरीर, 'मेरा' मन, 'मेरा' स्वभाव। जो 'मेरा' है वह 'मैं' कैसे हो सकता है ? ये सारे उपकरण केवल मेरे हैं, पर मैं नहीं हूँ। शरीर, मन तथा बुद्धि प्रत्येक क्षण परिवर्तनशील हैं।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# निशांत कुमार का राजनीतिक उदय

बिहार की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां सत्ता के गलियारों में बदलाव की सरसराहट नहीं, बल्कि एक युग के अवसान और नए नेतृत्व के अभ्युदय की पदचाप सुनाई दे रही है। पिछले दो दशकों से बिहार की नियति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक यात्रा के उस पड़ाव पर कदम रखा है, जहां से वापसी के रास्ते संगठन की मजबूती और उत्तराधिकार के प्रश्न पर जाकर टिक जाते हैं। जेडीयू के भीतर लंबे समय से जिस सन्नाटे को महसूस किया जा रहा था, वह 8 मार्च 2026 को पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में नारों की गूँज के साथ टूट गया। निशांत कुमार का राजनीति में औपचारिक प्रवेश केवल एक व्यक्ति का दल में शामिल होना नहीं है, बल्कि यह एक क्षेत्रीय दल के अस्तित्व को बचाने की उस छटपटाहट का परिणाम है, जो अक्सर 'वन मैन शो' वाली पार्टियों में उनके शीर्ष नेता के सक्रिय राजनीति से दूर होने पर दिखाई देती है। नीतीश कुमार ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में जिस समाजवाद और वंशवाद विरोधी विचारधारा का झंडा बुलंद किया, आज उनकी पार्टी उसी वंशवाद के छाते तले खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। यह भारतीय राजनीति की एक कड़वी हकीकत है कि क्षेत्रीय दल विचारधारा से ज्यादा एक चेहरे से बंधे होते हैं और जब वह चेहरा धुंधला पड़ने लगता है, तो कार्यकर्ता किसी ऐसे नाम की तलाश करते हैं जो उस विरासत को संजो सके। निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे एक ऐसे पिता के उत्तराधिकारी बनकर आए हैं जिन्होंने अपनी शर्तों पर राजनीति की है। नीतीश कुमार वह शख्सियत रहे हैं जिन्होंने विधानसभा में संख्या बल कम होने के बावजूद गठबंधन के साथियों को अपनी उंगलियों पर नचाया और चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर यह साबित किया कि राजनीति में करिश्मा और चाणक्य नीति का मेल क्या होता है। 2025 के विधानसभा चुनावों ने नीतीश कुमार की लोकप्रियता पर उठ रहे तमाम सवालों पर विराम लगा दिया था। उनके गिरते स्वास्थ्य और भूलने की बीमारी की चर्चाओं के बीच जब परिणाम आए, तो वे चौंकाने वाले थे। जनता ने उन्हें न केवल वोट दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि बिहार के ग्रामीण अंचलों में आज भी 'सुशासन बाबू' की धमक बरकरार है। यहां तक कि भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी सफलता के पीछे भी नीतीश कुमार का वह अति पिछड़ा और महिला वोट बैंक सक्रिय था, जो खामोशी से उनके पक्ष में लामबंद रहता है। लेकिन अपने राजनीतिक चरमोत्कर्ष पर नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का फैसला और पार्टी की बागडोर परोक्ष रूप से निशांत कुमार के हाथों में सौंपने की तैयारी ने कार्यकर्ताओं को हतप्रभ कर दिया है। निशांत के स्वागत में लगे 'निशांत हैं तो निश्चिंत हैं' के नारे दरअसल कार्यकर्ताओं के उसी भय को दर्शाते हैं जो नीतीश के बिना पार्टी के बिखरने की आशंका से पैदा हुआ है। 40 वर्षीय निशांत, जो पेशे से इंजीनियर हैं और अब तक सक्रिय राजनीति की चकाचौंध से दूर रहे, उनके लिए यह डगर कांटों भरी है। राजनीति कोई इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं है जहाँ फार्मूलों से नतीजे निकाले जा सकें, यहाँ समीकरण हर पल बदलते हैं। उनकी पहली और सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के उस मूल आधार-कुर्मी, कोइरी और अति पिछड़ा वर्ग-को अपने साथ जोड़े रखने की है, जो नीतीश कुमार के व्यक्तित्व के आकर्षण में जेडीयू के साथ रहा है। क्या एक सौम्य और राजनीति से दूर रहा युवा इन वर्गों की आकांक्षाओं को वह स्वर दे पाएगा जो उनके पिता ने दिया था? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि तेजस्वी यादव और चिराग पासवान जैसे युवा नेता पहले से ही बिहार की मिट्टी में अपनी जड़ें गहरी कर चुके हैं। निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री एक ऐसे समय में हुई है जब उनके प्रतिद्वंद्वी राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी बन चुके हैं।


आपकी बात



महेंद्र तिवारी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

**पहले हिलमिल कर रही, फिर औचक टकराव।**
**उलझाकर खुद गुम हुई, हवा दिखा कर भाव।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# समाज के लिए जरुरी है समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष न्याय

न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी तटस्थता का प्रतीक है, लेकिन न्याय प्रदान करने वाले हाथ जब विविधता और संवेदनशीलता से भरे होते हैं, तो लोकतंत्र और मजबूत होता है। इसी विचार को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष10 मार्च को विश्व महिला न्यायाधीश दिवसमनाया जाता है। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि न्यायपालिका में लैंगिक असमानता को पाटने, न्यायपालिका के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की पूर्ण और समान भागीदारी सुनिश्चित करने,महिला न्यायाधीशों की प्राथमिकताएं, न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष बनानेऔर कांच की छतको तोड़ने के संकल्प लेने का दिन है। न्याय में महिलाएं, न्याय के लिए महिलाएं- यह इस दिवस का मुख्य अभियान है, जिसका उद्देश्य उच्च न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या बढ़ाना, जहां वर्तमान में भारत में यह केवल 13-14 प्रतिशतके आस-पास है। महिलाओं को केवल न्यायाधीश के रूप में ही नहीं, बल्कि मुख्य न्यायाधीश और कॉलेजियम जैसे निर्णय लेने वाले पदों पर आसीन करना है। महिला न्यायाधीशों की उपस्थिति न्याय वितरण की गुणवत्ता में सुधार करती है। उनकी प्राथमिकताओं में आधी आबादी के अनुभवों व घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसे चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझना और उन पर सहानुभूतिपूर्ण निर्णय देना आदि विविध दृष्टिकोण तथा अपराध के पीड़ितों, विशेषकर महिलाओं व बच्चों के लिए अदालतों को अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाना आदि पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण शामिल हैं। भारत प्राचीनकाल से ही महिला न्याय के प्रति संवेदनशील रहा है। वैदिक, औपनिषदिक और पौराणिक ग्रंथों के समीचीन अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उस समय न्यायाधीशका आधुनिक पद विशेष रूप से महिलाओं के लिए उल्लेखित नहीं है, लेकिन न्यायिक निर्णयों, शास्त्रार्थ और सामाजिक न्याय में महिलाओं की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली थी। ऋग्वेद और अथर्ववेद के अनुसार उस समय न्याय व्यवस्था मुख्य रूप से सभाऔर समितिजैसी संस्थाओं के माध्यम से संचालित होती थी। और महिलाएं न्यायिक और राजनीतिक संस्थाओं की सभा में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं, हालांकि बाद के समय में यह भागीदारी कम होती गई। अथर्ववेद में महिलाओं को इन सभाओं में वक्ता और निर्णायक भूमिका निभाने के लिए साहसी और विद्वान होने का उपदेश दिया गया है। घोषा, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं को ब्रह्मवादिनीकहा जाता था। वे केवल ऋचाओं की रचयिता नहीं थीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक आचरण पर निर्णय देने वाली आध्यात्मिक गुरु भी थीं। उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका दार्शनिक और बौद्धिक जिरह करने वाली के रूप में अधिक दिखाई देती है, जो न्याय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बृहदारण्यक उपनिषद में गार्गी वाचक्नवी ने राजा जनक के दरबार में ऋषि याज्ञवल्क्य को चुनौती दी थी। राजा जनक का दरबार उस समय का सबसे बड़ा न्यायिक और दार्शनिक मंचथा, जहां गार्गी ने एक परीक्षक की भूमिका निभाई थी। इसी तरह उपनिषद पात्रीमैत्रेयी ने भी अमरत्व और न्याय के दार्शनिक पहलुओं पर गंभीर संवाद किए, जो कानून के नैतिक आधार को समझने में मदद करते हैं। शंकराचार्य और मण्डन मिश्र के बीच हुए प्रसिद्ध शास्त्रार्थ में मण्डन मिश्र की पत्नी उभय भारती को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था, जिन्होंने दोनों विद्वानों के गले में फूलों की माला डाली और घोषणा की कि जिसकी माला पहले कुम्हला जाएगी, वह हार जाएगा।जब उनके पति हार गए, तो उन्होंने निष्पक्षता के साथ शंकराचार्य को विजयी घोषित किया।

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा ने आयोग को दिया सुझाव**

# एक से दो चरणों में चुनाव कराने की मांग

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी। पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव आयोग के सामने रखे। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक चलने वाली चुनाव प्रक्रिया से हिंसा और प्रशासनिक दखल की आशंका बढ़ जाती है। पार्टी ने आयोग से मांग की कि छह सप्ताह तक 7–8 चरणों में मतदान कराने के बजाय कम समय में अधिकतम एक या दो चरणों में मतदान कराया जाए। साथ ही, पिछले तीन चुनावों 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के आदेश से स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारियों को फिर से ट्रांसफर करने की मांग की। भाजपा ने "संवेदनशील बूथ" के बारे में बताते हुए कहा कि जहां पिछले तीन चुनावों के दौरान मतदान के समय या उसके बाद हिंसा हुई हो, या जहां 85 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है और अशांति फैलाई जा सकती है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा ने पश्चिम बंगाल पुलिस पर निर्भरता कम करने की बात कही। पार्टी ने मांग की कि पर्याप्त संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की अग्रिम तैनाती की जाए और उनके लिए क्षेत्र से परिचित कराने हेतु हैंडबुक उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सीएपीएफ के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि बल की तैनाती व आवाजाही पूरी तरह पारदर्शी हो और जवान स्थानीय लोगों से किसी प्रकार की मेहमाननवाजी स्वीकार न करें। भाजपा ने यह भी सुझाव दिया कि सामान्य पर्यवेक्षकों और पुलिस पर्यवेक्षकों को काफी पहले से तैनात किया जाए ताकि वे स्वतंत्र आकलन कर सकें।



## भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) एक या दो चरणों में चाहती है चुनाव, टीएमसी सहमत नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग से एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की है। इसमें सिर्फ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की राय अलग रही। पश्चिम बंगाल भाजपा ने पहले ही अपने बयान में बताया था कि उनकी पार्टी ने ईसीआई के पूर्ण बेंच से साफ कहा कि एक या दो चरणों में चुनाव कराना ज्यादा उचित होगा। कम समय में एक या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में चुनाव कराना, छह हफ्तों तक चलने वाले सात से आठ फेज के लंबे चुनावों से कहीं बेहतर होगा।पश्चिम बंगाल भाजपा ने सोमवार को ईसीआई के सामने 16 बिंदुओं की मांग रखी, जिसमें सबसे पहली मांग यही थी कि चुनाव जल्दी और कम चरणों में कराए जाएं। सीपीआई (एम) और कांग्रेस की राज्य इकाइयों के प्रतिनिधिमंडल, जो दिन में पहले चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मिले थे, ने भी इसी बात पर जोर दिया। सीपीआई(एम) के राज्य सचिव और पोलित ब्यूरो सदस्य एमडी सलीम ने कहा कि उनकी पार्टी भी यही चाहती है कि चुनाव कम चरणों में हों। वहीं, कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि कांग्रेस के लिए चरणों की संख्या से ज्यादा जरूरी है कि चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। सिर्फ तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल इस मांग के समर्थन में नहीं था। शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि ईसीआई की पूरी बेंच के साथ मीटिंग पोलिंग के फेज पर चर्चा करने की जगह नहीं थी। ईसीआई ने भी कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों से हुई बातचीत में लगभग सभी ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की बात कही।



# युवाओं की विकसित होती सोच देश की सबसे बड़ी ताकत : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद आयोजित वेबिनार श्रृंखला के चौथे वेबिनार को संबोधित किया, जिसका विषय था "सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति।" पीएम ने बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का स्वागत किया। पीएम ने कहा, "जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति मात्र एक विषय नहीं है। यह इस बजट का मूल उद्देश्य और इस सरकार का संकल्प है।" पीएम मोदी ने विशेष रूप से उभरती 'देखभाल अर्थव्यवस्था' और वैश्विक स्तर पर देखभालकर्ताओं की बढ़ती मांग की ओर ध्यान आकर्षित किया और विशेषज्ञों से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा, "मैं इस वेबिनार में उपस्थित स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से नए प्रशिक्षण मॉडल और साझेदारियों को विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह करूंगा ताकि देश में प्रशिक्षण व्यवस्था और भी मजबूत हो सके।" प्रधानमंत्री ने दूरस्थ क्षेत्रों तक टेलीमेडिसिन की पहुंच की सफलता का उल्लेख किया। इसकी बढ़ती लोकप्रियता को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने उपयोगकर्ता अनुभव को और सरल बनाने तथा जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा, "मेरा मानना है कि टेलीमेडिसिन के बारे में जागरूकता और इसके उपयोग में आसानी बढ़ाने की अभी भी आवश्यकता है।




### एवीजीसी और उभरती तकनीकों में अवसर बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारत के युवाओं की विकसित होती सोच को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया और इस भावना के अनुरूप शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति एक ऐसे पाठ्यक्रम की नींव रखती है जो बाजार की मांगों और वास्तविक अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों के अनुरूप होना चाहिए। "हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना होगा।" शिक्षा, रोजगार और उद्यम के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने ए.वी.जी.सी. (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान-आधारित शिक्षा के केंद्रों में बदलने का आह्वान किया ताकि छात्रों को आवश्यक वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

### सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के हंगामा के बाद संसद की कार्यवाही 10 मार्च मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्षी सांसदों ने वेस्ट एशिया में बढ़ते विवाद पर केंद्र सरकार पर 'चुप्पी' का आरोप लगाया। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष ने प्रभावित देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने की भी मांग की है। इसके अलावा, विपक्षी नेताओं ने सरकार से यह बताने के लिए कहा है कि वह वेस्ट एशिया में अस्थिर स्थिति के कारण भारत पर पड़ने वाले संभावित एनर्जी संकट से निपटने का क्या इरादा रखती है। इससे पहले दिन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में बात की और स्थिति पर सरकार का रुख बताया। उन्होंने खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें निकालने से जुड़ी चिंताओं पर बात की। साथ ही भारत की एनर्जी सिक्योरिटी पर पड़ने वाले असर पर भी चर्चा की, हालांकि विपक्षी सांसदों ने कहा कि वह मंत्री के बयान से खुश नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उन नेताओं में शामिल थे जिन्होंने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज के वैश्विक हालात में भारत ने देश के अंदर और बाहर भारतीयों के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके बारे में विदेश मंत्री ने डिटेल में एक बयान दिया था, जिसमें हमारी एनर्जी सिक्योरिटी से लेकर लोगों की भलाई तक सब कुछ शामिल था। बदकिस्मती से, विपक्ष को यह भी नहीं पता कि उसे क्या करना है।

## पाकिस्तान ने ईरानी युद्धपोत को लेकर फैलाई झूठी खबर, एआई से बनाया फर्जी वीडियो

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक वीडियो तेजी से वायरल किया गया। इस वीडियो में यह दावा किया गया कि भारत ने ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस डेना की लोकेशन से जुड़ी जानकारी इजरायल को दी थी। हालांकि यह बात पूरी तरह झूठ और भ्रम फैलाने वाली है। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार यह झूठी खबर फैलाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक फर्जी वीडियो तैयार किया गया। पाकिस्तानी एजेंसी से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस फर्जी वीडियो को बढ़ावा दिया। इसके माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई है। दरअसल इस भ्रामक व फर्जी सामग्री को पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाया गया। आईएसपीआर का इकोसिस्टम इस झूठ में संलिप्त है। यह जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण फैलाने के इरादे से किया गया कृत्य था। यह पूरी कार्रवाई पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन से जुड़े दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। इन खातों ने डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो के माध्यम से भारत के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की। यह वीडियो एआई द्वारा निर्मित और डिजिटल रूप से परिवर्तित है, जिसमें रायसीना वार्ता में सेना प्रमुख के भाषण की एक फुटेज का उपयोग किया गया है। इस फुटेज को जानबूझकर भ्रामक कहानी गढ़ने के लिए एडिट किया गया है। फर्जी वीडियो के जरिए यह दावा कि भारत ने जहाज की लोकेशन इजरायल के साथ साझा की। हालाँकि यह बात पूरी तरह से झूठ और निराधार है।

## महबूबा मुफ्ती ने ईरान के समर्थन में जताई एकजुटता, कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती सोमवार को दिल्ली स्थित ईरानी कल्चरल सेंटर और एंबेसी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ईरान के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और वहां की स्थिति पर चिंता जताई। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वह इस मुश्किल समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यहां आई हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उनका मकसद ईरान के नागरिकों को यह संदेश देना है कि कश्मीरी लोग उनके दुख और संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई का जिक्र करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी और कहा कि वे अल्लाह से दुआ करती हैं कि उनकी कुर्बानी को कबूल किया जाए और उन्हें जन्नत में ऊंचा मुकाम मिले। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि ईरान के लोग बहादुर और हिम्मती हैं और कश्मीर के लोग उनके हौसले को सलाम करते हैं। महबूबा मुफ्ती ने इस मौके पर एक और अहम मुद्दा भी उठाया। उन्होंने ईरान में फंसे कश्मीरी छात्रों की स्थिति को लेकर ईरानी राजदूत के सामने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई कश्मीरी छात्र पढ़ाई के सिलसिले में ईरान में रहते हैं और मौजूदा हालात में उनके परिवार यहां काफी परेशान हैं। इसलिए उन्होंने मांग की कि इन छात्रों की सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर उनकी सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। ईरान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, "हम बुराई के खिलाफ इस जंग में उनकी जीत के लिए दुआ कर रहे हैं, क्योंकि ईरान अकेले एपस्टीन गैंग के खिलाफ लड़ रहा है।

## कोच्चि बंदरगाह पर ईरानी युद्धपोत के के लिए ईरान ने भारत का किया धन्यवाद : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लवन को कोच्चि बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी। इसे लेकर ईरान ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। ईरान ने भारत के इस कदम को "मानवीय" बताया। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान इसकी जानकारी दी। पश्चिम एशिया संघर्ष में बदलते हालात पर राज्यसभा में जयशंकर ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के साथ उच्च स्तरीय संपर्क बनाए रखना मुश्किल रहा है, हालांकि मौजूद चैनलों के जरिए डिप्लोमैटिक बातचीत जारी है। विदेश मंत्री ने कहा, "हालांकि कोशिशें की गई हैं, लेकिन इस समय नेतृत्व के स्तर पर ईरान के साथ संपर्क करना साफ तौर पर मुश्किल है। हालांकि, मैंने 20 फरवरी, 2026 और 5 मार्च, 2026 को विदेश मंत्री अराघची से बात की है। हम आने वाले दिनों में ये उच्च स्तरीय बातचीत जारी रखेंगे।" इस दौरान उन्होंने कोच्चि में अभी डॉक किए गए ईरानी नेवी के जहाज का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने उन हालातों के बारे में बताया जिनके तहत भारत ने जहाज को भारतीय पोर्ट में आने की इजाजत दी थी। बता दें, यह तब हुआ जब श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना के डूबने की घटना घटी। लगभग उसी समय, एक और ईरानी नौसेना का जहाज इस इलाके में काम करते समय तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद मदद मांगने के लिए भारत से संपर्क कर चुका था। ईएएम जयशंकर ने कहा, "ईरानी पक्ष ने 20 फरवरी, 2026 को इस इलाके के तीन जहाजों को हमारे पोर्ट पर डॉक करने की इजाजत मांगी थी। यह 1 मार्च, 2026 को मिल गई।



## लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का भाजपा व अन्य दलों ने किया विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने की मांग वाले प्रस्ताव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष की ओर से लाए गए इस प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष के कई नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ बताया है। भाजपा व उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने साफ कहा है कि उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पर पूरा विश्वास है और यह प्रस्ताव सदन में टिक नहीं पाएगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग संसद को चलने नहीं देना चाहते और इस तरह का प्रस्ताव लाना पूरी तरह अनुचित है।" उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव लाता है तो यह "बेवकूफी की हद पार करने" जैसा कदम होगा। वहीं, भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने अब तक यह स्पष्ट ही नहीं किया है कि आखिर किस कारण से वे लोकसभा अध्यक्ष को हटाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव सदन में बुरी तरह से हार जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल ने कई बार सदन में लोकसभा अध्यक्ष के पद का अपमान किया है, जो संसद की गरिमा के खिलाफ है। राहुल गांधी अपने नेतृत्व में अब तक 95 चुनाव हार चुके हैं और आने वाले चुनावों में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा सांसद अरुण गोविल ने भी लोकसभा अध्यक्ष के प्रति अपनी पार्टी का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सभी सांसदों का विश्वास ओम बिरला में है और विपक्ष को जो कहना है, वह कहता रहे।



# नवरात्रि के पहले दिन दुर्लभ संयोग, काशी के ललिता घाट पर भी शुरू होगी भव्य गंगा आरती

- **ललिता घाट वाराणसी के 84 घाटों में से एक प्रमुख घाट है और इसका नाम देवी मां ललिता (त्रिपुरसुंदरी) से जुड़ा है, जिनकी नवरात्रि में विशेष पूजा होती है।**
- **ललिता घाट पर 19 मार्च से गंगा आरती की शुरुआत की जाएगी।**

**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी के ललिता घाट पर भी अब गंगा आरती शुरू होने जा रही है। यह आरती श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा 19 मार्च से आयोजित की जाएगी। पहले से ही नमो घाट पर गंगा आरती होती रही है लेकिन अब ललिता घाट पर भी यह आरती श्रद्धालुओं के लिए शुरू हो रही है। खास बात यह है कि विक्रम संवत 2083 की शुरुआत ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 19 मार्च से हो रहा है और यह नवरात्रि का भी पहला दिन है। ऐसे दुर्लभ संयोग बहुत कम देखने को मिलते हैं। इस दिन से ललिता घाट पर गंगा आरती का शुरू होना अपने आपमें बहुत महत्वपूर्ण है।



ललिता घाट, जिसे चौरासी घाटों में से एक माना जाता है, इस नए आरती आयोजन के लिए चुना गया है। इस घाट का नाम और महत्व इस आयोजन को और भी विशेष बना रहे हैं। दरअसल, मां ललिता 'मां त्रिपुरसुंदरी' का ही एक नाम है, जिन्हें तंत्र साधना में सर्वोच्च देवी माना जाता है और नवरात्रि में इनकी विशेष पूजा-अराधना होती है। ऐसे शुभ संयोग मिलकर यह आयोजन बहुत ही दुर्लभ और खास बना रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का उद्देश्य ही सनातन आस्था को बनाए रखना और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगातार काम करना है। न्यास ने इस आरती का आयोजन इसलिए किया है ताकि लोग धार्मिक अनुभव के साथ-साथ सुविधा और सहजता से इसका आनंद ले सकें। ट्रस्ट का ध्यान सिर्फ आयोजन तक सीमित नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में आरती में भाग ले सकें। इस नई गंगा आरती का समय शाम 6 बजे रखा गया है और यह निरंतरता के साथ नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। ट्रस्ट का कहना है कि श्रद्धालु इस अवसर पर आएं और माता गंगा की आराधना में शामिल होकर अपनी भक्ति व्यक्त करें। इस आयोजन के साथ ही वहां सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालु अगर इस आयोजन के बारे में कोई सुझाव या शिकायत देना चाहें तो इसके लिए ट्रस्ट की ईमेल आईडी उपलब्ध है। ट्रस्ट का कहना है कि हर सुझाव और शिकायत का समाधान किया जाएगा।

## एक नजर

### मिडिल ईस्ट संकट से बाधित इंडिगो की लंदन-मुंबई फ्लाइट 10 मार्च को भरेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे किफायती माने जाने वाली एयरलाइन इंडिगो मिडिल ईस्ट संकट की वजह से 8 मार्च को मुंबई-लंदन उड़ान पूरी नहीं कर पाई थी। अब 10 मार्च को उस अधूरी यात्रा को पूरा किया जाएगा। ये फ्लाइट क्रू के तय अनिवार्य विश्राम के बाद उड़ान भरेगी। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस रुकावट के कारण अपनी यात्रा पूरी न कर पाने वाले यात्रियों के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रियों की मदद के लिए होटल में रहने की जगह और वीजा का प्रबंध किया गया है। यह तब हुआ है जब ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष के बीच मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में एयरस्पेस पाबंदियों के चलते कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। इससे पहले, नई दिल्ली से मैनचेस्टर जा रहे इंडिगो फ्लाइट को उस इलाके में अचानक एयरस्पेस पर पाबंदियों के कारण लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद लौटना पड़ा था।

### टीम इंडिया की जीत की खुशी में अमेठी के सुरेंद्र ने पूरे दिन खिलाई लोगों को मुफ्त चाट

**अमेठी।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। उत्तर प्रदेश के अमेठी में भी लोगों ने अनोखे अंदाज में खुशी मनाई। यहां एक युवक ने भारत की जीत की खुशी में पूरे दिन के लिए अपनी चाट की दुकान पर लोगों को मुफ्त चाट खिलाई। अमेठी के रहने वाले सुरेंद्र ने बताया कि भारतीय टीम की जीत से वह बेहद खुश हैं। इसी खुशी को लोगों के साथ साझा करने के लिए उन्होंने अपनी चाट की दुकान पर पूरे दिन मुफ्त चाट खिलाने का फैसला किया। सुरेंद्र की दुकान पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग चाट खाने पहुंचे और भारत की जीत का जश्न मनाया। लोगों ने सुरेंद्र की इस पहल की खूब सराहना की और इसे टीम इंडिया के लिए उनके प्यार का प्रतीक बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारत की जीत ने पूरे इलाके में उत्साह भर दिया।

### नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की सुनवाई 20 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अप्रैल के लिए निर्धारित किया है। ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट में राऊज एवेन्यू कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 20 अप्रैल तय की। दरअसल, यह हाई-प्रोफाइल मामला उन आरोपों से संबंधित है, जिनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नेशनल हेराल्ड अखबार के मूल प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति पर अवैध रूप से क जा करने के लिए साजिश रची। उन्होंने यंग इंडियन के माध्यम से मात्र 50 लाख रुपए की मामूली रकम का भुगतान किया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी शेयरधारक हैं। एजेंसी का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को गलत तरीके से अपने कब्जे में लिया। ईडी का दावा है कि जांच के दौरान फर्जीवाड़े और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अहम सबूत सामने आए।

### कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा की गई विधायकी, रामनिवास रावत घोषित हुए एमएलए



**विजयपुर।** मध्य प्रदेश के विजयपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने सोमवार को अपना महत्वपूर्ण फैसला सुना दिया। कोर्ट ने उपचुनाव को शून्य घोषित करते हुए पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत को विजयी बताकर विधायक घोषित कर दिया है। इस फैसले से विजयपुर की राजनीति में बड़ा बदलाव आ गया है और कांग्रेस के मौजूदा विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी छिन गई है। कोर्ट ने कहा कि मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन पत्र और चुनावी शपथ पत्र में गलत व अधूरी जानकारी दी थी, जो चुनाव आयोग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हुई। करीब 11 महीने पहले रामनिवास रावत ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दाखिल की थी। उन्होंने उपचुनाव को रद्द करने की मांग की थी। रावत का आरोप था कि कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा ने अपराधिक रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां छुपाईं। याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतिम बहस पूरी की और फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने रावत के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि नामांकन में गड़बड़ी के कारण चुनाव वैध नहीं था।

### भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में हजारों फर्जी मतदाताओं के नाम : दिग्विजय सिंह



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमाण सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश को ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। दिग्विजय सिंह ने ज्ञापन में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाना होता है, ताकि मृत अथवा प्रवासी व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने मतदाता सूची की जमीनी स्तर पर जांच कर यह पाया कि 21 फरवरी 2026 को जारी अंतिम मतदाता सूची में कई ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज कर दिए गए हैं जो संबंधित पते पर निवास ही नहीं करते। इस संबंध में जिन मकान मालिकों के पते पर फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं।

### चुनाव से पहले पुलिस प्रशासन में फेरबदल, नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले पर उठे सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्य पुलिस मुख्यालय (भवानी भवन) ने तीन महिला नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले का आदेश दिया है। यह जानकारी सोमवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में एक निर्देश जारी किया गया है। हाल के वर्षों में, राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से नागरिक स्वयंसेवकों के लिए औपचारिक स्थानांतरण सूचना जारी करने का कोई ज्ञात उदाहरण नहीं है। नागरिक स्वयंसेवक राज्य पुलिस बल के सदस्य नहीं होते हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस स्थिति को पहले ही स्पष्ट कर दिया है। एक पूर्व मामले में, न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि नागरिक स्वयंसेवकों को कानून और व्यवस्था संबंधी कर्तव्यों के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता। उस मामले में सरकार की अपनी नीति में भी कहा गया था कि उन्हें पुलिस के मूल कार्यों में या आधिकारिक पुलिस कार्यों में अधिकारियों की सहायता करने में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने संवैधानिक रूप से स्पष्ट कर दिया था कि नागरिक स्वयंसेवक पुलिसकर्मी नहीं होते। इसके बावजूद तीन महिला नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले का नोटिस भवानी भवन से जारी किया गया है। तबादले का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

## एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

**अहमदाबाद ।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूज़ीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।



**1. भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती :** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

**2. भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश :** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

**3. भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100+ छक्के लगाने वाली पहली टीम :** भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाए। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसने 2026 में ही 76 छक्के लगाए।


**4. भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया :** इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

**5. भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया :** अहमदाबाद में खेले गए 2026 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने 255 रन का विशाल स्कोर बनाया। यह टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। दूसरा स्थान भी भारत के नाम है, जिसने 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 176 रन बनाए थे। इसके बाद 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड का 172/4 और 2007 के फाइनल में भारत का 157/5 स्कोर शामिल है।

**6. भारत ने पावरप्ले में सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की :** भारत ने 2026 के फाइनल में पावरप्ले के 6 ओवर में 92 रन बनाए, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इस रिकॉर्ड में दूसरा स्थान भी 92 रन का है, जो वेस्टइंडीज ने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। इसके बाद नीदरलैंड्स का 91/1 और इंग्लैंड का 89/3 स्कोर आता है।

**7. भारत की सबसे बड़ी टी-20 वर्ल्ड कप जीत :** भारत ने 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत की सबसे बड़ी जीत 2026 में ही नामीबिया के खिलाफ 93 रन की थी, जबकि 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने 90 रन से जीत दर्ज की थी।

## कोच गंभीर ने जिम्बाब्वे मैच के लिए तैयार रहने को कहा था : संजू सैमसन



**अहमदाबाद ।** टीम इंडिया ने रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब को अपने नाम किया। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया। भारत की ऐतिहासिक जीत के नायक संजू सैमसन रहे। संजू ने फाइनल में भी 46 गेंदों में 89 रनों की दमदार पारी खेली। संजू ने बताया कि कोच गौतम गंभीर ने उन्हें कहा था कि वह जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले मैच के लिए तैयार रहें। संजू सैमसन ने खिताबी मुकाबले में मिली जीत के बाद जियोस्टार से कहा, "मैं जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से पहले जिम में कोच गौतम गंभीर से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला मुकाबला खेलने वाले हो।' मैं 100 प्रतिशत तैयार था। मेरे मन में मैंने कहा, हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था। संजू ने बताया कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह पाने के लिए अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं एक बात आपको बेहद ईमानदारी के साथ बताना चाहता हूं कि मुझे स्क्वॉड में अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करता हूं।" सैमसन ने कहा कि न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान वह हर वक्त बस यही सोच रहे थे कि वह टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि जब मैं टीम में जगह बनाने के लिए लड़ रहा था, तो मेरा प्रदर्शन बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा।

## जयपुर पोलो टीम ने सीजन का नौवां टाइटल जीता



**एजेंसी । जयपुर**

जयपुर पोलो टीम ने महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह की लीडरशिप में मशहूर एसएमएस गोल्ड वेस में जीत हासिल करते हुए इस सीजन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इस टीम ने एक करीबी मुकाबले वाले फाइनल में कृष्णा पोलो को 6-5.5 से हराकर सीजन का अपना नौवां टाइटल जीता। फाइनल एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों टीमों ने चकर्स पर एक-दूसरे के साथ मोमेंटम बदला। जयपुर ने अच्छी शुरुआत की, पहले चकर के आखिर में शुरुआती अटैकिंग प्रेशर के जरिए 2-1.5 की लीड हासिल की। कृष्णा पोलो ने दूसरे चकर में जवाब दिया, जिसमें विशाल सिंह राठौर ने लीड करते हुए अपनी टीम को हाफटाइम तक 3.5-3 की मामूली बढ़त दिलाई। जयपुर ने तीसरे चकर में गियर बदलते हुए पजेशन वापस पा लिया और स्कोरिंग के मौकों का फायदा उठाया। एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने क्लिनिकल फिनिशिंग के साथ अटैक को लीड किया, जिससे टीम 5-3.5 से आगे हो गई। कृष्णा पोलो ने आखिरी चकर में विशाल सिंह राठौर और सिद्धांत सिंह के गोल की मदद से कड़ी चुनौती दी। हालांकि, जयपुर ने आखिरी स्टेज में भी अपना डिफेंस बनाए रखा और गेम को अच्छे से मैनेज करते हुए 6-5.5 से जीत हासिल की और एसएमएस गोल्ड वेस जीता।

## एएफसी महिला एशियन कप में चीनी ताइपे के खिलाफ 'फाइनल' के लिए तैयार भारत

**एजेंसी । सिडनी**

भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के ग्रुप-सी के अपने तीसरे और अंतिम मुकाबले में चीनी ताइपे से भिड़ने के लिए तैयार है। यह मैच 10 मार्च को सिडनी के वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे स्थान पर है। टीम को वियतनाम के खिलाफ 1-2 और जापान के खिलाफ 0-11 से हार का सामना करना पड़ा। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, ब्लू टाइग्रेस के पास अभी भी क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने का मौका है। इसके लिए भारत को चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही जापान को वियतनाम के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। एक गोल के अंतर से जीत भी भारत के लिए पर्याप्त हो सकती है, बशर्ते सोमवार को बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान के बीच खेला गया मैच ड्रॉ पर खत्म हो। तीनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। भारत की मुख्य कोच अमेलिया वालवर्डे ने पिछले दो मैचों के परिणामों को पीछे छोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## प्रियंका गोस्वामी ने रेस वॉक में बनाई भारत की मजबूत पहचान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



रेस वॉक एक ऐसी ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता है जिसमें धावक दौड़ने के बजाय बहुत तेजी से पैदल चलते हैं। इस खेल में भारत की प्रियंका गोस्वामी ने बड़ा नाम बनाया है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को पदक दिलाया है। प्रियंका गोस्वामी का जन्म 10 मार्च 1996 को मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। एक निम्न-मध्यवर्गीय परिवार से होने के कारण उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा। एथलेटिक्स में आने से पहले गोस्वामी ने कुछ महीनों तक स्कूल में जिमनास्टिक की प्रैक्टिस की। वह दौड़ने की तरफ भी इसलिए आकर्षित हुईं क्योंकि सफल धावक को इनाम के तौर पर बैग मिलते थे। प्रियंका ने 2017 में इंडियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप का खिताब जीता था। फरवरी 2021 में, उन्होंने 20 किमी की रेस में इंडियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप जीती, जिसमें उन्होंने 1:28.45 का नया इंडियन रिकॉर्ड बनाया, और 2020 समर ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाई किया। गोस्वामी ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। टोक्यो में वह 17वें, जबकि पेरिस में 41वें स्थान पर रही थीं। प्रियंका गोस्वामी ने 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 किलोमीटर 'रेस वॉक' में रजत पदक जीता था। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली वह पहली भारतीय महिला एथलीट बनीं थीं। 2023 में बैंकॉक में हुए 20 किलोमीटर वॉक में रजत पदक जीता था, जबकि विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 2021 में 20 किलोमीटर वॉक में कांस्य पदक जीता था। 2025 में इंसब्रुक में आयोजित ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में भारतीय रेसवॉकरों ने सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसमें प्रियंका गोस्वामी ने 47:54 के समय के साथ महिलाओं की 10 किमी दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। प्रियंका ने स्लोवाकिया के डुडिंस्का 50 में महिलाओं की 35 किमी रेस वॉक में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के दूसरे दिन राधामणि और साहिल की जीत

**बैंकॉक ।** इंडियन यूथ बॉक्सिंग टीम ने बैंकॉक में वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना कैंपेन जारी रखा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मिले-जुले नतीजे देखने को मिले, जिसमें राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। राधामणि लोंगजाम ने महिलाओं की 57 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) से अपनी उज्बेकिस्तान की प्रतिद्वंद्वी को हराया। पुरुषों के डिवीजन में, साहिल दुहान (60 किलोग्राम) ने तुर्कमेनिस्तान पर 5-0 के एकमत फैसले से शानदार जीत के साथ अपना शानदार परफॉर्मेंस जारी रखा। इस बीच, उधम सिंह (55 किलोग्राम) ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक करीबी मुकाबले में जापान से 3-2 से हार गए। 8 से 15 मार्च तक बैंकॉक में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में दुनिया भर के कुछ सबसे होनहार युवा बॉक्सर यूथ ओलंपिक वेट क्लास में मुकाबला करते हुए कीमती अंतरराष्ट्रीय अनुभव देंगे। भारतीय युवा बॉक्सरों ने पिछले साल बहरीन में हुए तीसरे एशियन यूथ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 7 मेडल जीते थे। इनमें चार गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल था।

## पटना में अस्मिता वीमेंस रोड साइक्लिंग लीग में झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण और तीन रजत पदक

**एजेंसी । नई दिल्ली**




पटना में आयोजित अस्मिता महिला रोड साइक्लिंग लीग – पूर्वी क्षेत्र प्रतियोगिता में झारखंड की महिला साइक्लिस्टों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर कुल 16 अंकों के साथ उपविजेता (रनर-अप) स्थान हासिल किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 7–8 मार्च 2026 को जेपी गंगा पथ, पटना में आयोजित की गई। इसका आयोजन स्पोर्ट्स ऑथोरीटी आफ इंडिया और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से तथा साईकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में साईकलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के सात राज्यों की महिला साइक्लिस्टों ने हिस्सा लिया। कुल 22 अंकों के साथ बिहार ओवरऑल विजेता बना, जबकि झारखंड 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में झारखंड की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। वूमेन लाइट रेसिंग साइकिल वर्ग में राज्य की प्रतिभाशाली साइक्लिस्ट लक्ष्मी कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंडिब्युजअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और रोड रेस में रजत पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। वहीं विमेंस जूनियर इंडियन साइकिल वर्ग में शांति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोड रेस में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा विमेंस सब-जूनियर रेसिंग साइकिल वर्ग में पिंकी कुमारी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इनडिब्यूजल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और रोड रेस में रजत पदक अपने नाम किया। झारखंड की महिला खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से राज्य के खेल जगत में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और खेल अधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस


# वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का भारत पर कोई खास असर नहीं : सीतारमण

**एजेंसी । नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का भारत में महंगाई की दर पर प्रभाव फिलहाल अधिक नहीं माना जा रहा है, क्योंकि देश की महंगाई "निम्नतम सीमा" के करीब है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की कीमत पिछले एक वर्ष से लगातार गिर रही थी, जब तक 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संघर्ष शुरू नहीं हुए थे। सीतारमण ने कहा, "फरवरी के अंत से लेकर 2 मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत (भारतीय बास्केट) 69.01 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में महंगाई अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण होने का अनुमान नहीं है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हो रही है। अब यह युद्ध मध्य पूर्व क्षेत्र में भी फैल गया है, क्योंकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरबीआई की अक्टूबर 2025 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि यदि कच्चे तेल की कीमतें आधारभूत अनुमानों से 10 प्रतिशत अधिक होती हैं, और घरेलू कीमतों पर इसका पूरा प्रभाव पड़ता है, तो महंगाई 30 आधार अंक तक बढ़ सकती है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर मध्यम अवधि का प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें विनिमय दर में उतार-चढ़ाव, वैश्विक मांग और आपूर्ति की स्थिति, मौद्रिक नीति का संचरण, सामान्य मुद्रास्फीति की स्थिति और अप्रत्यक्ष प्रभाव की सीमा शामिल हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई औसत खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई) 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.6 प्रतिशत और 2025-26 (अप्रैल-जनवरी) में और घटकर 1.8 प्रतिशत हो गई।

## कच्चे तेल में तेजी से धड़ाम हुए एविएशन स्टॉक्स, स्पाइसजेट 6.5 प्रतिशत से अधिक फिसला




**मुंबई ।** कच्चे तेल में तेजी के कारण सोमवार को एविएशन शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली और इंडिगो एवं स्पाइटजेट के शेयर करीब 6.5 प्रतिशत तक फिसल गए। कारोबारी सत्र के अंत में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो, जो कि इंटरग्लोबल एविएशन नाम से लिस्टेड है, के शेयर 3.47 प्रतिशत गिरकर 4,251.20 रुपए पर बंद हुए। दिन के दौरान शेयर ने 4,255 का उच्चतम स्तर और 4,035 का न्यूनतम स्तर छुआ। वहीं, स्पाइसजेट का शेयर 6.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.07 रुपए पर बंद हुआ। दिन के दौरान शेयर ने 13.40 का उच्चतम स्तर और 12.85 का न्यूनतम स्तर छुआ। एनएसई पर एसएमई श्रेणी में लिस्टेड फ्लाईएसबीएस एविएशन के शेयर लगभग 5 प्रतिशत गिरकर 433.35 रुपए पर बंद हुए। इसके विपरीत, निजी हेलीकॉप्टर ऑपरेटर ग्लोबल वेक्ट्रा हेलीकॉर्प के शेयर बीएसई पर बढ़कर 158 रुपए पर बंद हुए।

## आरबीआई स्विच ऑक्शन में सरकार ने खरीदी 6,309 करोड़ रुकी जी-सिक्योरिटीज

**एजेंसी । मुंबई**

सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित एक स्विच ऑक्शन के माध्यम से 6,309 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सिक्योरिटीज) को वापस खरीद लिया है, इससे निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बांडों को लंबी अवधि की प्रतिभूतियों से बदल दिया गया है ताकि अपने पुनर्भुगतान दायित्वों को अधिक सुचारू रूप से प्रबंधित किया जा सके। सरकारी प्रतिभूतियां, जिन्हें आमतौर पर जी-सिक्योरिटीज के नाम से जाना जाता है, सरकार द्वारा धन जुटाने के लिए जारी किए गए ऋण साधन हैं। ये साधन कम जोखिम वाले माने जाते हैं क्योंकि इन्हें सरकार की गारंटी प्राप्त होती है और ये आमतौर पर निवेशकों को निश्चित रिटर्न प्रदान करते हैं। नीलामी के दौरान खरीदे गए बॉन्ड अगले वित्तीय वर्ष में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा थे।

## भू-राजनीतिक तनावों के बीच साइबर सुरक्षा को मजबूत करें कंपनियां : नैसकॉम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईटी इंडस्ट्री के बड़े निकायों में से एक नैसकॉम ने सोमवार को सदस्य कंपनियों को एक सलाह जारी करते हुए मध्य पूर्व में विकसित हो रही भू-राजनीतिक स्थिति के चलते साइबर सुरक्षा ढांचे में सतर्कता बढ़ने और परिचालन को मजबूत करने के लिए कहा। नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक गतिविधियां स्थिर बनी हुई हैं, कंपनियां स्थिति बिगड़ने की स्थिति में संभावित व्यवधानों को कम करने के लिए आकस्मिक योजनाओं की समीक्षा कर रही हैं और लचीलेपन के उपायों को मजबूत कर रही हैं। वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित देशों से जुड़े अपने परिचालनों के लिए व्यावसायिक निरंतरता योजनाओं को सक्रिय करना या उनकी समीक्षा करना शुरू कर दिया है। संगठन कर्मचारियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं, प्रभावित क्षेत्रों में स्थित कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की व्यवस्था कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर हो रहे घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## सेंसेक्स 1352 अंक गिरकर बंद, निवेशकों के 8 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी । मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,566.16 और निफ्टी 422.40 अंक या 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,028.05 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का नेतृत्व ऑटो और बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो 4.10 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक 3.97 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल 2.81 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक 2.78 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 2.60 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 2.39 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.37 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 2.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी आईटी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,127.85 अंक या 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,265.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 366.70 अंक या 2.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,132.20 पर था। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाले इंडिया विक्स में भी सत्र के दौरान उछाल देखा गया और यह 17.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 23.36 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एमएंडएम, एसबीआई, इंडिगो, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, पावर ग्रिड और बजाज फाइनेंस लूजर्स थे।

## हेलोजन लाइट नहीं जलने से भीमबराज पुल की रौनक फीकी



- पर्यटकों में मायूसी, बिजली या डीजल उपलब्ध कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज पुल पर लगाए गए हेलोजन बल्ब लंबे समय से नहीं जलने के कारण पुल की रात्रिकालीन रौनक फीकी पड़ गई है। इससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों में मायूसी देखी जा रही है।
बताया गया कि कंट्रोल रूम के जेनरेटर से पुल के खंभों पर लगे हेलोजन बल्ब जलाए जाते थे, लेकिन डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण अब लाइटें बंद पड़ी हैं। इसके कारण रात में इस पुल से आवागमन करना भी जोखिम भरा हो गया है।
पहले शाम होते ही पुल की रोशनी दूर से ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करती थी और पर्यटक स्थल भीमचूल्हा से इसका नजारा देखने के लिए सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते थे।
स्थानीय लोगों ने जल संसाधन एवं पर्यटन विभाग से मांग की है कि भीमबराज पुल की रोशनी बहाल की जाए। इसके लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने या जेनरेटर के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने की जरूरत बताई गई है।

## पर्वतीय निरीक्षण भवन के दिन बहुरने की नहीं पूरी हुई उम्मीद

- सांसद वीडी राम ने इसका कायाकल्प कराने की दिशा में पहल की थी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** भीमबराज और मुख्य नहर निर्माण के प्रारंभिक काल में भौराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए (अब खंडहर) निरीक्षण भवन के दिन बहुरने की उम्मीद अबतक पूरी नहीं हुई है। जबकि इसकी दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर सांसद वीडी राम ने इसका कायाकल्प कराने की दिशा में पहल की थी। इससे लोगों को इसके दिन बहुरने और गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना की उम्मीद जगी थी। जानकर बताते हैं कि जब यह पर्वतीय निरीक्षण भवन बना था, तब मंत्री, विधायक और शीर्ष स्तर के अभियंताओं के विश्राम की यह पसंदीदा जगह बनी रही थी। इस जगह विश्राम के साथ ही यहां की हजारों फीट ऊंचाई से दूरदराज के प्राकृतिक सौंदर्य का नयनाभिराम नजारा देखा जा सकता है। यही वजह है कि खंडहर में तब्दील होने के बाद भी पिकनिक टाइम पर यह जगह भी सैलानियों की पसंद में शामिल होता है। लोगों का मानना है कि इसका कायाकल्प हो जाने से पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के कोरिडोर में यह भी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में शामिल हो जाएगी। साथ ही इसका गौरवशाली अतीत लौट आएगा।

### विशेष प्रकार की ईंट से 7 लाख की लागत से बना था

इसका निर्माण 80 के दशक में शमीम हैदर नामक ठेकेदार ने 7 लाख के टेंडर में सीमेंट से बनी विशेष प्रकार की ईंटों से करवाया था। हालांकि आज के समय में ऐसी ही ईंटों का प्रचलन शुरू हो गया है। करीब तीन हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भवन तक घुमावदार रास्ते से वाहनों या पांव पैदल पहुंचना रोमांचक लगता है। वैसे, पहुंच पथ भी पहले जैसी नहीं रह गई है। इसकी 10 कमरों की खंडहरनुमा बिल्डिंग को देखने से यह कहावत चरितार्थ होती है कि खंडहर बताती है कि इमारत कभी कितना बुलंद थी।

### पूर्व डीसी ने किया था भ्रमण

पलामू से स्थानांतरण से पूर्व तत्कालीन उपायुक्त शशिरंजन ने पैदल चलकर इसका मुआयना किया था। तब उनके साथ मौजूद जिले के नामचीन फोटोग्राफर, अभिनेता और निर्देशक सैकत ने बताया था कि उपायुक्त ने नया कैमरा लिया था। जिससे उन्होंने पर्यटक स्थल भीमचूल्हा और पर्वतीय निरीक्षण भवन तक पहुंचकर फोटोग्राफी की शुरूआत की थी। इसके बाद दूसरे उपायुक्त शशिरंजन ने भी अन्य अधिकारियों के साथ अवलोकन किया था। तब पर्यटन संवर्धन परिषद के माध्यम से इसके कायाकल्प कराने की बात सामने आई थी। बावजूद इसके अबतक इस खंडरहनुमा पर्वतीय निरीक्षण भवन की स्थिति यथावत है।

## दो बाइक की जोरदार टक्कर में शिक्षिका व युवक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** चिनियां मुख्यालय स्थित चिनियां-गढ़वा मुख्य सड़क पर सोमवार दोपहर क एक भीषण सड़क हादसा हो गया। देवेंद्र विश्वकर्मा के घर के पास दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि एक युवक भी जख्मी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला शिवपूजनी देवी (35 वर्ष), पति अजय सिंह, चिनीयां स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कंप्यूटर टीचर के रूप में कार्यरत हैं। बताया जाता है कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग भी हैं। सोमवार को उनके पति अजय सिंह उन्हें अपने हीरो होंडा पैशन प्रो मोटरसाइकिल से किसी काम से चिनिया ब्लॉक की ओर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे डोल गांव निवासी राहुल कुमार रवि ने भी अपनी पैशन प्रो बाइक से ओवरटेक किया और अचानक आगे जाकर बाइक धीमी कर दी। अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे से आ रही अजय सिंह की बाइक उससे जा टकराई।

### रंका मनरेगा कर्मचारियों की हड़ताल की घोषणा, चेतावनी

# 9-11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल 12 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका (गढ़वा)।** सोमवार तीन बजे दिन में राजा राम पांडेय ने बतलाए की गढ़वा जिले के मनरेगा कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। यह निर्णय झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ और गढ़वा जिला मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी कई पुरानी मांगें अब तक लंबित हैं और इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कर्मचारियों की मांगों को लेकर पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था। विशेष रूप से 26 फरवरी 2026 को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रदेश समिति तथा 6 मार्च 2026 को जिला इकाई द्वारा पत्र भेजकर समस्याओं और मांगों पर ध्यान देने की अपील की गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी के विरोध में मनरेगा कर्मचारी रंका 9 मार्च 2026 से 11 मार्च 2026 तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान वे अपने कार्यों का बहिष्कार करते हुए सरकार और प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि यदि इस अवधि में उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे 12 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

संघ के प्रतिनिधियों के अनुसार, गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में कार्यरत मनरेगा कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे। इससे मनरेगा से जुड़े कई विकास कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन को इस संबंध में पहले ही सूचना दे दी है और उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही उनकी मांगों पर विचार कर उचित निर्णय लेगी, ताकि हड़ताल की स्थिति न बने। पत्र के माध्यम से यह सूचना रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को भी दी गई है। इस मौके पर उपस्थित राजा राम पांडेय, राजीव रंजन, दयाशंकर सिंह, पप्रमोद तिर्की, थियोडोर कक्षप, उमेश पाल, अर्पन बखला, सिकेंदर केरकेट्टा, सतेंद्र दास, शशी सोनी, सुनील फ़सााद, मोहम्मद हासीम अंसारी, अमजद आलम मौजूद रहें।

### मनरेगा कर्मियों का 3 दिवसीय हड़ताल शुरू

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर हुसैनाबाद मनरेगा कर्मियों ने लंबित वेतन भुक्तान को लेकर सोमवार से प्रखंड कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय राम ने कहा की पिछले कई माह से लंबित मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण मनरेगा कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसी मांगो को लेकर संघ के प्रदेश कमिटी के निर्णयानुसार 9-11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल शुरू की गयी है। अगर इस अवधि तक हमारी मांगों पर सरकार द्वारा कोई साकारात्मक पहल यह आश्वासन नहीं मिलता है , तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

### पांच रुपए के पुराने नोट के बदले 40 लाख का झांसा

## मजदूर से साइबर ठगी कर उड़ा लिए 25 हजार रुपए

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा साइबर ठगी के शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने 5 रूपए के पुराने नोट के बदले 40 लाख रुपये दिलाने का झांसा देकर उनसे करीब 25 हजार की ठगी कर ली। भुक्तभोगी राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि वह मोबाइल फोन पर वीडियो देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें ट्रैक्टर की तस्वीर वाले 5 के पुराने नोट के बदले 20 लाख रुपये देने की बात कही गई थी। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन करने पर उनकी बात मनोज कुमार नामक व्यक्ति से हुई। उसने बताया कि 5 के एक पुराने नोट के बदले 20 लाख रुपये मिलेंगे। राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पास ऐसे दो पुराने नोट थे। 40 लाख रुपये मिलने के लालच में उन्होंने अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर और बैंक पासबुक की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से साझा कर दी। इसके बाद साइबर अपराधियों ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 300रू , ग्रीन राशन कार्ड बनाने के नाम पर 7150 रू, एवं फ्लाइट टिकट बुकिंग के नाम पर 7300 रू तथा जीएसटी के नाम पर 10,000 रुपये जमा करवा लिए। इतना ही नहीं, पैसे नहीं देने पर अपराधियों ने जुर्माना लगाने और जेल भिजवाने की धमकी भी दी। बाद में साइबर ठगो ने 5100 रुपये और देने की मांग की, लेकिन भुक्तभोगी ने पैसा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद अपराधी गाली-गलौज करने लगे।

राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने मजदूरी कर यह पैसा इकट्ठा किया था, लेकिन साइबर ठगी के कारण उनकी मेहनत की कमाई चली गई। घटना के बाद वह और उनका परिवार काफी निराश हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। इधर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने लोगों से साइबर ठगी से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर अपना आधार नंबर, बैंक पासबुक या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहें।

## चंपा घाटी में ब्रेक फेल होने से बोलेरो दुर्घटना में सात घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चंपा घाटी में सोमवार को एक बोलेरो वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सात लोग घायल हो गए। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर JH05D4861 बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार सभी लोग कुसमी से चम्पा भगत सुरेश के पास इलाज के लिए आए थे। वहां से लौटकर वे महुआडांड़ आ रहे थे। इसी दौरान चम्पा घाटी में अचानक वाहन का ब्रेक फेल हो गया, जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई। वाहन चालक अंकित कश्यप ने बताया कि घाटी में उतरते समय अचानक ब्रेक फेल हो गया, जिसके कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रह सका और दुर्घटना हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। दुर्घटना में अशोक रवनी (हाथ फ्रैक्चर), बिन्दाया राम (छाती में चोट), विनोद राम, राजकुमार कच्छप, गीता नागेसिया, बंसती कच्छप और चन्दावती देवी घायल हो गए। सभी का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। वहीं तीन गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## जेएमएम में शामिल हुए नपं के पूर्व प्रत्याशी पवन चौधरी



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के जेएमएम कार्यालय में नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी पवन चौधरी अपने समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ली।जेएमएम किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी के विचारों से जोड़ा। मौके पर बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो ने नगर निकाय चुनाव में भाजपा के दबदबे को चुनौती दी है और गरीब, आदिवासी, दलित के अधिकारों की लड़ाई जारी रखी है। उन्होंने कहा कि झामुमो की विचारधारा पर चलें और नए लोगों से इस विचारधारा से जोड़े। इसके उपरांत मेदिनीनगर में भी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा व पार्टी के कई अन्य नेताओं ने पवन चौधरी को पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई।

### नारी जागृति संघ के बैनर तले महिला दिवस कार्यक्रम

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड के जिला परिषद डाकबंगला में सोमवार 9 मार्च को महुआडांड़ नारी जागृति संघ के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष अजिता तिग्गा ने की। कार्यक्रम में महिला जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं की ओर से संगोष्ठी, नाटक मंचन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी जागृति संघ की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को तौलिया ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज भी महिलाओं के सामने कई तरह की चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए महिलाओं को एकजुट होकर सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। एकता और सामूहिक शक्ति के बल पर महिलाएं हर चुनौती को पार कर सकती हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला, स्त्री, नारी या औरत — नाम चाहे जो भी हो, मां, बहन, बेटी या पत्नी के रूप में हर महिला सम्मान की हकदार है। उन्होंने कहा कि महिलाएं चाहे शिक्षक, वकील, डॉक्टर, पत्रकार, सैनिक, सरकारी कर्मी या इंजीनियर जैसे किसी भी पेशे में हों या गृहिणी के रूप में परिवार का दायित्व निभा रही हों, उन्हें समान अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में महिला वक्ताओं ने महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया। इस दौरान महिलाओं ने "मांगे से ना मिले अधिकार, सजग हो जाओ बहनों" गीत की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने जिला परिषद डाकबंगला से शास्त्री चौक, बस स्टैंड होते हुए रामपुर चौक और बिरसा चौक तक जागरूकता रैली निकाली। बिरसा चौक पर माल्यार्पण करने के बाद रैली पुनः डाकबंगला पहुंचकर समाप्त हुई। यह जुलूस नारी जागृति संघ महुआडांड़ के नेतृत्व में निकाला गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं के बीच चूड़ा-गुड़ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य एस्टेला नगेशिया, प्रमुख कंचन कुजूर, आई केयर की डॉ. संजू कुमारी, नारी जागृति संघ की सचिव ग्रेस तिग्गा, कोषाध्यक्ष निर्मला टोप्पो, सदस्य फ्रीदा कुजूर, कांता एक्का , राधिका प्रसाद,सहित आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया और विभिन्न गांवों से आई बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### आंदोलन की चेतावनी — भारतमाला परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# रास्ता बंद होने से 250 घरों का संपर्क टूटने का खतरा

- परियोजना के तहत अधिक जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के पचमो गांव में भारतमाला परियोजना को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने परियोजना के तहत रास्ता बंद करने और विभागीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उनकी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया और अब परियोजना के तहत मनमाने तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके कारण गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार, उनके गांव का मुख्य बाजार पाण्डेयपुरा है और वहां जाने के लिए जो निकटतम रास्ता है, उसे भारतमाला परियोजना के तहत बंद किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि यह रास्ता बंद हो जाता है तो पाण्डेयपुरा से गांव का सीधा संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा। ऐसे में लगभग 250 घरों के लोगों को बाजार जाने के लिए करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे बच्चों के स्कूल जाने, महिलाओं के रोजमर्रा के कार्य, बाजार आने-जाने और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जिस सड़क के लिए जगह छोड़े जाने की बात कही जा रही है, उसके निर्माण की स्वीकृति पहले ही सरकारी योजनाओं के तहत मिल चुकी है। इसके बावजूद परियोजना के तहत अधिक जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर उपायुक्त कार्यालय चतरा और हंटरगंज थाना में आवेदन भी दिया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो वे धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है और बाहरी मजदूरों से काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भारतमाला परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग की है।

## पेज एक के शेष

### आईएएस-आईपीएस की...

ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मामले की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

### महिलाओं के बनाए...

महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके और उनका उद्यम आगे बढ़े। इसी सोच के साथ उद्योग विभाग और जेएसएलपीएस माध्यम से 'पलाश' ब्रांड की स्थापना की गई। यह पहल मुख्यमंत्री के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य है। आज जेएसएलपीएस से जुड़ी लाखों महिलाएँ सखी मंडलों के माध्यम से न केवल आजीविका कमा रही हैं, बल्कि अपने कौशल, मेहनत और नवाचार के दम पर नए उद्यम खड़े कर रही हैं। पलाश ब्रांड के तहत झारखंड के हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य उत्पाद और वन आधारित उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं।

### अब 25 दिन...

उन्होंने कहा कि सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर कड़ी नजर रख रही है, लेकिन फिलहाल खुदरा ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। इसके अतिरिक्त, केंद्र ने सोमवार को संसद को सूचित किया गया कि भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण की कुल 74 दिनों की क्षमता है, जो भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में आपूर्ति में होने वाली रुकावटों से निपटने में सहायक हो सकती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा को लिखित उत्तर में बताया, "सरकार ने 5.33 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कुल क्षमता वाली रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार सुविधाएं स्थापित की हैं, जो भू-राजनीतिक संघर्ष जैसे अल्पकालिक आपूर्ति संकटों के लिए एक बफर के रूप में कार्य कर सकती हैं। यह लगभग 9.5 दिनों की कच्चे तेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए है। इसके अतिरिक्त, देश में तेल विपणन कंपनियों के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण की 64.5 दिनों की क्षमता है। इसलिए, कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण की वर्तमान कुल राष्ट्रीय क्षमता 74 दिनों की है।

### होली में सप्लाई...

अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे नियमित 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर की बुकिंग कम से कम 25 दिन पहले कर लें। बुकिंग के बाद दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कमी से जुड़ी खबरों पर उपाायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने संज्ञान लिया था।उपायुक्त के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत की अध्यक्षता में सोमवार को ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई थी। बैठक में आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक (एलपीजी सेल्स), सीएससी के जिला नोडल अधिकारी तथा रांची जिले की सभी गैस एजेंसियों के प्रोप्राइटर शामिल हुए। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची रामगोपाल पांडेय भी उपस्थित रहे।

### 4 जैप जवान...

पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ को मामले की जांच की जिम्मेवारी सौंपी। जिसके बाद उन्होंने एसपी को विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपा।
**एसपी पहुंचे छिन्नमस्तिके मंदिर :** एसपी अजय कुमार मंदिर प्रक्षेत्र पहुंचे । वहां पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को हिदायत दी गई है कि मंदिर में पूजा के लिए आनेवाले श्रद्धालुओं से उचित व्यवहार किया जाए। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील किया कि मंदिर में आने के बाद वहां की विधि व्यवस्था का पालन कर पूजा अर्चना करें और पुलिस को सहयोग दें। एसपी ने कहा कि पुलिस और श्रद्धालु दोनो एक दूसरे का सहयोग करें ताकि मंदिर में विधि व्यवस्था कायम रखने में मदद मिले। इधर, डीजीपी ने भी मामले पर संज्ञान लिया है। वहीं दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात कही है।

### मुजतबा खामेनेई बने...

असेंबली की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "विशेषज्ञों की असेंबली ने एक अहम वोट से अयातुल्लाह सैय्यद मोजतबा हुसैनी खामेनेई को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का तीसरा नेता नियुक्त किया है। इस पद से मोजतबा को इस्लामिक रिपब्लिक में देश के सभी मामलों में आखिरी फैसला लेने का हक मिल गया है। 56 साल के मोजतबा खामेनेई को लंबे समय से देश के राजनीतिक और धार्मिक संगठन में एक ताकतवर व्यक्ति माना जाता है। हालांकि, वे कभी किसी चुने हुए पद पर नहीं रहे या लीडरशिप के लिए सार्वजनिक रूप से प्रचार नहीं किया। मोजतबा ने दशकों तक पूर्व सुप्रीम लीडर के करीबी लोगों के साथ काम किया है, लेकिन फिर भी वे ज्यादातर लोगों की नजरों से दूर रहे हैं। अपने पिता के पूरे नेतृत्व के दौरान, मोजतबा खामेनेई के बारे में माना जाता था कि वे पर्दे के पीछे, खासकर सुप्रीम लीडर के ऑफिस और कंजर्वेटिव राजनीतिक नेटवर्क में काफी असर रखते थे। बता दें, ईरान के अगले सुप्रीम लीडर के चुनाव की रेस में कई लोगों का नाम सामने आया। हालांकि, मोजतबा के नाम को लेकर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद से ही चर्चा हो रही थी, लेकिन बाद में इस रेस में कई अन्य नाम भी आए। मोजतबा के अलावा, इस रेस में आयतुल्लाह सैय्यद मोहम्मद मेहदी मीर बाघेरी, हसन खुमैनी, गोलाम-होसैन मोहसिनी-एजे'ई, और अयातुल्लाह अली रेजा अराफी का नाम रेस में था।

### भारत यूरोपीय संघ...

फ्रांस ने भारत के साथ अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा दिया है। वहीं जर्मनी भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इटली ने 2025 से 2029 के लिए संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना जारी की है, जबकि फिनलैंड ने 2026 की शुरुआत में उच्च स्तर की बैठकों के जरिए भारत के साथ अपने संबंध और मजबूत किए हैं।

### सीएम ने राज्यपाल..

जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities


❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को दी बधाई

एजेंसी । मास्को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को उनके पद संभालने पर बधाई दी है। यह जानकारी क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया कि रूस ईरान का "विश्वसनीय साझेदार" रहा है और आगे भी तेहरान के साथ खड़ा रहेगा। यह संदेश ऐसे समय आया है जब मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है और ईरान क्षेत्रीय संघर्षों के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी संदेश में पुतिन ने कहा कि ईरान जिस कठिन दौर से गुजर रहा है, उसमें सर्वोच्च नेता का पद संभालना साहस और दृढ़ता की मांग करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएंगे और कठिन परिस्थितियों में ईरानी जनता को एकजुट रखेंगे। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस तेहरान के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को जारी रखेगा और सहयोग बनाए रखेगा। व्लादिमीर पुतिन ने अपने बधाई संदेश में ईरान को पूरी हिम्मत से हमलों का सामना करने की सलाह दी। संदेश के मुताबिक, "अब जब ईरान हथियारों से हमला झेल रहा है, तो जिस पद पर आप हैं उसके लिए आपको बेशक बहुत हिम्मत और कुर्बानी की जरूरत होगी। मोजतबा खामेनेई को हाल ही में ईरान के शक्तिशाली धार्मिक निकाय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने देश का नया सर्वोच्च नेता चुना है।


## यूएई का दावा : ईरान की 12 बैलिस्टिक मिसाइलें और 17 ड्रोन मार गिराए

**अबू धाबी** । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान की ओर से दागी गई कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया। मंत्रालय के मुताबिक सोमवार को किए गए हमले में कुल 15 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला, जिनमें से 12 को इंटरसेप्ट कर मार गिराया गया, जबकि तीन मिसाइलें समुद्र में गिर गईं और किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि मिसाइलों के साथ-साथ ड्रोन के जरिए भी हमला किया गया था। अधिकारियों के अनुसार कुल 18 ड्रोन देखे गए, जिनमें से 17 को वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया, जबकि एक ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात के क्षेत्र में गिर गया। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है।

यूएई का कहना है कि देश की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह सतर्क है और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा एजेंसियां हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा लगातार बना हुआ है।

ईरान का दावा

## ट्रंप को युद्ध के लिए उकसाया गया विदेश मंत्री अराघची ने कहा



**तेल अवीव/तेहरान** । ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजराइल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजराइल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं।

# कच्चे तेल में उबाल, रुपया में गिरावट पर, शेयर बाजार में भारी बिकवाली

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर भी दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, रुपए की ऐतिहासिक गिरावट और शेयर बाजार में भारी गिरावट ने निवेशकों और सरकार दोनों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को बाजार में बड़ी बिकवाली से निवेशकों की संपत्ति में करीब 12 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। बड़ा झटका शेयर बाजार को लगा। दिनभर की ट्रेडिंग में सेंसेक्स करीब 2400 अंक तक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग 3 प्रतिशत गिरकर 24,028 के आसपास पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में दोनों सूचकांक निचले स्तर से थोड़ा संभल गए। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका से जुड़े तनाव के कारण निवेशकों में डर बढ़ा है। विदेशी निवेशक तेजी से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश जैसे डॉलर की ओर जा रहे हैं, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ गया है।इस संकट की जड़ कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। युद्ध की आशंका से वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 117 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, जो कुछ ही समय में लगभग 50 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्शाता है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि देश अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। खास चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है, जहां से भारत के लिए रोजाना लाखों बैरल तेल गुजरता है। अगर यहां आपूर्ति बाधित होती है तो कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।तेल महंगा होने का सीधा असर रुपए पर भी पड़ा है। आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपया गिरकर 92.33 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। कमजोर रुपये से आयात बिल बढ़ने और चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका भी पैदा हो गई है।महंगे तेल से परिवहन, विमानन, लॉजिस्टिक्स और उद्योगों की लागत बढ़ सकती है, जिससे आने वाले समय में महंगाई पर दबाव बन सकता है। हालांकि सरकार का कहना है कि फिलहाल इसका खास असर नहीं है महंगाई को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी।राहत की बात यह है कि भारत के पास लगभग 25 करोड़ बैरल का रणनीतिक तेल भंडार है, जो करीब सात–आठ सप्ताह की जरूरत पूरी कर सकता है। साथ ही भारत अब पहले की तुलना में अधिक देशों से तेल आयात कर रहा है। फिर भी यदि पश्चिम एशिया का संकट लंबा खींचता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

## मुफ्ती पहुंची ईरानी दूतावास, सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जताया दुख



एजेंसी । नई दिल्ली

जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेकेपीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती सोमवार को ईरानी दूतावास पहुंचीं। उन्होंने दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी। इनसे पहले जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के सांसदों ने भी पहुंचकर शोक जताया। मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। बताया कि बडगाम के विधायक आगा सैयद मुंतजिर मेहदी के साथ ईरानी राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात की। गमगीन माहौल और अनिश्चितता के बावजूद हम उनके स्टाफ की गर्मजोशी और शालीनता से प्रभावित हुए। यह वास्तव में ईरान के लोगों के लचीलेपन का एक शक्तिशाली प्रमाण है। उनसे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और गुरविंदर सिंह ओबेरॉय ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास पहुंचकर खामेनेई की शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।

## दिल्ली से मैनचेस्टर की इंडिगो फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी

**नई दिल्ली** । दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 7 घंटे उड़ने के बाद वापस लौट आई। इंडिगो के एक अधिकारी ने बताया कि फ़्लाइट 6E33 ने इथियोपिया और इरिट्रिया के बॉर्डर के पास यू-टर्न लिया और अब दिल्ली वापस आ गई। अधिकारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से आखिरी मिनट में एयरस्पेस पर रोक लग गई। जिसके बाद पायलट को बीच रास्ते से लौटने का फैसला लेना पड़ा। यह एयरक्राफ्ट सोमवार सुबह दिल्ली से यूनाइटेड किंगडम के शहर के लिए निकला था। ये 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट थी। वहीं, एयरस्पेस बंद होने के कारण इंडिगो की लंदन से मुंबई जा रही फ्लाइट को भी मिस्र के काहिरा की तरफ डायवर्ट कर दिया गया।

मध्य पूर्व संकट

## ईरान में भारतीय दूतावास की अपील, 'लैंड बॉर्डर से दूर रहें, सतर्कता बरतें'



**तेहरान** । अमेरिका और इजरायल के ईरान पर संयुक्त सैन्य हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने सोमवार को एक बार फिर ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर घरों में रहने की अपील की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह देते हुए नए दिशा निर्देश जारी किए। अपना ख्याल रखने, अनावश्यक यात्रा से बचने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। यह एडवाइजरी मुख्य रूप से भारतीयों को ईरान की भूमि सीमाओं से बाहर यात्रा करने से पहले दूतावास से समन्वय करने की सलाह देती है। भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे ईरान की किसी भी सीमा (लैंड बॉर्डर) पर बिना दूतावास से पूर्व समन्वय के बाहर जाने का प्रयास न करें।

# 10 मार्च को प्रतिभूतियों की नीलामी से 45960 करोड़ रुपए जुटाएंगे राज्य

किसमें निवेश से बेहतर रिटर्न- सरकारी बांड या साख वाली कंपनियों के बांड या शेयर बाजार से ?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में राज्यों के वित्तीय संतुलन के लिए समय-समय पर बाजार से उधार लिया जाता है। इसी क्रम में रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने घोषणा की है कि कई राज्य सरकारें 10 मार्च 2026 को होने वाली राज्य विकास ऋण की नीलामी के माध्यम से कुल 45960 करोड़ रुपए जुटाने जा रही हैं। यह पूरी प्रक्रिया आरबीआई के इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म ई-कुबेर पर संचालित की जाएगी, जहां निवेशक ऑनलाइन बोली लगाकर इन प्रतिभूतियों में निवेश कर सकेंगे।मालूम हो कि राज्य सरकारें अपने विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे और सामाजिक योजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने हेतु समय-समय पर राज्य सरकारी प्रतिभूतियां जारी करती हैं। इस बार की नीलामी में अलग-अलग अवधि वाले बॉन्ड जारी किए जाएंगे, जिनमें कुछ नई प्रतिभूतियां होंगी तो कुछ पहले से जारी बॉन्ड का पुनः निर्गमन भी शामिल रहेगा। इन प्रतिभूतियों की परिपक्वता अवधि लगभग 4 वर्ष से लेकर 23 वर्ष तक रखी गई है, जिससे अलग-अलग प्रकार के निवेशकों को विकल्प मिल सके।इस नीलामी में कई राज्य भाग ले रहे हैं। आंध्र प्रदेश तीन अलग-अलग अवधि की प्रतिभूतियों के जरिए करीब 3000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। वहीं अरुणाचल प्रदेश 20 साल की अवधि के बॉन्ड से लगभग 190 करोड़ रुपए उधार लेगा। असम 15 साल की प्रतिभूति के माध्यम से करीब 900 करोड़ रुपए जुटाएगा, जबकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूति जारी कर लगभग 1000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखता है।
गुजरात लगभग 2000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए दो अलग अवधि की प्रतिभूतियां जारी करेगा, जिनमें अतिरिक्त उधारी का विकल्प भी रखा गया है। हरियाणा 4, 12 और 18 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड के जरिए लगभग 3000 करोड़ रुपए उधार लेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर 15 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूति के माध्यम से लगभग 900 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। इस नीलामी में सबसे बड़ा उधारकर्ता कर्नाटक होगा, जो कुल 10000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। इसके तहत कुछ नई प्रतिभूतियां जारी की जाएंगी, जबकि कुछ पहले से मौजूद बॉन्ड का पुनः निर्गमन भी किया जाएगा। इसके बाद तमिलनाडु लगभग 8000 करोड़ रुपए तथा मध्य प्रदेश लगभग 5800 करोड़ रुपए बाजार से जुटाने की योजना बना रहे हैं।अन्य राज्यों में केरल 23 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड के जरिए 1000 करोड़ रुपए , पंजाब 2000 करोड़ रुपए और उप्र लगभग 3500 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य लेकर नीलामी में हिस्सा लेंगे। इसी तरह प.बंगाल भी लंबी अवधि की प्रतिभूतियों के जरिए लगभग 3500 करोड़ रुपए उधार लेने की योजना बना रहा है। छोटे राज्यों में मिज़ोरम 120 करोड़ रुपए और सिक्किम 250 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी करेंगे, जबकि त्रिपुरा लगभग 800 करोड़ रुपए जुटाएगा।

नीलामी की प्रक्रिया 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच पूरी की जाएगी। प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों प्रकार की बोलियां इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा होंगी। गैर-प्रतिस्पर्धी निवेशकों के लिए बोली लगाने की समय सीमा 10:30 से 11:00 बजे तक निर्धारित की गई है। नीलामी के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल निवेशकों को 11 मार्च 2026 को भुगतान करना होगा। आरबीआई के नियमों के अनुसार हर प्रतिभूति के कुल निर्गम का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा गैर-प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं के लिए सुरक्षित रहेगा। खास बात यह है कि खुदरा निवेशक भी सीधे इसमें भाग ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें आर.बी.आई रिटेल डायरेक्ट प्लेटफार्म के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिससे आम नागरिकों के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का रास्ता और आसान हो गया है। शेयर बाजार , कंपनियों व राज्यों के बांड में बीते कई दशक से निवेश रिटर्न से जो ज़ाहिर होता वह निम्न है-

तुलना-

| निवेश विकल्प | औसत रिटर्न (लंबी अवधि) | जोखिम |
|---|---|---|
| राज्य सरकार बॉन्ड (SDL) | लगभग 6–8% | बहुत कम |
| सरकारी/कॉरपोरेट बॉन्ड | लगभग 7–9% | कम |
| भारतीय शेयर बाजार | लगभग 12–15% | मध्यम |
| मजबूत कंपनियों के शेयर | 15–20% तक (कभी ज्यादा) | अधिक |

# विवादों के बाद भी यूट्यूब पर 'टटीरी' की धूम...

## एआई की मदद से बनाए जा रहे गाने के रीमिक्स



पंजाबी और बॉलीवुड सिंगर रैपर बादशाह लगातार विवादों में बने हुए हैं, क्योंकि उनके हालिया रिलीज गाने 'टटीरी' को लेकर हरियाणा में कई जगहों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। मामले में सिंगर के खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया गया, हालांकि बादशाह सोशल मीडिया के जरिए हरियाणा के लोगों से माफी मांग चुके हैं। सिंगर के गाने को यूट्यूब के सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है, लेकिन फिर भी सोशल मीडिया पर 'टटीरी' गाने की बाढ़ आ चुकी है और अलग-अलग प्लेटफॉर्म और आईडी से गाने को अपलोड किया जा रहा है। दरअसल, बादशाह का गाना 'टटीरी' उनका खुद का ऑरिजनल सॉन्ग नहीं है, बल्कि गाने की बीट और बोल हरियाणा के फोक सॉन्ग से प्रेरित हैं। गाने का ऑरिजनल वर्जन 3 साल पहले रिलीज हुआ था, जिसे फौजी करमबीर और सिमरन जागलान ने अपनी आवाज में गाया था। विवादों में आने के बाद अब यूट्यूब पर ऑरिजनल सॉन्ग की कई वीडियो देखी जा सकती हैं और पुराना गाना तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुछ गानों में बादशाह के गाने में फिल्माए गए सीन को दोहराया गया है और कुछ वीडियो में एआई का इस्तेमाल किया गया है। गाने में बादशाह के लिरिक्स (रैप) का इस्तेमाल नहीं किया गया है, बल्कि सारे ओरिजिनल लिरिक्स का इस्तेमाल किया गया है, बस म्यूजिक को रीमिक्स करते हुए बदलाव किए गए हैं। भले ही बादशाह का गाना 'टटीरी' बैन हो चुका है, लेकिन इस कॉन्ट्रोवर्सी का फायदा ओरिजिनल सॉन्ग को मिल रहा है।

**विवाद के बावजूद ओरिजिनल सॉन्ग को सोशल मीडिया पर जबरदस्त 'बज' मिला**

सिनेमा जगत

# जीवन शैली व खान-पान में में छोटे-छोटे बदलाव करके हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण करें

## भारत में हर तीसरा व्यक्ति है हाई बीपी का शिकार , दवा शुरू करने के पहले कृपया ये कोशिश कर लें

आरपी सिंह

● **नियमित व्यायाम व संतुलित आहार अपनाने वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा 25–30% तक कम पाया गया**

● **हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग समय-समय पर ब्लड प्रेशर जांचें और दवा का नियमित सेवन करें**

**नई दिल्ली।** भारत में हर तीसरा व्यक्ति हाई बीपी का शिकार है । जिसके कारण लगभग हर परिवार में हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन आज स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुका है। इसे अक्सर "साइलेंट किलर" कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। लेकिन अनियंत्रित ब्लड प्रेशर लंबे समय में दिल की बीमारी, स्ट्रोक, किडनी फेलियर और आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू एच ओ) के आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में लगभग 1.3 अरब लोग हाई ब्लड प्रेशर से प्रभावित हैं, लेकिन उनमें से आधे को खुद यह पता नहीं होता।चिकित्सकों कहना है कि दवा के साथ जीवनशैली में बदलाव ब्लड प्रेशरनियंत्रण का सबसे असरदार तरीका है। इसमें खान-पान, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण और तनाव प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण हैं।

ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने के आसान उपाय-

| उपाय | क्या करें | असर/फायदा |
|---|---|---|
| नमक कम करें | रोजाना नमक सीमित रखें; पैकेट और प्रोसेस्ड फूड से बचें | ज्यादा नमक शरीर में पानी जमा करता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है |
| नियमित व्यायाम करें | तेज चलना, योग, साइकिल चलाना, हल्की दौड़ | दिल और रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाता है; सप्ताह में 150 मिनट व्यायाम ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखने में मदद करता है |
| संतुलित आहार अपनाएं | फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, पोटैशियम वाले खाद्य पदार्थ (केला, पालक) | सोडियम के प्रभाव को कम कर रक्तचाप संतुलित करता है |
| तनाव और वजन नियंत्रण | योग, ध्यान, गहरी सांस, पर्याप्त नींद; वजन नियंत्रित रखें | तनाव और अधिक वजन ब्लड प्रेशर बढ़ाते हैं; इन्हें नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है |

विशेषज्ञों के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति का वजन सामान्य से 5–10 किलो अधिक है, तो ब्लड प्रेशर बढ़ने का जोखिम 20–30% तक अधिक हो सकता है। वहीं नियमित व्यायाम और संतुलित आहार अपनाने वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा 25–30% तक कम पाया गया है। इसके अलावा शराब और धूम्रपान से दूरी बनाना भी जरूरी है। पर्याप्त नींद और मानसिक तनाव पर नियंत्रण से रक्तचाप कम रखने में मदद मिलती है। डॉक्टरों की सलाह है कि हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग समय-समय पर ब्लड प्रेशर जांचें और दवा का नियमित सेवन करें। छोटे-छोटे बदलाव—जैसे नमक कम करना, हफ्ते में 5 दिन 30 मिनट व्यायाम करना, फल और सब्जियों को भोजन में शामिल करना—ब्लड प्रेशर नियंत्रण में बड़ा असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये आदतें न केवल हृदय और किडनी की बीमारियों का खतरा घटाती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर बनाती हैं। वजन बढ़ना व हाई ब्लड प्रेशर कोनजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, लेकिन सही जीवनशैली और नियमित निगरानी से इसे पूरी तरह से नियंत्रित रखा जा सकता है।